✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 50 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 16 जुलाई 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com




जनसुराज छोड़कर भाजपा में शामिल हुए बिट्टू सिंह, उनकी पत्नी, केसी सिन्हा, गोपाल सिंह व अन्य नेता

## संक्षिप्त समाचार

### जन सुराज पार्टी के कई नेता भाजपा में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जन सुराज को बड़ा झटका लगा है। पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जनसुराज के कई प्रमुख नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि यह सभी संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। भाजपा में शामिल होने वालों में दीघा विधानसभा से जन सुराज के पूर्व प्रत्याशी बिट्टू सिंह, कुम्हरार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी के.सी. सिन्हा और मनेर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी गोपाल सिंह प्रमुख हैं।

### कुख्यात अपराधी के ठिकानों से 16 लाख कैश बरामद

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** छतौनी थाना क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी स्थित नरेश पांडे के घर कुख्यात अपराधी नरेश पांडे के कई ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की है। इस दौरान 16 लाख रुपए कैश, नेपाली करेंसी, एक नोट गिनने की मशीन, एक लोडेड कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने शराब की बोतलें, सोना-चांदी के गहने और जमीन से जुड़े दो दर्जन से अधिक दस्तावेज भी जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान नरेश पांडे के राइट हैंड उज्जवल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि नरेश पांडे फरार है।

### सरकार की होगी बेतिया राज की 7272 एकड़ से अधिक जमीन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बेतिया राज की गोपालगंज, सारण, सीवान, पटना, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण जिले की करीब 7272 एकड़ जमीन सरकार के अधीन होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि बेतिया राज की संपत्तियों को राज्य में निहित करने संबंधी कार्रवाई की गई। साथ ही 6 जिलों में स्थित बेतिया राज की जमीन के संबंध में अधिसूचनाएं जारी की हैं।

### मुख्यमंत्री ने बिहार में किया 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ

# शिक्षा ही बिहार की समृद्धि का आधार : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को भागलपुर के गोराडीह में नवस्थापित डिग्री कॉलेज, कासिल परिसर से राज्यभर के 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन बिहार के लिए गौरव का दिन है। राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है जिससे प्रत्येक प्रखंड के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय को आधुनिक स्वरूप में पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा लगभग 220 एकड़ भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है तथा अगले एक वर्ष के भीतर विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुज़फ्फरपुर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय तथा भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही बिहार में चार नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि



शिक्षा ही बिहार की समृद्धि का सबसे बड़ा आधार बनेगी और राज्य को ज्ञान एवं नवाचार का केंद्र बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त विक्रमशिला सेतु को 30 नवंबर तक हर हाल में पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा जिससे लाखों लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भागलपुर में लगभग 400 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। यहां उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें रोजगार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने बिहार से बाहर रह रहे लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने राज्य लौटें और बिहार की समृद्धि एवं विकास में सहभागी बनें। राज्य सरकार उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक भूमि, बिजली और पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि हमलोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को साकार करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक एक करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में राशि भेजी जा चुकी है तथा शेष पात्र महिलाओं के खातों में 25 जुलाई को राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना और पर्यटन के क्षेत्र में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुंगेर से भागलपुर तक 83 किलोमीटर लंबी गंगा मरीन ड्राइव का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो पूरा होने के बाद बिहार का प्रमुख आकर्षण बनेगा। सबौर से राजमहल बॉर्डर तक इसका **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

# नए परिसीमन के आधार पर होंगे पंचायत चुनाव

### सम्राट कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव 2026 को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनाव नए परिसीमन के आधार पर कराने की मंजूरी दे दी गई है। सरकार का कहना है कि इससे स्थानीय निकायों में संतुलित प्रतिनिधित्व मिलेगा और विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सकेगा। कैबिनेट के फैसले के अनुसार पंचायत चुनाव के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाएगा। इसी के अनुसार ग्राम पंचायत, वार्ड, पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्रों का गठन और परिसीमन किया जाएगा। भागलपुर में बनने वाले नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम अब अजगैबीनाथ धाम हवाई अड्डा होगा और इसके लिए 3145 एकड़ से ज्यादा जमीन खरीदी जाएगी जिसके लिए सरकार ने 1329 करोड़ से ज्यादा की रकम मंजूर की है। इसके साथ ही राजगीर, रोहतास और कैमूर में भी नए हवाई अड्डे बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। शहरी इलाकों में स्कूल, कॉलेज और कोचिंग जाने वाली छात्राओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब महिला पुलिस कर्मियों यानी पुलिस दीदी को गश्त लगाने के लिए 1500 स्कूटर दिए जाएंगे जिनमें से 500 इलेक्ट्रिक होंगे। साथ ही पुलिस बल के लिए 3200 नई मोटरसाइकिलें भी खरीदी जाएंगी। जेलों में सुरक्षा देने वाले भूतपूर्व सैनिकों की सैलरी को 19800 से बढ़ाकर सीधा 30000 महीना कर दिया गया है। जेल में किसी कैदी की अचानक या प्राकृतिक मौत होने पर उनके परिवार को मुआवजा देने की नई नीति बनाई गई है और एसटीएफ के रिटायर्ड अधिकारी रामाकान्त प्रसाद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। कैमूर के प्रसिद्ध मां मुण्डेश्वरी भवानी मंदिर की नई धर्मशाला को संभालने की जिम्मेदारी भी मंदिर कमेटी को दे दी गई है। राज्य के पहाड़ी और खूबसूरत पर्यटन स्थलों जैसे राजगीर और मंदार पर्वत पर पर्यटकों की सुविधा के लिए बिहार स्टेट रोपवेज कंपनी लिमिटेड बनाई जाएगी। गांवों के विकास के लिए पंचायत राज अधिनियम में बदलाव किया गया है, जिससे ग्राम पंचायतें खुद टैक्स और फीस तय कर सकेंगी। इसके अलावा 2011 की आबादी के हिसाब से पंचायतों और जिला परिषदों की सीमाओं को दोबारा तय किया जाएगा।

# दुनिया तक अपनी बात पहुंचाना जरूरी : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के इतिहास में बुधवार का दिन खास रहा। विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने दो अत्याधुनिक स्टूडियो का उद्घाटन किया। इनमें 'ऑनलाइन क्लास स्टूडियो' और 'मास कम्युनिकेशन स्टूडियो' शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने छात्रों से संवाद किया और डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा प्रभावी संचार कौशल को भविष्य की शिक्षा का अहम हिस्सा बताया। समारोह को संबोधित करते हुए



राज्यपाल ने कहा कि आज का दौर संचार और तकनीक का है। भारत के पास प्रतिभा और संसाधनों की कोई कमी नहीं है लेकिन दुनिया के सामने अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने की क्षमता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा मास कम्युनिकेशन और पॉडकास्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू करना समय की जरूरत है। उन्होंने छात्रों से सोशल मीडिया और इंटरनेट का सकारात्मक उपयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जो छात्र एआइ से दूरी बनाए रखेंगे वे आने वाले समय में प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार 'ऑनलाइन क्लास स्टूडियो' के जरिए दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों तक बेहतर गुणवत्ता वाली पढ़ाई पहुंचाई जाएगी। वहीं 'मास कम्युनिकेशन स्टूडियो' पत्रकारिता और मीडिया के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने में अहम भूमिका निभाएगा। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस यह स्टूडियो छात्रों को न्यूज़ **(शेष पृष्ठ 11 पर)**







# सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की धीमी गति तथा बजट व्यय की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा के क्रम में विभागीय योजनाओं की वित्तीय प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं पाए जाने तथा अब तक मात्र 03 प्रतिशत बजट व्यय होने पर मंत्री ने असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट निदेश दिया कि एक सप्ताह के भीतर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं व्यय की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। मंत्री ने योजनाओं की स्वीकृति में हुई देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों की जांच कर तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया है। साथ ही पिछले तीन वर्षों का जिलावार योजनाओं की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कारणों की विस्तृत समीक्षा करने का भी निदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि अगले वित्तीय वर्ष से सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति अप्रैल एवं मई माह में ही सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही संबंधित निदेशालयों को समय पर जिलावार राशि का उपबंध एवं मांग सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया। श्री सिन्हा ने अधिकारियों को निदेश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय बाधाओं का त्वरित समाधान किया जाए। इसके लिए वित्त विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी पूर्ण प्रतिबद्धता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। सभी पदाधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यक्तिगत निगरानी करें तथा जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम सुनिश्चित करें। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अनावश्यक विलंब अथवा दायित्वों के निर्वहन में कमी पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विभाग का प्रत्येक अधिकारी इसी भावना के साथ कार्य करे, ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से राज्य के किसानों तक पहुंच सके।

# कौशल विकास से ही युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप नए कौशल विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का विस्तार करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने और उन्हें रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उनका कहना था कि बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा-प्रधान देश में स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम जैसी पहल युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और उनकी क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस की शुरुआत वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ बदलते डिजिटल परिवेश के अनुरूप नई तकनीकों से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और हरित प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकसित करना युवाओं के लिए आवश्यक हो गया है। इन क्षेत्रों में दक्षता हासिल कर युवा न केवल अपने लिए बेहतर रोजगार के अवसर सृजित कर सकते हैं, बल्कि देश के आर्थिक और तकनीकी विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से ठाकुरबाड़ी से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से रथयात्रा का समय 3 बजे निर्धारित है। रथयात्रा का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की आरती कर और रथयात्रा पथ में झाड़ू लगाकर शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 56 भोग भी भगवान जगन्नाथ को अर्पण करेंगे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से निकलने वाली रथयात्रा की तैयारी में श्री राधा कुंज बिहारी मठ के संत-महात्मा लगे हुए हैं। भगवान जगन्नाथ के साथ बलदेव व सुभद्रा के काष्ठ का विग्रह जगन्नाथपुरी से आया है जबकि 40 फीट ऊंचा हाइड्रोलिक रथ बेगूसराय से मंगाया गया है। पूजा-आरती के बाद 3 बजे से रथयात्रा निकलेगी जो गर्दनीबाग, मिठापुर, अनीसाबाद, कच्ची तालाब, बेउर मोड़ होते हुए वापस गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी पहुंचेगी। वहां भगवान की आरती के बाद भगवान को पुनः छप्पन भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा के लिए कोलकाता से फूल व बंगाल के मायापुर के मृदंग वादक और वृंदावन की कीर्तन मंडली मुख्य आकर्षण होंगे। प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति एक बार भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजमान देखता है या रथ की रस्सी को स्पर्श करता है वह जन्म मृत्यु के चक्र से बाहर निकलने के योग्य हो जाता है।

# पटना के नेऊरा में शुरू हुआ इंटेलीस्मार्ट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिजली वितरण क्षेत्र में स्मार्ट तकनीक के विस्तार और कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर ने पटना के नेऊरा में अपना छठा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया है। इस केंद्र में युवाओं को स्मार्ट मीटरिंग और आधुनिक ऊर्जा प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उनके लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्र का उद्घाटन पटना सर्किल के विद्युत अधीक्षण अभियंता प्रेम कुमार प्रवीण ने किया। इस अवसर पर पटना ग्रामीण के विद्युत कार्यपालक अभियंता आनंद सुमन, पटना सर्किल के विद्युत कार्यपालक अभियंता अविनाश कुमार तथा सीनियर मैनेजर (रेवेन्यू) मृणाल कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। नेऊरा स्थित केंद्र में प्रतिभागियों को डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर मीटर, कंज्यूमर मीटर और फीडर मीटर की स्थापना एवं कॉन्फिगरेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा सोलर रूफटॉप सिस्टम, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, मांग का आकलन, संचालन एवं अनुरक्षण, कंज्यूमर इंडेक्सिंग तथा व्यवहारिक कौशल जैसे विषय भी प्रशिक्षण का हिस्सा होंगे। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा। देश के किसी भी राज्य के 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के आईटीआई, डिप्लोमा अथवा बी.टेक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा जिसके आधार पर वे अपनी पसंद के एएमआईएसपी या इंटेलीस्मार्ट में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इंटेलीस्मार्ट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल रावल ने कहा कि देश में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 25 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंटेलीस्मार्ट ने अपना पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 5 जून 2025 को उत्तर प्रदेश के दादरी में शुरू किया था। अब तक कंपनी 1,630 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दे चुकी है तथा मेरठ, बरेली, पलसाना (सूरत) और नडियाद (गुजरात) में भी नए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम इंटेलीस्मार्ट ने उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात और बिहार में 80 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए हैं जबकि उसके पास 2.28 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के कार्यादेश हैं।

# दलितों के हक और सम्मान के लिए कांग्रेस हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को पटना के मनेर स्थित ब्यापुर एवं गोरैया स्थान में दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि दलित समाज इस देश का निर्माता है। दलितों के श्रम, प्रतिभा और कौशल ने भारत के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि जब अपने अधिकारों की बात आई तो दलित समाज ने हमेशा त्याग और सहनशीलता का परिचय दिया। इस समाज ने शोषण और अत्याचार सहा, लेकिन कभी भी देश और समाज का अहित नहीं किया। राजेश राम ने आरोप लगाया कि जब से देश में मनुवादी सोच की सरकार बनी है, तब से दलित समाज को लगातार कमजोर और उपेक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा दलितों को सम्मान, अधिकार और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया। आज दलित समाज की उपेक्षा और उनके साथ हो रहे अन्याय को देखकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा पूरी कांग्रेस पार्टी व्यथित है।

# भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन भी बिहार पवेलियन रहा आकर्षण का प्रमुख केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन भी बिहार सरकार का पवेलियन निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं तथा देश-विदेश से आए आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थापित बिहार पवेलियन में राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश संभावनाओं, टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र की क्षमताओं तथा जीआई टैग एवं पारंपरिक उत्पादों को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया। भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन बिहार पवेलियन का भ्रमण वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम. बीना, कर्नाटक सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग (वस्त्र) की सचिव रोहिणी सिंधुरी दासरी, आईएएस तथा गुजरात सरकार के उद्योग आयुक्त अमित प्रकाश यादव, आईएएस, भारत टेक्स आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष भद्रेश दोधिया ने किया। इस दौरान हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के निदेशक डॉ. विद्या नंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता की उपस्थिति में अतिथियों ने बिहार के टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र की संभावनाओं, जीआई टैग उत्पादों, हस्तशिल्प, भागलपुरी सिल्क एवं अन्य प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य की उद्योगोन्मुखी नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा टेक्सटाइल क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की सराहना करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं प्रदर्शकों से संवाद किया। भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन उद्योग विभाग की टीम ने प्रदर्शनी के विभिन्न हॉलों का भ्रमण कर निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, खरीदारों एवं उद्यमियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025, बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर नीति (संशोधित) 2025, प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक सुविधाएं, भूमि उपलब्धता, एमएसएमई प्रोत्साहन तथा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न निवेश प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही उन्हें बिहार पवेलियन का भ्रमण कर राज्य में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों से अवगत होने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत टेक्स 2026 के शेष दिनों में भी बिहार पवेलियन के माध्यम से राज्य की औद्योगिक क्षमता, निवेश की संभावनाओं तथा 'बिहार है तैयार' के विजन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, खरीदारों एवं उद्योग जगत के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने पटना में नई शाखा खोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने पटना और दरभंगा में दो नई शाखाओं का उद्घाटन कर बिहार में अपने कारोबार की शुरुआत की है। कंपनी का उद्देश्य क्षेत्र के ग्राहकों को हाउसिंग फाइनेंस सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना और घर खरीदने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है। नई शाखा के माध्यम से एबीएचएफएल किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त तथा संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कंपनी के अनुसार उसकी डिजिटल ऋण प्रक्रिया ग्राहकों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा अनुभव प्रदान करेगी। आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ पंकज गाडगिल ने कहा बिहार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकास बाजार है।

# 'मेक इन इंडिया' के साथ पान हेल्थ का विस्तार

## बेबी केयर, महिला हाइजीन और एडल्ट केयर में बढ़ाया प्रोडक्ट पोर्टफोलियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारत की प्रमुख हाइजीन प्रोडक्ट्स निर्माता कंपनी पान हेल्थ ने 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' की सोच के साथ बेबी केयर, महिला हाइजीन और एडल्ट केयर सेगमेंट में अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी अपने प्रमुख ब्रांड लिटिल एंजेल, एवरटीन और लिबर्टी के माध्यम से हर आयु वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती हाइजीन उत्पाद उपलब्ध करा रही है। पान हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चिराग पान ने बताया कि गुजरात के राजकोट में स्थित उसकी 30 एकड़ में फैली आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भारत की सबसे बड़ी डिस्पोजेबल हाइजीन प्रोडक्ट्स निर्माण सुविधा है। 7 लाख वर्ग फुट से अधिक उत्पादन क्षेत्र वाली इस इकाई में प्रतिवर्ष 3.7 अरब से अधिक हाइजीन प्रोडक्ट्स का निर्माण किया जाता है। अत्याधुनिक तकनीक, ऑटोमेटेड मशीनों, सख्त गुणवत्ता जांच और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्रों के माध्यम से यहां विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार किए जाते हैं। लिटिल एंजेल ब्रांड के तहत कंपनी अब डायपर और वाइप्स के साथ प्रीमियम बेबी फीडिंग एवं बाथ केयर प्रोडक्ट्स, सिंडेट बार और प्रीमियम बेबी सोप भी बाजार में ला रही है। वहीं एवरटीन के अंतर्गत प्रीमियम सैनिटरी पैड, पीरियड पैंटी, पैंटी लाइनर सहित महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप नए हाइजीन प्रोडक्ट्स पेश किए जा रहे हैं। एडल्ट केयर श्रेणी में लिबर्टी ब्रांड के माध्यम से भी कंपनी अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही है। पान हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चिराग पान ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य भारत में ही उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और किफायती हाइजीन प्रोडक्ट्स तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत कंपनी न केवल देशवासियों की जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि भारत को वैश्विक हाइजीन मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में भी योगदान दे रही है।

# राम मंदिर चंदा-चोरी के विरोध में 16 को पूरे प्रदेश में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर राम मंदिर के चंदे की आड़ में आस्था के नाम पर की जा रही राजनीति तथा चढ़ावे के नाम पर भाजपा-आरएसएस द्वारा कथित रूप से बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के विरोध में 16 जुलाई 2026 को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि धार्मिक आस्था को राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाना तथा चढ़ावे से जुड़े मामलों में पारदर्शिता का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर जनता की आवाज बुलंद करते हुए लोकतांत्रिक तरीके से पूरे बिहार में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों, पार्टी के पदाधिकारियों, विभागों, प्रकोष्ठों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने जिलों में आयोजित विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

# दानापुर और साहिबगंज के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा दानापुर और साहिबगंज के मध्य 5 ट्रिप श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह स्पेशल दानापुर एवं साहिबगंज दोनों तरफ से 2.08.2026 से 30.08.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को गाड़ी सं. 13236/13235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय एवं ठहराव के अनुसार परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03236 दानापुर-साहिबगंज श्रावणी मेला स्पेशल प्रत्येक रविवार को दानापुर से 05.15 बजे प्रस्थान कर 10.45 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेषनों पर रूकते हुए 13.45 बजे साहिबगंज पहुंचेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में आयोजित 'कौशल युवा कार्यक्रम' का भव्य शुभारंभ एवं मार्गदर्शन सभा उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों युवा-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर युवाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक कौशल, कंप्यूटर शिक्षा तथा विभिन्न जॉब-ओरिएंटेड एवं हाई-टेक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक एवं डिजिटल कौशल भी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी पिछले 20 वर्षों से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है तथा 'कौशल युवा कार्यक्रम' युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं ने गीत, प्रेरक भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। वहीं केंद्र की प्रतिनिधि निधि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षकों ने भी अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर सीखने, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कौशल विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने कौशल विकास से 9.6 लाख लोगों को किया सशक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने बताया कि उसकी कौशल विकास और आजीविका संवर्धन पहलों से अब तक 9.6 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इनमें 1.96 लाख से अधिक युवाओं को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण तथा 7.6 लाख महिलाओं और किसानों को आजीविका एवं उद्यमिता से जुड़ा सहयोग प्रदान किया गया है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा, खुदरा, लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग, आईटी और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# दिव्य भावों का साकार स्वरूप भगवान का परम प्रेम : प्रमोद भागवत स्वामी

## श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण रहे उपस्थित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर परमपूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ की दिव्य एवं अलौकिक लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण, रोचक और तत्वज्ञान से परिपूर्ण वर्णन किया। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे जिन्होंने पूरे मनोयोग से भगवान की महिमा का रसास्वादन किया। इस मौके पर कथा के शुरूआत के मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन कुमार सिंह, रक्षक गिरिधारी दास, इश्वरनाथ प्रभु, सनातन कृष्ण दास अधिकारी, अभय सुन्दर दास, विजय मिश्र बाबा सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। कथा के प्रारंभ में महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के अद्भुत स्वरूप की प्राकट्य लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह स्वरूप साधारण नहीं, बल्कि भगवान के परम प्रेम और दिव्य भावों का साकार स्वरूप है। महाराज जी ने विस्तार से समझाया कि द्वारका में एक अवसर पर जब माता रोहिणी श्रीकृष्ण की वृन्दावन लीलाओं का वर्णन कर रही थीं, तब श्रीकृष्ण, श्रीबलदेव और माता सुभद्रा उन लीलाओं को सुनते-सुनते प्रेम-विभोर हो गए। उसी समय देवर्षि नारद वहां पहुंचे और उन्होंने भगवान के इस अद्भुत, प्रेममय स्वरूप के दर्शन किए। नारद मुनि ने प्रार्थना की कि भगवान का यह दिव्य स्वरूप कलियुग के समस्त जीवों के कल्याण के लिए पृथ्वी पर भी प्रकट हो। महाराज जी ने बताया कि यही दिव्य स्वरूप आगे चलकर श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के रूप में नीलाचल धाम, जगन्नाथ पुरी में प्रकट हुआ। इसके पश्चात महाराज जी ने राजा इन्द्रद्युम्न की भक्ति और समर्पण का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा इन्द्रद्युम्न भगवान के दर्शन के लिए व्याकुल होकर अनेक प्रयास करते रहे। भगवान की प्रेरणा से दिव्य लकड़ी (पवित्र काष्ठ) प्राप्त हुआ और विश्वकर्मा ने उसी से श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के विग्रहों का निर्माण किया। महाराज जी ने आगे बताया कि राजा इन्द्रद्युम्न की प्रार्थना पर स्वयं ब्रह्मा जी जगन्नाथ पुरी पधारे और वैदिक विधि-विधान के अनुसार भगवान के दिव्य विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की। इस प्रकार जगन्नाथ धाम समस्त संसार के लिए भक्ति, करुणा और मोक्ष का महान तीर्थ बन गया। कथा के अंतिम चरण में परमपूज्य महाराज जी ने गजपति महाराज पुरुषोत्तम देव की प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक लीला का वर्णन किया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत बीमित व्यक्ति स्व. पवन कुमार जो सीतामढी, में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी रानी कुमारी, सुपुत्री-राजनंदनी कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पवन कुमार की मृत्यु 15-01-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इ.एस.आइ.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 577 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.17310/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 5,25,070-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इ.एस.आई. योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# बांकीपुर में फिर लहराएगा एनडीए का परचम

## विपक्ष को जनता पहले ही कर चुकी है खारिज : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** ग्रामीण विकास मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि इस बार भी एनडीए की जीत तय है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर एनडीए की पारंपरिक सीट रही है और जनता विकास के आधार पर एक बार फिर एनडीए के पक्ष में मतदान करेगी। सासाराम परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी पार्टियों को जनता पिछले विधानसभा चुनाव में ही पूरी तरह खारिज कर चुकी है। उन्होंने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह मात्र एक सीट के अंतर से नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी बचा पाए हैं। यदि उन्हें एक सीट और कम मिली होती तो वह नेता प्रतिपक्ष बनने के योग्य भी नहीं रहते। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव बांकीपुर चुनाव में भी पूरी तरह निष्क्रिय हैं। मंत्री ने कहा कि मतदाता पहले ही विपक्ष की राजनीति को नकार चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का विकास कार्य ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी जाति एवं धर्म के लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यही कारण है कि बांकीपुर का चुनाव परिणाम भी एनडीए के पक्ष में आएगा और विपक्ष को एक बार फिर निराशा हाथ लगेगी। इससे पूर्व सासाराम परिसदन पहुंचने पर जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रवण कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा, अमित कुमार पटेल, जिला पार्षद अजय सिंह, गुड्डू पटेल, जदयू जिलाध्यक्ष बिन्दा चन्द्रवंशी, धनंजय पटेल सहित कई नेताओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं नोखा के नासरीगंज मोड़ पर भी कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया।



## डीएम ने किया डिहरी अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

# लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने डिहरी अंचल कार्यालय का औचक एवं विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन, ई-मापी, भूमि अभिलेखों के अद्यतन, ऑनलाइन आवेदनों के निष्पादन तथा निवास, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित लंबित मामलों की बिंदुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारियों एवं राजस्व पदाधिकारियों के स्तर पर लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं ई-मापी जैसे मामलों में अनावश्यक विलंब से आम लोगों को परेशानी होती है, इसलिए प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कई स्तरों पर कमियां पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निवास, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विद्यार्थियों, युवाओं एवं अन्य आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया। डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्टियों, आवेदन पंजी, लंबित वादों के रखरखाव तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का भी निरीक्षण किया।

# नए सीओ बने गौरव कुमार, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ अंचल को बुधवार को अंचलाधिकारी गौरव कुमार के रूप में नया नेतृत्व मिला जिन्होंने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करने के साथ ही कार्यालय पहुंचकर सभी कर्मियों के साथ विस्तृत बैठक की। पदभार संभालते ही उन्होंने राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और कहा कि क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्यों का समय पर निष्पादन, भूमि विवादों का शीघ्र निपटारा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। बैठक के दौरान श्री कुमार ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन, आय, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र और जमाबंदी से जुड़े सभी लंबित मामलों की बारी-बारी से समीक्षा की और राजस्व कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए तथा फील्ड वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि आम जनता को अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में आने वाले हर नागरिक के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए, कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पूरी की जाएंगी। नए अंचलाधिकारी ने कर्मियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने, शिकायतों का त्वरित समाधान करने और सरकारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा। इस अवसर पर राजस्व पदाधिकारी विकास पंडित, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने नए सीओ का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि गौरव कुमार के आने से दावथ अंचल में राजस्व कार्यों में गति आएगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और आमजन को समय पर राहत मिलेगी।

# काराकाट एवं सूर्यपुरा में खुला राजकीय डिग्री महाविद्यालय, वीसी से मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के अंतर्गत प्रखंड सूर्यपुरा एवं काराकाट के लिए बुधवार का दिन शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बन गया जब काराकाट स्थित देव मार्कण्डेय राजकीय डिग्री महाविद्यालय का उद्घाटन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वेब कास्टिंग के माध्यम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा परिसर उत्साह, उमंग और गर्व से सराबोर था क्योंकि वर्षों से उच्च शिक्षा के लिए दर-दर भटक रहे काराकाट और सूर्यपुरा के छात्र-छात्राओं को अब अपने ही क्षेत्र में स्नातक स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों में उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी संकल्प के तहत काराकाट एवं सूर्यपुरा में राजकीय डिग्री महाविद्यालय की स्थापना की गई है ताकि क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को पटना, आरा या अन्य जिलों की ओर पलायन न करना पड़े। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस महाविद्यालय को आधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, खेल सुविधाओं और डिजिटल संसाधनों से युक्त कर यहां योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोत्तम स्तर तक ले जाएगी। उद्घाटन समारोह में सूर्यपुरा परिसर में मंत्री श्रवण कुमार, सांसद सुधाकर सिंह, विधायक आलोक कुमार सिंह, एमएलसी अशोक कुमार पांडे, विधायक वशिष्ठ सिंह, जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार, डीडीसी विजय कुमार पांडे, डीपीआरओ आशीष रंजन, देव मदन राय, बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार, एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह सहित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं काराकाट प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी रोहतास राजेश कुमार सुधांशू, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहतास रजनीश कुमार उपाध्याय, प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट संजीत कुमार, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुधांशू शेखर भास्करम, गुंजेश कुमार सुमन, प्रोफेसर संतोष कुमार भास्कर, आशीष कुमार पांडे, किशू कुमार, पूर्व बीआरपी विध्यांचल पाण्डेय के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य मौजूद थे। सभी अतिथियों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि काराकाट एवं सूर्यपुरा में डिग्री महाविद्यालय खुलने से न केवल शिक्षा का विस्तार होगा बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिलेगा जिससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किया गया और समापन में छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना। स्थानीय लोगों ने इसे काराकाट एवं सूर्यपूरा के शैक्षणिक इतिहास का मील का पत्थर बताते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और अपेक्षा जताई कि शीघ्र ही नियमित कक्षाएं शुरू होकर इस महाविद्यालय से निकलने वाले युवा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# कैमूर को मिली दो नए डिग्री कॉलेजों की सौगात

## कैमूर का विकास ही मेरा एकमात्र संकल्प : जमा खान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज एक बड़ा ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्यभर में एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेजों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस महा-अभियान के तहत कैमूर जिले पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए दो भव्य राजकीय डिग्री कॉलेजों की सौगात दी गई है जिससे जिले के छात्र-छात्राओं में उच्च शिक्षा को लेकर एक नया उत्साह और खुशी की लहर है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के दुलहरा स्थित नव-उद्घाटित राजकीय डिग्री कॉलेज परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कैमूर की धरती पर कॉलेज के लोकार्पण के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और भारी संख्या में उपस्थित आम जनता ने मंत्री जमा खान का बुके, अंगवस्त्र और मोमेंटो (स्मृति चिह्न) देकर बेहद गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया। समारोह में कैमूर के विकास और शिक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए मंत्री जमा खान ने मीडिया से कहा हमारी एनडीए सरकार ने कैमूर की जनता से जो भी वादे किए थे, आज वे धरातल पर दिख रहे हैं। पिछले 20 वर्षों में हमारी सरकार ने इस क्षेत्र की सूरत बदलने का काम किया है। उन्होंने बेहद भावुक अंदाज में कैमूर की जनता से जुड़ाव जताते हुए कहा कि जब भी वे इस क्षेत्र में आते हैं तो मंत्री या विधायक का चोला उतारकर यहां के बेटे और भाई के रूप में हर घर की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। कैमूर जिले में चल रही विकास योजनाओं की झड़ी लगाते हुए उन्होंने बताया कि चैनपुर में बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और अगले 4 से 6 महीनों में इसे पूरी तरह शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक समाज की बच्चियों के लिए चार-चार आवासीय विद्यालय, सड़कों व नहरों का सुदृढ़ीकरण और चिटाढ़ी में मॉडल विद्यालय का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। मंत्री ने अंत में कहा कि कैमूर के इस सुदूर ग्रामीण इलाके में डिग्री कॉलेज खुल जाने से अब यहां के छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए जिला मुख्यालय या राज्य से बाहर जाने की मजबूरी नहीं होगी। यह कॉलेज कैमूर के युवाओं के सुनहरे भविष्य और शैक्षणिक प्रगति के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# स्वतंत्रता दिवस 2026 प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन निबंध, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा) के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था। विद्यालय के कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए मोनू गुप्ता, निबंध के लिए सुजाता प्रसाद तथा क्विज प्रतियोगिता के लिए आयुषी गौतम को नोडल शिक्षिका बनाया गया। प्रतियोगिता में पेंटिंग में 15, निबंध में 10 तथा क्विज में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन पोर्टल पर सफलतापूर्वक जमा कीं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# अंचल कार्यालयों में कार्यसंस्कृति सुधरे तो भूमि विवादों में आएगी कमी : बैरिस्टर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जनता दल (यूनाइटेड) रोहतास के प्रवक्ता एवं अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा है कि यदि अंचलाधिकारी अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें तो भूमि विवादों से जूझ रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है जिसके कारण भूमि विवाद घटने के बजाय लगातार बढ़ रहे हैं। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि कुछ नए अंचलाधिकारियों को भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान की पर्याप्त जानकारी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमाबंदी में छेड़छाड़ की शिकायतें आम हैं तथा परिमार्जन का कार्य भी संतोषजनक ढंग से नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामलों की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है और यह समझ से परे है कि अंचल स्तर पर समय रहते समस्याओं का समाधान क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एक फोरम का गठन किया है, ताकि निचले स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर लोग पटना जाकर अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रख सकें। उन्होंने कहा कि यदि यह पाया जाता है कि संबंधित समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर ही संभव था तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। इसके बावजूद निचले स्तर के कई सरकारी कर्मचारियों में जवाबदेही का अभाव दिखाई देता है।

जदयू प्रवक्ता ने जिला पदाधिकारी, रोहतास से मांग की कि अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए प्रभावी पहल की जाए। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, भू-मापी, परिमार्जन तथा छोटे-छोटे भूमि विवादों का निस्तारण अंचल स्तर पर ही किया जा सकता है, बशर्ते कार्यालयों में जिम्मेदारी और कार्यसंस्कृति विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालयों में सुधार होने से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और भूमि विवादों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

# कृषि मंत्री की मौजूदगी में श्री विधि से हुई धान की रोपनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** प्रखंड के चिरैली पंचायत अंतर्गत ग्राम बाना में किसान रामजनम शर्मा के खेत में बुधवार को श्री विधि से धान की रोपाई की गई। इस अवसर पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी केशव आनंद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विपिन गुप्ता तथा किसान सलाहकार सूर्यदेव नारायण प्रकाश की देखरेख में रोपाई का कार्य संपन्न हुआ। करीब दो एकड़ भूमि में श्री विधि से धान की रोपाई की गई। अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि श्री विधि से धान की खेती करने पर कम बीज, कम पानी और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। रोपाई के दौरान अंकुर, सोनम एवं पदमा धान प्रभेद का उपयोग किया गया। कृषि विभाग के अनुसार ये किस्में 135 से 140 दिनों में तैयार हो जाती है तथा इनकी औसत उपज 55 से 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त हो सकती है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। किसानों ने भी श्री विधि से धान की खेती को लाभकारी बताते हुए इस तकनीक को अपनाने में रुचि दिखाई।

## आठ आरोपित गिरफ्तार

**चेनारी (नबिटा सं.)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को मल्हीपुर गांव में छापेमारी कर दो केसों के कुल आठ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि उक्त गांव के उमेश चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, हरेंद्र चौधरी, नरेंद्र चौधरी, रोहित कुमार तथा दूसरे पक्ष से मंटू चौधरी, सुधीर चौधरी, दिनेश चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# फुटबाल मैच विवाद में फायरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास फुटबाल मैच में पूर्व के विवाद को ले मंगलवार रात एक ने राइफल से प्रिंस यादव पर दो फायरिंग किया फायरिंग में प्रिंस यादव बाल-बाल बच गए। पुलिस के अनुसार सासाराम मुफस्सिल थाना के जयपुर गांव में गत जनवरी में जमुहार व बिक्रमगंज के टीम के बीच मैच हुआ था। मैच में किसी बात को ले विवाद में मारपीट हुआ था उसी विवाद को ले जयपुर निवासी गुड्डू सिंह कल रात कुछ लोगों के साथ जमुहार पहुंचे। प्रिंस यादव को देख राइफल निकाल उस पर दो फायर किया, लेकिन उसकी जान बच गई। तभी वहां मौजूद ग्रामीण गुड्डू पर पत्थर फेंकने लगे वह जान बचा भाग निकला। एसपी रौशन कुमार के अनुसार प्रारंभिक अनुसंधान में पूर्व का फुटबॉल मैच के दौरान हुआ विवाद और उसको लेकर ही घटना होने की बात सामने आ रही है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 176_2026-27, 177_2026-27 और 178_2026-27, दिनांक 10.07.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 176_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/बर्द्धमान के अधीन एसएसई/पी वे/बर्द्धमान (डब्ल्यू) का पी.वे रखरखाव कार्य। (बर्द्धमान-बलगोना सेक्शन किमी 0/0-26/0), **अनुमानित मूल्य :** रु.1,06,90,084.71, **बयाना राशि:** रु. 2,13,800/- **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 177_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/बर्द्धमान के अधीन एसएसई/पी वे/बर्द्धमान (डब्ल्यू) का पी.वे रखरखाव कार्य। (बर्द्धमान-खाना जं. सेक्शन किमी 104/000-120/700), **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,55,92,258.05, **बयाना राशि:** रु. 3,11,900/- **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. 178_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/बर्द्धमान के अधीन रेलवे बीएलवाईएस फुटबॉल ग्राउंड का रूपांतरण और नई बिल्डिंग कॉलोनी में आरसीसी ड्रेन का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,60,33,358.01, **बयाना राशि:** रु. 3,20,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 04.08.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-211/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पटना राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा 1-15 जुलाई को 'स्वच्छता पखवाड़ा' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), पटना के द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' का समापन समारोह प्राथमिक विद्यालय, बेलदारी टोला, शास्त्री नगर, पटना में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल आसपास के वातावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं को, अपने घर, आसपास के वातावरण तथा विद्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ रखने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपने घर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामुदायिक स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान किया। विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 'स्वच्छता' विषय पर विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता तथा मौखिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी कला, कविता और वाणी के माध्यम से स्वच्छता का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता विषय पर संक्षिप्त नाटक प्रस्तुत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सोनी कुमारी, वैष्णवी कुमारी एवं नैना कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु प्राथमिक विद्यालय, बेलदारी टोला, शास्त्री नगर, पटना को प्रशंसा-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे मनोयोग से कार्यक्रम में सहभागी बने जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप निदेशक परिमल, सहायक निदेशक आर. के. झा एवं रश्मि रंजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधान शिक्षिका अर्चना कुमारी, चन्द्रकान्ति कुमारी, गुड़िया कुमारी के साथ-साथ विद्यालय के अन्य कर्मी एवं छात्रों ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुशील कुमार सिंह, कमलेश प्रधान, धीरेन्द्र नाथ प्रसाद, दिलीप कुमार, इंद्रजीत, जीतेंद्र राय, प्रियंका कुमारी, मंजूषा कुमारी, चंदा कुमारी उपस्थित रहे। अन्य कार्यालय कर्मियों में गुरुराज सिंह, निशांत कुमार, विनीता कुमारी, मनोज कुमार, आलोक पाण्डेय, संख्या पर्यवेक्षक और संख्या मित्र परवीन कुमार, रोशन कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या:सीओएम_एमएलडीटी_कैशपिकअप_26, दिनांक 11.07.2026,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिन:732102(पश्चिम बंगाल) द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए मालदा मंडल के "65 स्टेशनों/स्थानों से कैश एवं इंस्ट्रूमेंट का पिक-अप" के अनुबंध के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार नीचे वर्णित वेबसाइट से 02 पैकेट प्रणाली में बोली केवल ऑनलाइन प्रस्तुत करेंगे। इस निविदा संख्या के लिए हार्ड कॉपी में कोई निविदा कागजात नहीं बेचा जाएगा। **कार्य का नाम/स्थान** : मालदा मंडल में दो वर्ष की अवधि के लिए 65 स्टेशनों/स्थानों से कैश एवं इंस्ट्रूमेंट का पिक-अप। **02 (दो) वर्षों के लिए निविदा मूल्य:** रु. 3,33,36,644.62, **बयानाा राशि:** रु. 6,66,700/-, **ई-निविदा जमा करने की तिथि और समय:** 03.08.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा मंडल, पूर्व रेलवे।

MLD-129/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नूरसराय को मिला राजकीय डिग्री महाविद्यालय

## सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया उद्घाटन

### मुख्यमंत्री के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत खुला कॉलेज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। यहां राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नूरसराय का विधिवत उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार और फीता काटकर किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। यह उद्घाटन बिहार सरकार के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने भागलपुर जिले के गोराडीह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 211 नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का एक साथ शुभारंभ किया। इसी क्रम में नूरसराय महाविद्यालय का भी औपचारिक उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन के बाद सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें प्रत्येक प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि अब बिहार ऐसा राज्य बन गया है, जहां सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की सुविधा उपलब्ध है। सांसद ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे शिक्षा के लिए दूसरे शहरों की ओर पलायन कम होगा और युवाओं को बेहतर भविष्य की दिशा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय की स्थापना का स्वागत करते हुए इसे नूरसराय के शैक्षणिक विकास की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि कॉलेज शुरू होने से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा।

# ह्वेनत्सांग स्मारक पहुंचे राज्यपाल, नालंदा की विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। विश्व प्रसिद्ध नालंदा की ऐतिहासिक और बौद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने नव नालंदा महाविहार के सांस्कृतिक परिसर स्थित ह्वेन त्सांग स्मारक का भ्रमण कर यहां संचालित संरक्षण एवं शोध कार्यों की जानकारी ली। महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने राज्यपाल का स्वागत प्राचीन नालंदा की प्रतिकृति मुहर भेंट कर किया। उन्होंने राज्यपाल को महान चीनी बौद्ध यात्री एवं विद्वान आचार्य ह्वेन त्सांग की भारत यात्रा, नालंदा में उनके अध्ययन तथा बौद्ध दर्शन के वैश्विक प्रसार में उनके ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराया। साथ ही भारत-चीन सांस्कृतिक संबंधों में स्मारक की भूमिका और उसके ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। कुलपति ने बताया कि प्राचीन नालंदा महाविहार केवल शिक्षा का केंद्र नहीं था, बल्कि विश्व के लिए ज्ञान, अनुसंधान और सांस्कृतिक संवाद का प्रमुख केंद्र था। उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नव नालंदा महाविहार में बौद्ध अध्ययन, पालि, संस्कृत, दर्शन, प्राचीन इतिहास, भारतीय ज्ञान परंपरा और पांडुलिपि संरक्षण पर उच्चस्तरीय शिक्षा एवं शोध कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के तहत नव नालंदा महाविहार को प्रथम क्लस्टर सेंटर की जिम्मेदारी मिली है, जहां प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण और दस्तावेजीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। भविष्य में पटना संग्रहालय में सुरक्षित आचार्य ह्वेन त्सांग के पवित्र अवशेष को स्मारक परिसर में स्थापित करने की भी योजना है, जिससे नालंदा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध श्रद्धालुओं और शोधकर्ताओं के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने परिसर में प्रदर्शित ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया और भारतीय ज्ञान परंपरा व बौद्ध विरासत के संरक्षण में महाविहार के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, महाविहार के शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फर्जी अपहरण की साजिश का खुलासा



**कतरीसराय**। थाना क्षेत्र के बरीठ गांव स्थित सरफाबाग खंधा से 23 मई 2026 को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए 13 वर्षीय विक्रम कुमार के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में कथित अपहरण की कहानी पूरी तरह फर्जी निकली। इस मामले में साजिश रचने के आरोप में रजौली थाना क्षेत्र के कौरेखाप गांव निवासी राजो यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, कारु यादव का पुत्र विक्रम कुमार लापता होने के बाद कतरीसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। 12 जुलाई को विक्रम स्वयं रजौली थाना पहुंचा और अपहरण किए जाने की बात कही। सूचना मिलने पर कतरीसराय पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों, मानवीय सूचना और पूछताछ के आधार पर जांच में सामने आया कि अपहरण की घटना वास्तविक नहीं थी, बल्कि एक सुनियोजित साजिश थी। जांच में पता चला कि वादी के पड़ोसियों को झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से पूरी कहानी रची गई थी। पुलिस ने राजो यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने अपने संबंधियों के साथ मिलकर साजिश रचने की बात स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता मिलने पर उनके विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### टोटो चोरी की कोशिश नाकाम, तीन आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। सोहसराय थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और टोटो मालिक की सतर्कता से टोटो चोरी का प्रयास विफल हो गया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनकी निशानदेही पर पहले चोरी की गई एक बैटरी भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि मानपुर थाना क्षेत्र के बहुआरा निवासी शिव कुमार ने अपना टोटो मंसूर नगर स्थित सहेली स्वास्थ्य केंद्र के पास खड़ा किया था। कुछ देर बाद लौटने पर टोटो गायब मिला। तलाश के दौरान उन्होंने कुछ युवकों को टोटो लेकर भागते देखा और उनका पीछा करते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को टोटो के साथ पकड़ लिया। पूछताछ के आधार पर उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद शाहिल, मोहम्मद रहमान और सोनू कुमार के रूप में हुई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**हरनौत**। थाना क्षेत्र के चेरन गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-30ए पर बुधवार सुबह पुलिस वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के महतवर-बलवापर गांव निवासी पिंटू यादव के 24 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रद्युम्न नरसंडा से हरनौत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सकसोहरा की ओर से तेज गति से आ रहे पुलिस वाहन ने चेरन पुल के पास उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर हरनौत थाना पुलिस व सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजकर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर एनएच-30ए जाम कर मुआवजा और दोषी चालक पर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ।

# एडीएम ने सिलाव सीएचसी का किया निरीक्षण, एक टीबी मरीज को लिया गोद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा के अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी राजीव रंजन कुमार सिन्हा के औचक निरीक्षण से बुधवार को सिलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड़कंप मच गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप और चाक-चैबंद मिलीं, जिस पर उन्होंने संतोष जताते हुए स्वास्थ्य प्रबंधन की सराहना की।निरीक्षण के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पांच नए टीबी मरीजों की पहचान की गई, जिन्हें तत्काल डॉट्स उपचार से जोड़ा गया। शिनश्चय मित्रश् योजना के अंतर्गत सभी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। इस दौरान अपर समाहर्ता ने संवेदनशील पहल करते हुए एक जरूरतमंद टीबी मरीज को गोद लेने की घोषणा की और उसके पूर्ण स्वस्थ होने तक इलाज, दवा एवं पोषण की व्यक्तिगत निगरानी का संकल्प लिया।दोपहर 12रू35 बजे तक ओपीडी में 130 मरीजों का पंजीकरण कर मुफ्त परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई गईं। 41 मरीजों की एनसीडी स्क्रीनिंग तथा 13 मरीजों का एक्स-रे किया गया। लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी लैब, दवा काउंटर और कोल्ड चेन फ्रीजर पूरी तरह व्यवस्थित मिले। दवा रैक पर एक्सपायरी डेट की स्पष्ट मार्किंग की व्यवस्था को भी एडीएम ने सराहा।अपर समाहर्ता ने कहा कि सिलाव सीएचसी की व्यवस्थाएं, दवाओं का रखरखाव और स्वास्थ्य कर्मियों का अनुशासन उत्कृष्ट स्तर का है तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# प्रभावी शिक्षक बनने के लिए ज्ञान के साथ मानवीय संवेदनाओं का विकास भी जरूरी : प्राचार्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग में आयोजित दो दिवसीय समग्र मूल्यांकन कार्यक्रम के दौरान छात्र-शिक्षकों को प्रभावी एवं आदर्श शिक्षक बनने के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि एक सफल शिक्षक केवल विषय विशेषज्ञ नहीं होता, बल्कि अपने आचरण, अनुशासन, संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक में ज्ञान के साथ मानवीय संवेदनाओं का विकास भी आवश्यक है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रो. अफ्फाक हाशमी ने कहा कि छात्र-शिक्षकों को ज्ञानार्जन के साथ समयपालन, उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और सामाजिक सरोकारों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति पर बल दिया। सोनपरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिहटा के प्राचार्य डॉ. निरंजन सिंह ने कहा कि शिक्षण केवल पाठ्यवस्तु का संप्रेषण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, सृजनात्मकता, नैतिक चेतना और आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने का माध्यम है। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुव कुमार ने डिजिटल तकनीक और एआई के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ मानवीय मूल्यों को शिक्षा का केंद्र बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. अपर्णा कुमारी, डॉ. प्रशांत और डॉ. रंजन कुमार उपस्थित थे।

# नालंदा में टीबी स्क्रीनिंग अभियान ने पकड़ी रफ्तार, अब तक 1.33 लाख से अधिक लोगों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह के निर्देशानुसार नालंदा जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र लोगों की समय पर जांच कर टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, उपचार और संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित करना है, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके।सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की टीबी स्क्रीनिंग कर रही है। अभियान के तहत प्रतिदिन 26,450 लोगों की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य में स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य चिकित्सा दल आपसी समन्वय से जुटे हुए हैं।उन्होंने बताया कि 2 जुलाई 2026 से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक जिले में 1,33,590 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जो स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों और आम लोगों की भागीदारी का सकारात्मक परिणाम है। वहीं 14 जुलाई 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में 21,339 लोगों की स्क्रीनिंग की गई।सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता और जनसहभागिता से ही टीबी मुक्त नालंदा और टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य साकार किया जा सकता है।

## नवादा

# गया-नवादा के 62 प्रेरकों को ओरिएंटेशन प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित प्रगति कार्यक्रम के तहत गया और नवादा जिले के 62 प्रेरकों का दो चरणों में ओरिएंटेशन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहला चरण 7 से 9 जुलाई तक गया में तथा दूसरा चरण 12 से 15 जुलाई तक सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा स्थित ग्राम निर्माण मंडल गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रेरकों को बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन की शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रणाली तथा प्रगति कार्यक्रम की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। प्रशिक्षण में नियमित शिक्षण सत्रों का संचालन, शिक्षार्थियों की प्रगति की निगरानी, परीक्षा की तैयारी, सामुदायिक सहभागिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रगति कार्यक्रम के प्रबंधक शशि भूषण कुमार ने बताया कि यह 'सेकेंड चांस एजुकेशन' कार्यक्रम विशेष रूप से उन किशोरियों और महिलाओं के लिए संचालित किया जा रहा है, जिनकी पढ़ाई किसी कारणवश बीच में छूट गई, कम उम्र में विवाह हो गया या आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के कारण वे मैट्रिक की परीक्षा नहीं दे सकीं अथवा उसमें असफल रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर मैट्रिक परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपनी अधूरी शिक्षा पूरी कर आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। समापन समारोह में ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रेरकों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक किशोरियों एवं महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। प्रशिक्षण का संचालन शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान डाटा ऑफिसर विवेक सागर, मास्टर ट्रेनर सचिन शील गौतम तथा कार्यक्रम समन्वयक आलिया रॉय, नेहा कुमारी, रितेश रंजन और गौतम कुमार ने विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया। वहीं, ग्राम निर्माण मंडल की कार्यालय प्रभारी सुचिता तिर्की ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एमएलसी अशोक को सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति का अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। बिहार विधान परिषद सदस्य व नवादा निकाय से एमएलसी अशोक कुमार को बिहार विधान परिषद की सरकारी विधेयक एवं संकल्प संबंधी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कौआकोल में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर नावाडीह के पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी,शिक्षक अरुण कुमार,जोगाचक गांव निवासी सम्राट विकास यादव,दुमुहान गांव निवासी समाजसेवी सत्येंद्र कुमार यादव सहित अनेक लोगों ने अशोक कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और अनुभव का लाभ समिति के कार्यों में मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अशोक कुमार अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# बाबा कहरसेली की वार्षिक पूजा में उमड़ी भीड़, हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत लालपुर पंचायत के घने जंगलों में स्थित बाबा कहरसेली धाम में आषाढ़ माह की पारंपरिक वार्षिक पूजा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस प्राचीन धार्मिक आयोजन में कौआकोल, जमुई, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय तथा झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। स्थानीय लोगों के अनुसार बाबा कहरसेली धाम की यह परंपरा जमींदारी काल से चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में आयोजित होने वाली इस पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मान्यता है कि बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है। इसी विश्वास के चलते मन्नत पूरी होने पर कई श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार सफेद पाठे (बकरे) की बलि भी अर्पित की। बाबा कहरसेली का पिंड प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर तथा लालपुर गांव से लगभग छह किलोमीटर दक्षिण दिशा में घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्र के बीच स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को दुर्गम पहाड़ी और जंगल के रास्ते पैदल यात्रा करनी पड़ती है। कठिन मार्ग के बावजूद हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूजा के दौरान पूरे जंगल क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल, अगरबत्ती और प्रसाद अर्पित किया तथा परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा की प्रार्थना की। ग्रामीणों ने बताया कि पहली अच्छी बारिश के बाद आयोजित होने वाला यह वार्षिक अनुष्ठान क्षेत्र की सबसे प्राचीन धार्मिक परंपराओं में से एक है। धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले बाबा कहरसेली धाम के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है। प्रशासनिक सुविधाओं के अभाव और दुर्गम रास्ते के बावजूद हर वर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इस प्राचीन आस्था स्थल की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को दर्शाती है।

## एक नजर

### मारपीट के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

पकरीबरावां। बलियारी मोड़ के आस पास हड्डी लदे गाड़ी को रुकवाकर ड्राइवर के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि इस मामले में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सिमरी के सूरज कुमार, धेवधा के कोमल उर्फ कमल नयन एवं बलियारी के शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### शराब बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पुलिस ने शेखपुरा जिला के कसार गांव के रामाशीष कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि चोरी की बाइक से शराब बेचने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

पकरीबरावां। बुधवार की शाम को हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। दिन भर लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

### गड्ढे में पानी भरने से लोगों का चलना दुश्वार

पकरीबरावां। राईस मोड़ के पास बारिश से गड्ढे में पानी भर गया है। लगातार जलजमाव के कारण सड़क काफी जर्जर हो गया है। आये दिन इस स्थान पर इंजन रिक्शा पलट रहा है। बाइकर्स गिर रहे हैं। सड़क के दोनों ओर जलजमाव हो गया है। यही हाल मोहनबीघा का है।

### इंजन रिक्शा के पलटने से बच्चा घायल

**पकरीबरावां**। बुधवार को नवादा- जमुई पथ पर भगवानपुर के पास इंजन रिक्शा के पलटने से एक बच्चा घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार ने बताया कि बच्चे को चोट लगी है। उसका एक्सरे कराने को कहा गया है।

### साफ- सफाई नहीं रहने पर कर्मियों को लगी फटकार

**पकरीबरावां**। बुधवार को प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी अमरजीत सावरी ने जिउरी पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार किए गए निरीक्षण में योजना पंजी, रोकड़ पंजी, स्टॉक पंजी, आरटीपीएस पंजी आदि की जांच की गई। साफ- सफाई सही नहीं पाए जाने पर पंचायत सचिव एवं स्वच्छता कर्मी को फंटकार लगाते हुए शोकॉज किया गया। ग्राम कचहरी सचिव को पुस्तकालय संचालन का प्रभार दिया गया। लेखापाल एवं तकनीकी सहायक को रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहने को कहा गया। कहा गया कि रोस्टर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यालय से जारी होगा। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव, लेखापाल, कार्यपालक सहायक, ग्राम कचहरी सचिव, स्वच्छता कर्मी आदि उपस्थित थे।

### सिरदला में चौकीदार से मारपीट, प्राथमिकी

**सिरदला**। नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के भलूया गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत की जांच के दौरान पुलिस चौकीदार से मारपीट किए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। चौकीदार महेंद्र प्रसाद के लिखित आवेदन पर सिरदला थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि चौकीदार के आवेदन के आधार पर सिरदला थाना कांड संख्या 206/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में मृतका हेमलता देवी के भाई रौशन कुमार और मामा अवधेश कुमार को नामजद करते हुए चार-पांच अज्ञात महिला एवं पुरुषों को भी आरोपी बनाया गया है। आवेदन के अनुसार, पुलिस विवाहिता की संदिग्ध मौत की जांच कर रही थी। इसी दौरान चौकीदार ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सामान नहीं तोड़ने और साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की अपील की। आरोप है कि इस पर कुछ लोग आक्रोशित हो गए और उनके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की तथा मारपीट की। चौकीदार ने बताया कि आरोपियों ने उनकी गर्दन और मुंह पर थप्पड़ व मुक्कों से हमला किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। बाद में उन्हें इलाज के लिए सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# खाद वितरण में अनियमितता का आरोप, किसानों में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के फरहेदा गांव स्थित बिस्कोमान खाद वितरण केंद्र पर खाद वितरण में अनियमितता बरते जाने का आरोप सामने आया है। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने आरोप लगाया है कि जिनके नाम से बिस्कोमान खाद वितरण का लाइसेंस निर्गत है,उनके द्वारा अपने रिश्तेदारों एवं चहेते लोगों को पहले से ही खाद उपलब्ध करा दिया जा रहा है। वहीं स्थानीय किसानों को "सर्वर नहीं चल रहा है", "स्टॉक उपलब्ध नहीं है" जैसे बहाने बनाकर वापस लौटा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरीफ खेती के इस महत्वपूर्ण समय में किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। यदि वितरण व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है। वहीं किसान सुरेश यादव, महेश कुमार, योगेंद्र प्रसाद तथा जवाहर यादव समेत कई किसानों ने भी खाद वितरण में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि वितरण के दौरान जातीय आधार पर भी भेदभाव किया जा रहा है, जिससे स्थानीय किसानों में काफी नाराजगी है। किसानों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सभी किसानों को पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# शोध के क्षेत्र में श्वेता कुमारी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। प्रखंड के महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय, बुधौली की गृह विज्ञान की प्लस-टू शिक्षिका श्वेता कुमारी ने शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय से गृह विज्ञान विषय में पीएचडी की मौखिक परीक्षा (वाइवा) सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर शोध उपाधि प्राप्त करने की अंतिम प्रक्रिया पूरी कर ली है। उनके शोध का विषय "शिक्षित कामकाजी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याएं : नवादा जिला के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन" रहा। यह शोध कार्य उन्होंने मगध विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. स्मिता के निर्देशन में पूरा किया। श्वेता कुमारी की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

# पकरीबरावां में पासवान एकता मंच की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अंबेडकर पुस्तकालय भवन में बुधवार को पासवान एकता मंच के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अवधेश पासवान ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य 19 जुलाई को डाकबंगला परिसर में आयोजित होने वाले बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की व्यापक रूप-रेखा तैयार कर ली है। बैठक के दौरान एक अहम निर्णय लिया गया कि पासवान एकता मंच अब केवल संगठनात्मक बैठकों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। संगठन की ओर से पौधरोपण अभियान को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है, ताकि पर्यावरण के प्रति समाज की जिम्मेदारी को निभाया जा सके। इसके साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में उपस्थित सदस्यों अवधेश पासवान ,भरत पासवान, राजेश पासवान, उत्तम पासवान, मनोज पासवान, अशोक पासवान, चंद्रिका पासवान, भोली पासवान, विशाल पासवान, देवनादन पासवान, इन्द्रदेव पासवान, पूजन पासवान, ललन पासवान, मनोज कुमार पासवान और राजकुमार पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आगामी 19 जुलाई को डाक बंगला परिसर में होने जा रहा कार्यक्रम पकरीबरावां क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। सदस्यों ने जिले के समस्त पासवान समाज के लोगों से भावपूर्ण अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करें। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती के लिए एकजुटता अनिवार्य है। उपस्थित जनों ने विश्वास दिलाया कि 19 जुलाई की सभा पासवान समाज की एकता और शक्ति का एक सशक्त संदेश देगी। आयोजन समिति ने जिले के सभी समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर डाक बंगला परिसर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि पासवान एकता मंच न केवल समाज के हकों के लिए आवाज उठाएगा, बल्कि सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# उच्च शिक्षा के विस्तार को मिला नया आधार : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार के 211 प्रखंडों में शुरू हुई डिग्री कॉलेजों की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/कोंच।** बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य के 211 प्रखंडों में नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर राजकीय डिग्री महाविद्यालय, कोंच में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसे राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार के 211 प्रखंडों में स्थापित नए डिग्री कॉलेजों में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों की पढ़ाई शुरू हो गई है। उनके अनुसार



यह केवल नए महाविद्यालयों का उद्घाटन नहीं, बल्कि ज्ञान, अवसर और आत्मनिर्भरता के नए दौर की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इन महाविद्यालयों की स्थापना से उच्च शिक्षा की पहुंच गांव-गांव तक सुनिश्चित होगी जब शिक्षा गांव तक पहुंचती है तो उसका लाभ केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा समाज जागरूक और सशक्त बनता है। अपने ही प्रखंड में डिग्री कॉलेज उपलब्ध होने से हजारों युवाओं, विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, छात्रावासों, पुस्तकालयों, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्तियों तथा आधारभूत संरचना के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और नए डिग्री कॉलेजों की शुरुआत उसी संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना है। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक शिक्षित, जागरूक और उत्तरदायी हों। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार सरकार, शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के नए डिग्री कॉलेज बिहार के विकास, सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर छात्राओं को मिला उद्यमिता का प्रशिक्षण

## मगध विश्वविद्यालय में एमएसएमई योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बदलते रोजगार परिदृश्य में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग और एमएसएमई तकनीकी सेवा केंद्र, बोधगया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं को हस्तशिल्प, सिलाई, फैशन और होम डेकोर उत्पादों के क्षेत्र में उद्यमिता एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का विषय 'एमएसएमई के माध्यम से हस्तशिल्प, सिलाई, फैशन एवं होम डेकोर उत्पादों में उद्यमिता एवं स्वरोजगार के अवसर' रहा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यशाला में मनोज कुमार, सेंटर हेड, एनएसआईसी टेक्निकल सर्विस सेंटर, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया तथा कमल नयन, मैनेजर,




एनएसआईसी टेक्निकल सर्विस सेंटर, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने छात्राओं को एमएसएमई योजनाओं, स्वरोजगार, उद्यमिता विकास, हस्तशिल्प, सिलाई, फैशन डिजाइन और होम डेकोर उत्पादों के निर्माण एवं विपणन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपने कौशल का विकास कर आत्मनिर्भर बनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार के नए अवसर सृजित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मगध विश्वविद्यालय परिसर स्थित एमएसएमई सेंटर का भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विस्तार से उत्तर दिया गया। प्रतिभागियों को एमएसएमई के माध्यम से उपलब्ध प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, पंजीकरण प्रक्रिया तथा विपणन संबंधी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉक्टर दीपशिखा पांडेय, सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर सुषमा कुमारी, पूजा कुमारी, आयुषी कुमारी, आशीष कुमार, गौतम कुमार, अनामिका, शोधार्थियों तथा बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यशाला में स्वरोजगार आधारित कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

# नवयौवन वेश में भक्तों को हुए श्री जगन्नाथ के दर्शन, गया में रथयात्रा की तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पंद्रह दिवसीय अनवसर लीला के समापन के बाद इस्कॉन गया में बुधवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी ने नवयौवन वेश (नेत्रोत्सव) में भक्तों को दर्शन दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, 16 जुलाई को प्रस्तावित भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा की सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस्कॉन गया के अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने बताया कि रथयात्रा को लेकर मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया है जबकि भगवान के रथ को भी आकर्षक ढंग से अलंकृत किया गया है। रथयात्रा के उपरांत आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए मंदिर परिसर में विशाल पंडाल तैयार किया गया है। यहां विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया जाएगा तथा रथयात्रा की सफलता में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारे की भी व्यापक व्यवस्था की गई है और भोजन वितरण क्षेत्र को सुव्यवस्थित बनाया गया है। इस वर्ष रथयात्रा का एक विशेष आकर्षण यूक्रेन से आई भगवान श्रीकृष्ण की भक्त युधेश्वरी राधा देवी दासी की सहभागिता होगी। वह रथयात्रा के दौरान 'बारात ऑन व्हील्स' झांकी में प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं का मार्गदर्शन करेंगी। उन्होंने बुधवार को गया धाम में फल्गु नदी के तट पर अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान भी किया। इस्कॉन गया ने गयावासियों और श्रद्धालुओं से परिवार सहित रथयात्रा महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी के दर्शन करने तथा महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने सोनभद्रवंशी सूर्यपुर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र, सरवाली का स्थलीय निरीक्षण कर भवन की गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सा उपकरण, भवन के विभिन्न कक्षों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्र का शीघ्र एवं समुचित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन, दवाइयों एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता भी समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस स्वास्थ्य उपकेंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अपने ही क्षेत्र में सुलभ रूप से प्राप्त होगा।

# एसएसबी के स्वास्थ्य शिविर में 61 ग्रामीणों की हुई जांच, निःशुल्क दवाओं का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत बुधवार को गया जिले के निमिया रैहर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। यह शिविर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कुणाल के मार्गदर्शन में वाहिनी की 'डी' समवाय, सलैया के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर में वाहिनी के चिकित्सक डॉ. कन्नन हरिदास, उप कमांडेंट (चिकित्सा) ने




ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श के साथ दवाइयों का वितरण किया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 22 पुरुष, 37 महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। जांच के बाद सभी जरूरतमंद मरीजों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। सशस्त्र सीमा बल की ओर से बताया गया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत वाहिनी अपने कार्यक्षेत्र में समय-समय पर मानव चिकित्सा शिविर और पशु चिकित्सा शिविर आयोजित करती है। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान और पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अरवल पुलिस कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरवल ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनकर उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा लेकर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक



आवेदन और शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुना तथा मामलों के प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जनता दरबार के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र और न्यायसंगत समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को और मजबूत बनाना है, ताकि लोगों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस प्रशासन ने कहा कि जनता दरबार जैसी पहल के माध्यम से लोगों की शिकायतों का नियमित रूप से निस्तारण किया जा रहा है और आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रतिबद्ध है।

# जमीन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। कोंच बाजार की रहने वाली रूपा कुमारी ने थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर बिजहरा निवासी बसंती देवी पर 8 लाख 48 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने जमीन दिलाने का वादा कर कई किस्तों में रकम ली थी। निर्धारित समय बीतने के बाद भी न तो जमीन का सौदा हुआ और न ही पैसे लौटाए गए। रुपये की मांग करने पर आरोपी ने पहले टालमटोल किया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छात्र की मौत, तीन बच्चे घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के बेलडीह गांव में बुधवार सुबह स्कूल जा रहे बच्चों पर आकाशीय बिजली गिरने से एक छात्र की मौत हो गई जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बेलडीह गांव निवासी राजेश यादव का पुत्र अंकुश राज (छठी कक्षा का छात्र) अपने साथियों के साथ स्कूल जा रहा था। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी बच्चे एक घर के दरवाजे पर खड़े हो गए। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से चारों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। परिजन गंभीर रूप से घायल अंकुश राज को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में बेलडीह निवासी रवींद्र पासवान का पुत्र अमित कुमार, राजकुमार यादव का पुत्र अंशु कुमार तथा बीटी बीघा भुई टोली निवासी कालेश्वर मांझी का पुत्र चुड्डू कुमार घायल हो गए। सभी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि अंकुश राज शांत, मिलनसार और पढ़ाई में मेधावी छात्र था। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वह दो भाइयों और दो बहनों में एक था तथा उसका एक भाई दिव्यांग है। बेटे की मौत के बाद मां रेखा देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेज दिया।

# बेलवन ठाकुरबाड़ी के समीप घर से लाखों की चोरी, एफएसएल व डॉग स्क्वायड ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। एक बार फिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नगदी और आभूषणों की चोरी कर इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। घटना बेलवन ठाकुरबाड़ी के समीप स्थित राज स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधान सहायक जयनन्दन शर्मा के घर में हुई। पीड़ित गृहस्वामी रवि राज ने टिकारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनके माता-पिता गांव चले गए थे। निचले तल्ले में ताला लगाकर वह पत्नी और बच्चों के साथ ऊपरी मंजिल पर सो रहे थे। बुधवार सुबह उठने पर देखा कि निचले तल्ले का दरवाजा खुला हुआ था और खिड़की की ग्रिल खोलकर चोर घर में प्रवेश



कर चुके थे। चोरों ने घर से करीब 100 ग्राम सोने के आभूषण, 350 ग्राम चांदी के जेवर तथा लाखों रुपये नगद चोरी कर लिए। घटना के बाद घर में सामान बिखरा पड़ा मिला। इसी रात चोरों ने उसी मोहल्ले में रहने वाले विष्णुकांत पाठक के घर की खिड़की खोलने का भी प्रयास किया, लेकिन घर के लोगों के जाग जाने पर वे मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, सीआई आशीष मिश्रा तथा टिकारी थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम और खोजी कुत्ते को भी बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए जबकि खोजी कुत्ते को कोई विशेष सफलता नहीं मिली। टिकारी थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और मामले के शीघ्र उद्भेदन का प्रयास किया जा रहा है।

# शौचालय टंकी निर्माण को लेकर विवाद, नगर निगम ने जारी किया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर के दुर्गास्थान रोड स्थित पंडरिया वार्ड-22 में प्रस्तावित सार्वजनिक रास्ते पर शौचालय की टंकी निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया। नगर निगम द्वारा जारी नोटिस के अनुसार शिकायत मिली थी कि मौजा आलमगंजपुर के प्लॉट संख्या 454, 546 एवं 11709 की साझा रास्ते की भूमि पर शौचालय की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जांच के दौरान निगम अधिकारियों एवं थाना कोतवाली पुलिस ने स्थल निरीक्षण भी किया है। जांच में



पाया गया कि संबंधित भूमि के बीच लगभग 7 फीट 9 इंच चौड़ा रास्ता दोनों पक्षों के आवागमन के लिए छोड़ा गया था। शिकायत के अनुसार पहले बनी टंकी को हटाने के बाद उसी स्थान पर दोबारा नई टंकी बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे रास्ता अवरुद्ध होने की आशंका जताई गई है। नगर निगम ने अपने नोटिस में कहा है कि भवन उपविधियों के अनुसार निर्माण की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि दोनों पक्षों के बीच विवाद होने से कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-106 से 109-26-27 (खुली), दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-106-26-27, **कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में आसनसोल मंडल में अंडाल और दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड के मौजूदा संयुक्त रनिंग रूम के विस्तार और दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड क्रू लॉबी के उन्नयन, रनिंग रूम के विस्तार और ट्रैक रखरखाव और परिचालन कर्मचारियों के लिए बुनियादी ढांचे, जिसमें गैंग हट्स, गुमटियां, पीने के पानी की सुविधाएं, रास्ते आदि का प्रावधान शामिल है, के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,44,13,153.82, **बयाना राशि :** रु. 16,88,300/-, **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-107-26-27, **कार्य का नाम:** एईएन/2/अंडाल के तहत तापसी-सीतारामपुर आउटर (सीतारामपुर स्टेशन को छोड़कर) लाइन, तापसी-बाराबानी (टीबी) कॉर्ड लाइन, तापसी-बेलबांध साइडिंग लाइन और सोनाचारा-जामबंध साइडिंग लाइन और साथ ही ए.एस. कॉर्ड लाइन के माध्यम से अंडाल आउटर (अंडाल स्टेशन को छोड़कर) खंड में अनुपयोज्य पीएससी स्लीपर द्वारा रेलवे भूमि डिमार्केशन (सीमांकन) पिलर के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 57,53,325.62, **बयाना राशि :** रु. 1,15,100/-, **क्रम सं. 3, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-108-26-27, **कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत सोनपुर बाजारी साइडिंग (पी.वे कार्यों के लिए) पर एक समय में वार्फ (पीएफ लाइन) में लोडिंग के साथ-साथ दोनों साइलो लाइनों में एक साथ लोडिंग के लिए साइलो लाइन नंबर 01 और लाइन नंबर 02 के बीच एक क्रॉस ओवर के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 62,60,976.31, **बयाना राशि :** रु. 1,25,200/-, **क्रम सं. 4, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-109-26-27, **कार्य का नाम:** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत सोनपुर बाजारी साइडिंग (सिविल कार्यों के लिए) पर एक समय में वार्फ (पीएफ लाइन) में लोडिंग के साथ-साथ दोनों साइलो लाइनों में एक साथ लोडिंग के लिए साइलो लाइन नंबर 01 और लाइन नंबर 02 के बीच एक क्रॉस ओवर के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 75,22,975.48, **बयाना राशि :** रु. 1,50,500/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 हेतु), 06 माह (क्रम सं. 2 हेतु) और 04 माह (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** 10.08.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-180/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/एसआर. डीईएन/1/डब्ल्यू॥, दिनांक 10.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-127-26-27, कार्य का नाम:** दमदम जंक्शन/ईआई के एमएसडीएसी ट्रैक सेक्शन के समानांतर डीसी ट्रैक सर्किट प्रदान करते हुए ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 1,34,06,797.73, **बयाना राशि :** रु.2,68,100/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-128-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह के अधीन सियालदह-बालिघाट शाखा में दीवारों और एबटमेंट पियर पर आर.सी.सी. जैकेटिंग प्रदान करते हुए दमदम जंक्शन-बालिघाट के बीच किमी 4/31-33 में ब्रिज सं. 14 सीसीआर, 5 सीसीआर स्पैन (1X24.384 मी.), किमी 5/11-13 में 11 सीसीआर स्पैन (1X18.288 मी.), किमी 8/19-25 में 10 सीसीआर स्पैन (1X32 और 2X15.85 मी.) एवं सियालदह-दमदम जंक्शन के बीच किमी 6/19-21 में ब्रिज सं. 27 स्पैन (1X9.75 मी.), किमी 2/13-15 में ब्रिज सं. 07 स्पैन (1X10.96 और 2X10.62 मी.) पर प्रस्तावित सुदृढ़ीकरण कार्य और अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,75,24,211.24, **बयाना राशि :** रु.5,50,500/-, **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन-129-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/सियालदह के कार्यक्षेत्र में ट्रैक नवीनीकरण कार्य और ड्रेनेज सुधार प्रणाली आदि की व्यवस्था द्वारा सियालदह यार्ड का सुधार और अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 15,73,91,972.54, **बयाना राशि :** रु.31,47,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **क्रम सं. 4, निविदा सं.: टीएन-130-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/नैहाटी (किमी 23/7 से 70/11 तक) के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की सामान्य मरम्मत, रखरखाव, पेंटिंग और कलर वाशिंग तथा पुलों और एफओबी की मरम्मत और रखरखाव, वरिष्ठ शाखा इंजीनियर (कार्य)/नैहाटी (किमी 23/7 से 70/11 तक) के अधिकार क्षेत्र में नए एम/सी शेड और आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर, आरपीएफ बैरक और अन्य नए लघु कार्यों आदि का रखरखाव जो सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधीन निष्पादित किया जाएगा (जोन क्रमांक 02, अवधि 30.06.2027 को समाप्त)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,33,00,000/- **बयाना राशि :** रु.4,66,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2026 को 15.30 बजे प्रत्येक हेतु। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-132/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**S.D. College, Kaler**
**Arwal, Bihar. 824127**
**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Auditorium Ground Floor Part-1 | 49,18,824-00 | 6 Months | 5,000=00 | 2% Tender Amount of |
| 2. | Construction of Auditorium Ground Floor Part-2 | 49,94,548-00 | 6 Months | 5,000=00 | 2% Tender Amount of |
| 3. | Construction of Auditorium Ground Floor Part -3 | 49,80,070-00 | 6 Months | 5,000=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**
a) Last Date for purchase of tender Documents may be obtained from Account Section till 2 pm during working hours of the college from 2PM 16-07-25 to 01-08-2026.
b) Submission of tender papers till 2 pm in the office, or registered post 08-08-2026.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**
1 D.D Should be made in the favor of Principal, S.D. College, Kaler, Arwal.
2. Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.
3. The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
**S.D. College, Kaler (Arwal)**

संपादकीय

# त्रिपक्षीय समझौता : नुकसान में नफा!

सरदार सरोवर परियोजना मामले में केन्द्र सरकार की मध्यस्थता से हुए त्रिपक्षीय समझौते को लेकर मध्यप्रदेश सरकार जो स्पष्टीकरण दे रही है, जो किसी के गले नहीं उतर रही है। जो बातें सामने आ रही हैं, उससे तो यही लगता है कि राज्य सरकार ने केन्द्र की मोदी सरकार के दबाव में ऐसे समझौते पर हामी भर दी है, जिसमें उसका ही नुकसान है, जबकि सबसे ज्यादा फायदा गुजरात को हुआ है। हालांकि मप्र की मोहन यादव सरकार अभी भी यही दावा कर रही है कि हमारा नुकसान में भी नफा ही है। प्रदेश में नर्मदा आंदोलन की पुरोधा रही मेधा पाटकर ने इस मामले में राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि वह सच्चाई क्या है, यह जनता को बताए। क्या मप्र ने अपना दावा छोड़ दिया है? सुश्री पाटकर ने पूरे समझौते पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि सरदार सरोवर परियोजना में मध्य प्रदेश के डूब क्षेत्र की 7669 करोड़ रुपये की वैध भरपाई और पुनर्वास के लिए 2900 करोड़ रुपये के दावे की अनदेखी हुई है। विवाद में मध्य प्रदेश में जलमग्न हुई वन भूमि, शासकीय भूमि और अन्य सार्वजनिक संसाधनों की भरपाई का मुद्दा शामिल है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र लगातार गुजरात से कानूनी रूप से अपेक्षित वित्तीय सहायता की मांग करते रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री और जल संसाधन मंत्री की मध्यस्थता से हुए समझौते को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

मेधा पाटकर ने कहा कि समझौते का अधिकृत ब्यौरा सार्वजनिक नहीं है, लेकिन प्रचारित खबरों में विरोधाभास हैं। उन्होंने परिप्रेक्ष्य को जानने और स्पष्टता की मांग करते हुए कहा कि किसी भी समझौते में मप्र सरकार और विस्थापितों के अधिकार सुरक्षित रहने चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में जब सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई 90 मीटर तक सीमित थी, तब मध्य प्रदेश सरकार ने परियोजना से होने वाली क्षति के लिए 281.46 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की थी। इस राशि में वन क्षेत्र के लिए 112.51 करोड़ रुपये, सरकारी भूमि के लिए 157.61 करोड़ रुपये और जलमग्न वन भूमि के लिए 11.34 करोड़ रुपये शामिल थे। इसके बाद बांध की ऊंचाई बढ़ाकर 110 मीटर और फिर 121.92 मीटर की गई। वर्ष 2014 से बांध की ऊंचाई में और वृद्धि की गई और 2017 में इसे 138.68 मीटर कर दिया गया। बांध की ऊंचाई बढ़ने के साथ ही मध्य प्रदेश में डूब क्षेत्र का विस्तार होता गया, जिससे बड़ी मात्रा में वन भूमि, सरकारी भूमि, कृषि क्षेत्र और अन्य प्राकृतिक संसाधन जलमग्न हुए। इससे राज्य को होने वाली क्षति पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई। विस्थापित गांवों की संख्या 2019 से 192 और एक नगर साबित हुई। 2023 में पुनरीक्षित बैकवॉटर स्तरों के आधार पर हजारों परिवारों को 'पुनर्वास के लिए अपात्र' घोषित कर दिया गया, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ गई। इसी वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने जलमग्न भूमि और अन्य प्रभावित परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन कराया। 2019-2020 के आधार पर तैयार इस पुनर्मूल्यांकन के अनुसार, राज्य ने अपने डूब क्षेत्र की भरपाई के दावे को बढ़ाकर 7,669 करोड़ रुपये कर दिया। यह दावा बढ़े हुए डूब क्षेत्र और वर्तमान मूल्य के अनुरूप वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तैयार किया गया था। 30 साल से अटके इस मामले पर 7 जुलाई को दिल्ली में समाधान हुआ, लेकिन मध्य प्रदेश को मुआवजा मिलना तो दूर, उल्टा गुजरात को 231.80 करोड़ रुपए चुकाने पड़ेंगे। यह तो न्याय मिलने की जगह अन्याय होने जैसी स्थिति है, लेकिन मप्र सरकार इसके खिलाफ आवाज उठाने की जगह जो हुआ, उसे ही फायदेमंद बता रही है। इससे संदेह और गहरा गया है।

# महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी, पुरी और मैं



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
**भारत की राष्ट्रपति**

बचपन से मुझे श्रीजगन्नाथ जी की अनेक प्रार्थनाएँ और भजन याद हैं। स्कूल और कॉलेज में पढ़ते समय मैं गीत गाया करती थी। जगन्नाथ जी का भजन गाकर मैं खुश होती थी। महाप्रभु को अपने निकट पाती थी। अब गीत नहीं गाती। किंतु साँझ-सबेरे महाप्रभु का स्मरण करके उनके भजन गुनगुना लेती हूँ। मुझे लगता है कि महाप्रभु हर वक़्त मेरे आस-पास ही रहते हैं। विपदा-आपदा में मेरी मदद करते हैं। भक्तकवि मधुसूदन राव का गीत आज भी मैं मन ही मन गाती हूँ-

मेरे पास दिन-रात रहते हैं महाप्रभु परमेश्वर,
यह बात याद कर हृदय में पूजूँगा उन्हें निरंतर।

मैं कुछ समझने-बूझने की उम्र में पहुंचने तक जगन्नाथ जी को जानने लगी थी। हमारे घर में अक्सर जगन्नाथ जी की चर्चा होती थी। गाँव के हर टोले में उनकी महिमा का बखान होता था। जब मैं गाँव के स्कूल में पढ़ती थी, भक्त सालबेग की आहे नीड़ो शोइड़ो प्रार्थना गाई जाती थी। स्कूल के शिक्षक जगन्नाथ जी के बारे में तरह-तरह की बातें कहा करते थे। पुरी में बड़ा मंदिर है, इतना बड़ा मंदिर और कहीं नहीं है! मंदिर में श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ पूजे जाते हैं। जगन्नाथ जी का रंग काला है, उनकी आँखें गोल-गोल हैं। सुभद्रा जी का रंग पीला है, बलभद्र है चाँदनी फूल की तरह सफेद। वह छवि एक बार देख लेने के बाद फिर भुलाए नहीं भूलती। सर यह भी कहते थे, जगन्नाथ हैं 'महाप्रभु', उनका प्रसाद महाप्रसाद है, उनका मंदिर बड़ा मंदिर है, उनका पथ विशाल पथ (बोड़ो दांडो) है, और उनका समुद्र महोदधि है। मयूरभंज के उपरबेड़ा गाँव से पुरुषोत्तम क्षेत्र पुरी की दूरी बहुत थी! भला देखने का अवसर मुझे कहाँ मिलता। किंतु मैं भुवनेश्वर गई और मैंने यूनिट-2 के गर्ल्स हाईस्कूल में नाम लिखवाया। हॉस्टल में रहने लगी। उसके बाद मैंने पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क देखा। पहली बार जगन्नाथ दर्शन की स्मृति मेरे मन से मिटी नहीं है। बहुत बड़ा मंदिर, बड़े-बड़े देवता! भला ये सब भुलाए जा सकते हैं?

क्या भुलाई जा सकती है उनकी रथयात्रा? बारह महीने में तेरह पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं श्रीक्षेत्र में। लेकिन रथयात्रा की छटा तो निराली होती है। पूरे वर्ष भक्तगण यहाँ आकर महाप्रभु का दर्शन करते हैं मंदिर के अंदर जाकर। किंतु वर्ष में एक बार महाप्रभु अपने भव्य मंदिर से बाहर विशाल पथ (बोड़ो दांडो) पर आते हैं। भक्तों को दर्शन देते हैं। तीन रथ पर तीन ठाकुर बैठकर चक्रराज सुदर्शन के साथ गुंडिचा मंदिर की ओर यात्रा करते हैं। वहाँ सात दिनों तक रहकर वापस लौट आते हैं। महाप्रभु का यह महापर्व अतुलनीय है।

बचपन से मैं जगन्नाथ जी की भक्त हूँ। वे सर्वदा मेरे परम आराध्य हैं। मेरे जीवन के उत्थान और पतन के वे नियंता हैं। मेरे दुख-सुख के कर्ता-धर्ता हैं। जीवन में मैंने बहुत कष्ट भी सहे हैं। उन सब दारुण दुखों से उबारा है मुझे महाबाहु ने। मैं उनकी बेटी जो हूँ! राष्ट्रपति पद के लिए मुझे उम्मीदवार बनाने की घोषणा होते ही मैंने महाप्रभु का स्मरण किया। इतनी ऊँचाई पर मुझे ले जा रहे हो प्रभु, पग-पग पर मुझे सहारा देना, सदा मेरे पास रहना - यह मेरी प्रार्थना थी। उन्होंने मेरी प्रार्थना सुनी, सुन भी रहे हैं।



राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में दिल्ली में रहने के दौरान रथयात्रा का महापर्व आया। परंतु पुरी जाना संभव नहीं था। रथयात्रा के दिन बड़े भोर में दिल्ली के हौजखास में बने जगन्नाथ मंदिर जाकर मैंने महाप्रभु के दर्शन किए। आनंद से भर गया मन। उनका आशीष मुझ पर बरस गया। बड़े आत्मविश्वास से मैंने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। अत्यंत उत्साह से चुनाव कैंपेन में भाग लिया। 25 जुलाई, 2022 को पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में शपथ लेने जाते समय मैं जगन्नाथ जी से प्रार्थना करते-करते जा रही थी। उनके आशीर्वाद से मेरा शपथ-पाठ खूब अच्छी तरह संपन्न हुआ। राष्ट्रपति के रूप में मेरे प्रथम भाषण के समय मानो वे मेरे साथ ही थे। पुरी जाकर महाप्रभु के दर्शन के लिए मेरा मन व्याकुल हो उठा। दिन बीतते चले गए, लेकिन मैं पुरी नहीं जा सकी। मुझे लगा कि बिना उनके बुलावे के कोई कैसे उनके पास जा सकता है! मैंने मन ही मन उनसे कहा, मेरा कोई दोष हो तो क्षमा करो प्रभु, मुझे पुरी बुलाओ, दर्शन दो। वे भाव के ठाकुर हैं। मेरा भाव कैसे नहीं समझते? कुछ ही दिनों में पुरी जाने का कार्यक्रम तय हो गया। उस दिन 10 नवंबर, 2022 था। पुरी में अवतरण करने के बाद कार-केड चल पड़ा श्रीमंदिर की ओर। कार-केड पुरी के प्रशस्त पावन-पथ पर पहुँचते ही मेरे अंदर एक अपूर्व भावना का संचार हुआ। यह विशाल-पथ महाप्रभु जगन्नाथ का ही है। यहाँ क्या आवश्यकता है प्रोटोकॉल की? पुरी तो क्षेत्रराज के रूप में प्रसिद्ध है। महाप्रभु देवाधिदेव हैं। और अधिक कुछ सोचने से पहले मैंने गाड़ी रुकवाई। मेरी गाड़ी रुकने पर पीछे आ रही सारी गाड़ियाँ रुक गईं। किसी के कुछ समझने से पहले मैंने पावन-पथ पर नंगे पैर चलना शुरू कर दिया। श्रीमंदिर लगभग दो किलोमीटर दूर था। मंदिर के नीलचक्र और पतित पावन-ध्वज को देखते हुए मैं आगे बढ़ती चली गई।

पथ के दोनों किनारों पर खड़े बचों, महिलाओं, युवा-छात्रों और बुजुर्गों को नमस्कार भी करती जा रही थी। मेरा ध्यान था जगन्नाथ जी के पास। श्रीमंदिर के सिंहद्वार के पास पहुंचते ही मैं स्थिर नहीं रह पाई। तब तक मैं खुद को भूल चुकी थी। पावन-पथ की धूल में साष्टांग लेटकर मैंने महाप्रभु को प्रणाम किया। उसके बाद मंदिर में प्रवेश। गर्भगृह में पहुंचकर चतुर्धा मूर्तियों का दर्शन करते ही मैं आनंद से अभिभूत हो गई। महाप्रभु जगत के नाथ हैं, अनाथों के नाथ हैं। जगत के लोगों का दुःख दूर करने के लिए वे सदा तत्पर रहते हैं। इसलिए उनकी गोल-गोल आँखों की पलकें कभी नहीं झपकतीं। उनके लिए छोटा-बड़ा कोई नहीं है। वे सबको सामान दृष्टि से देखते हैं, समता के मंत्र से सबको अभिमंत्रित करते हैं। उनकी करुणा पाकर ही मैंने समाज के हर वर्ग की सेवा में स्वयं को समर्पित किया है। गोल-गोल आँखों वाले की ओर देखते हुए करबद्ध होकर बोली, आपके आशीर्वाद से मेरा यह समर्पण भाव हमेशा बना रहे, हे महाबाहु। देश-दुनिया पर अपनी छत्र-छाया बनाये रखें, हे कृपानिधि! यह कहते हुए मैं भक्तिभाव से विह्वल हो उठी।

अध्यात्म

## तुरंत विश्वास करना नुकसान का कारण बन सकता है

एक लोक कथा है, पुराने समय में एक गांव के मंदिर में एक साधु रहता था। वह अपनी तपस्या, अनुशासन और सादगी के लिए प्रसिद्ध था। लोग उसे बहुत सम्मान देते थे और उसे दान भी देते थे। कभी वस्त्र, कभी भोजन, कभी पैसे। धीरे-धीरे उस साधु के पास काफी धन इकट्ठा हो गया। इस धन के साथ ही साधु के मन में भय भी बढ़ता गया। उसे हर समय यह चिंता सताती रहती थी कि कहीं उसका धन चोरी न हो जाए। इसी डर के कारण उसने सारी जमा पूंजी एक पोटली में बांध ली और उसे हमेशा अपने साथ रखना शुरू कर दिया। वह न तो किसी पर भरोसा करता था और न ही किसी को अपने पास आने देता था। उसी गांव में एक चालाक ठग भी रहता था, जिसकी नजर लंबे समय से उस साधु के धन पर थी। वह जानता था कि सीधा तरीके से इस साधु से धन लेना आसान नहीं है, इसलिए उसने एक योजना बनाई। उसने एक भोले-भाले विद्यार्थी का रूप धारण किया और साधु के पास जाकर विनती की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले। उसने मीठी-मीठी बातें कीं और साधु की प्रशंसा की, जिससे साधु प्रसन्न हो गया और उसे अपना शिष्य बना लिया। ठग ने साधु की खूब सेवा की और विनम्रता का दिखावा किया। वह मंदिर की सफाई करता, साधु के कामों में मदद करता और हमेशा आज्ञाकारी बना रहता। उसका व्यवहार इतना प्रभावशाली था कि साधु ने कुछ ही समय में उस पर पूरा विश्वास कर लिया। अब वह अपनी वस्तुएं भी उसके पास रखने लगा। कुछ समय बाद साधु को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव जाना था। वह अपने शिष्य के साथ यात्रा पर निकल पड़ा और अपनी धन की पोटली भी साथ ले ली। रास्ते में नदी आई और साधु ने स्नान करने का निर्णय लिया। उसने पोटली को एक कंबल में लपेटकर नदी किनारे रख दिया और शिष्य से उसकी देखभाल करने को कहा। जैसे ही साधु नदी में गया, ठग को मौका मिल गया। वह तुरंत पोटली उठाकर वहां से भाग गया। जब साधु वापस आया तो सब कुछ लुट चुका था। इस घटना से साधु को गहरा सबक मिला कि बिना जांचे-परखे किसी पर अंधा विश्वास करना कितना खतरनाक हो सकता है।

**सीखः** इस कहानी की सबसे पहली सीख यह है कि अंधा विश्वास खतरनाक हो सकता है। जीवन में हर व्यक्ति अच्छा नहीं होता। इसलिए किसी भी व्यक्ति पर भरोसा करने से पहले उसके व्यवहार और इरादों को समझना जरूरी है।

# ये गौरवर्ण की लुनाई इन्हीं से चुराई है

**फुटबॉल मुकाबले के राउंड ऑफ़ 16 में पैराग्वे की हार के बाद बिफरी वहां की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला ने फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे को लेकर बेहूदा नस्लीय टिप्पणियाँ की और उनकी पृष्ठभूमि को लेकर अपमानजनक बातें कहीं। इसे लेकर स्वाभाविक ही था कि लोग खिन्न हुए, कुछ नाराज भी हुए, मगर जैसा कि होता है जल्दी ही इसे एक 'विवाद' बताया जाने लगा। एम्बाप्पे के जवाबी जुमले को अमारिला के आपराधिक शब्दों के बराबर रखकर पश्चिमी मीडिया अपना खेल खेलने लगा। कालों और अश्वेतों के प्रति यह द्वेष नया नहीं है बहुत पुराना है। लुटेरे जब इतिहास लिखते हैं तब सिर्फ इतिहास भर नहीं लिखते : वे भाषा भी गढ़ते हैं। मनुष्यता के शिकार में की गयी अपनी हिंसक, बर्बर, जघन्य और घोर आपराधिक ज्यादतियों पर पर्दा डालने के लिए भाषा को भी नुकीले खंजर की तरह वापरते हैं।**

**बादल सरोज**

दुष्टई को प्रचलन में लाकर आम बना देते हैं। जैसे जो चीज खराब है वह नियमतः काली होगी : काले क़ानून, काली करतूतें, कालिख पोत देना, मुंह काला कर देना। जिस तरह वर्चस्वकारी दर्शन और विचार वही होते हैं जो शासकवर्ग के होते हैं : इसी तरह भाषा, मुहावरे, लोकोक्तियाँ, कहावतें यहाँ तक कि व्याकरण भी वे ही कमबख्त तय करते हैं। हिन्दुस्तानियों - इस पूरे प्रायद्वीप - को यह याद दिलाने की जरुरत नहीं। अपने यहाँ की, किसी भी भाषा की गालियों, कहावतों पर निगाह डाल लीजिये पता चल जाएगा। उधर वाले कुंठित आत्ममुग्ध अमूमन रंग से खेलते हैं, इधर वालों के पास रंग के अलावा वर्ण है, जाति है, स्त्री है, यहाँ तक कि शारीरिक विकलांगता और रोग भी हैं। सेलेस्टे अमारिला के मुंह से निकला गरल इसी का प्रवाह था। मगर मादाम यह भूल गयी कि सत्य वह होता है जो तथ्यों में दर्ज और खुली आँखों से दृष्टव्य होता है। वे यह भी भूल गयीं कि जिस एम्बाप्पे की अफ्रीकी देशों से जुड़ी जड़ें उन्हें चुभ रहीं हैं। कैमरून के पिता और अल्जीरिया की माँ का बेटा होना इन्हें उसके कमतर होने का आधार नजर आ रहा है - वह एम्बाप्पे अकेला नहीं है। बहुत पहले कभी तब तक की फुटबॉल के सबसे महान खिलाड़ी पेले ने कहा था कि इस शताब्दी के अंत तक कोई अफ्रीकी देश फुटबॉल विश्वकप जीतकर जाएगा। उनका कहा उस तरह तो नही किंतु कुछ इस तरह सच हुआ कि पूरा फीफा वर्ल्ड कप ही अफ्रीकियों और प्रवासियों का होकर रह गया।

डियागो माराडोना ने 2018 के विश्वकप को 'अब तक का सर्वाधिक आप्रवासी खिलाड़ियों वाला विश्व कप' बताया था। विस्तार से बचने के लिए पुराने उदाहरणों को गिनाने की बजाय इसी - फीफा 2026 -मुकाबले को ले लेते हैं और राउंड ऑफ़ 16 के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंची 8 टीमों के प्रोफाइल पर ही नजर डाल लेते हैं। फ्रांस से ही शुरू करते हैं। क्वार्टर फाइनल में मोरक्को पर किलियन एम्बाप्पे के अलावा जिन उस्मान डेम्बेल ने गोल दागा था उनके पिता माली से और उनकी माँ मॉरिटानिया और सेनेगल मूल की हैं। फ्रांस की 26 सदस्यीय टीम में से 21 खिलाड़ी अफ्रीकी हैं या मिश्रित हैं या काले हैं। 2018 की फ्रांस की विश्व विजेता टीम के 14 खिलाड़ी और 2022 की टीम के 13 खिलाड़ी अफ्रीकी मूल के थे। अल्जीरिया, कैमरून, अंगोला, कांगो, बेनिन, गिनी बिसाऊ, माली, मोरक्को, सेनेगल और मॉरितानिया आदि देश उनका मूल उदगम थे। इस बार इनकी संख्या और बढ़ी ही है 26 में से 21 हो गयी है।

जिस मोरक्को को उन्होंने हराया उसके 26 में 19 खिलाड़ी विदेशों में जन्मे हैं। इनमे एक को छोड़ दें तो 18 खिलाडीआप्रवासी हैं : डायस्पोरा हैं। बाहर से आये हैं। इनके कप्तान और शानदार खिलाडी अशरफ हकीमी स्पेन में जन्मे हैं। फ्रांस में जन्मे 6, नीदरलैंड और बेल्जियम में जन्मे 3-3 हैं। अभी अभी सुबह शानदार खेल के बाद भी क्वार्टर फाइनल हारे स्विट्ज़रलैंड का हाल और भी निराला है। इनके 2 खिलाड़ी कैमरून, 1 इंग्लैंड का है।



इतना ही नहीं बाकी 23 खिलाडियों के रोस्टर का 90% उन खिलाडियों से बना है विदेशी मूल के हैं। आज ही इंग्लैंड से हारी नॉर्वे के 7 खिलाड़ी ऐसे हैं जो मोरक्को, कोटे डी आइवर, गाम्बिया, वियतनाम और नाईजीरिया से ताल्लुक रखते हैं। इंग्लैंड के 26 में से 15 खिलाड़ी या तो अफ्रीकी मूल के हैं या कैरबियन देशों से आये हैं। अपने गोरेपन पर गुरियाने वाले अंग्रेज अपने ही देश की टीम में अल्पमत में हैं। स्पेन तक की टीम में 2 अश्वेत अफ्रीकी हैं। इसके लातिन अमरीका के पूर्व उपनिवेशों के मूल वाले खिलाड़ियों की सूची निकालेंगे तो बोलिविया से मैड्रिड तक सीमोन द बोलिवर की संतानों की खटियायें बिछ जायेंगी। बेल्जियम की टीम में सेनेगल के एमाडोऊ ओनामा सहित 9 खिलाड़ी अफ्रीकी मूल के हैं।

सिर्फ अर्जेंटीना ऐसी टीम है जिसमे इटली में जन्मे सिमेओन और अर्जेंटीनी माँ बाप से मैड्रिड में जन्मे निकोलस पाज़ को छोड़कर बाकी सभी अर्जेंटीनी हैं। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में अश्वेत खिलाड़ियों की अनुपस्थिति कोई संयोग नहीं है, बल्कि यह काफी हद तक इस देश के नृशंस इतिहास से जुड़ा हुआ है। 19वीं और 20वीं सदी के अंत में, अर्जेंटीना के तानाशाहों ने बड़े पैमाने पर यूरोपीय प्रवासियों को न्यौता और गैर यूरोपीय यहाँ तक कि लैटिन अमरीका के ही नागरिकों को खदेड़ा : नरसंहार भी किये गए। नतीजे में देश की अश्वेत आबादी का प्रतिशत काफी कम हो गया, जिसका प्रभाव आज की खेल टीमों में भी दिखाई देता है।

बहरहाल ओलंपिक्स के सारे खेलों से लेकर सारे फुटबॉल मुकाबलों में इन देशों की टीम्स देख लीजिए। फीफा की 8 टीमों की विवरणिका ऊपर दी है, बाकी के भी यही हाल हैं। यूरोप हो या अमरीका का संयुक्त राज्य अमरीका - गोरे रंग पे गुमान करने वाला कोई भी देश बिना कालों के एक मैच नहीं जीत सकता। इसके बाद भी इन आप्रवासी खिलाड़ियों का महेरी में साझे खीर में न्यारे का दर्द है। पिछले विश्वकप के बाद लुकाकु अपने ब्लॉग में लिख चुके हैं कि 'जब मैं अच्छा खेलता हूँ तो मुझे बेल्जियन स्ट्राइकर कहा जाता है, जब नही खेल पाता तो मेरा परिचय कांगो मूल के बेल्जियम खिलाड़ी का रह जाता है।' इतने ही पाखंडी हैं ये नस्लवादी!! यह सच आज जोर से दोहराना जरूरी है। क्योंकि इन्ही देशों के कुछ नेता अपने देश केआप्रवासियों के खिलाफ जहरीली मुहिम छेड़े हुए हैं। हिन्दुस्तान की तरह ये देश भी कारपोरेट की गोद मे बैठी नव-नाजीवादी, फासिस्टी, रंगभेदवादी, नस्लवादी संकीर्ण राजनीति और ओछे ठगों की चपेट में हैं। अमारिला मैम, विक्टिम कार्ड खेलने के लिए महिला होने की आड़ मत लीजिये। आपकी टिप्पणी के जवाब में एम्बाप्पे ने 'घृणित महिला, जो जिस पद पर है उस पद के योग्य नहीं है' कहा। आप की जगह कोई पुरुष होता तो वह घृणित महिला की जगह आदमी बोलता। इसमें जेंडर नहीं क्लास है।

सदियों तक अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमरीका के देशों, उनकी संपदा की चोरी और उनके नागरिकों की गुलामी के दम पर खड़ी हुयी हैं यूरोप और ट्रम्प वाले अमरीका की अट्टालिकाएं। आज भी उनकी चमचमाहट में न जाने कितनी पीढ़ियों का खून शामिल है। अमीर देश और उनके अमीर क्लब्स अफ्रीका से सिर्फ सोना-हीरा-खनिज और सम्पदा चुराकर ही नहीं ले जाते। इन अफ्रीकियों की देह के बल के दम पर खिताब भी जीतते हैं। यही देश आज भी इन्ही पूर्व-गुलामो और उनके आज के वंशजो की मेहनत और ताकत के दम पर मजे उड़ा रहे हैं। हमारे यहाँ एक निराले कवि हुए हैं, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, वे आप और आप जैसों को संबोधित करते हुए कह गए हैं कि 'अबे सुन बे गुलाब/भूल मत गर पाई खुशबू रंगो आब/रक्त चूसा खाद का तूने अशिष्ट/डाल पर इतरा रहा है कैपिटलिस्ट'। फीफा के चमचमाते स्टेडियम्स, होटल, सड़कों, वाशरूम्स, खिलाड़ियों और दर्शकों की देखरेख जैसे अनदिखे कामों के पीछे भी आप्रवासी मजदूरों का श्रम है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी स्वजन के लिये आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। अपने करियर को लेकर अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**वृषभ**
प्रशासनिक अधिकारियों को उत्कृष्ठ कार्यों के लिये सम्मान मिल सकता है। दोपहर के बाद परिस्थितियाँ धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी।

**मिथुन**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है।

**कर्क**
नवविवाहित जातक अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**सिंह**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे समय पर पूर्ण कर लेंगे। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या**
व्यवसाय में धन-लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपके विरोध में आ सकते हैं।

**तुला**
विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें। विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। सम्पत्ति के मामले अति अनुकूल रहेंगे। संगीत और अभिनय के विषय में आप रुचि ले सकते हैं।

**धनु**
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही उत्तम रहने वाला है। शरीर में स्फूर्ति रहेगी। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर अधिक तनाव न लें। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नये अनुबन्ध करने पड़ सकते हैं।

**मकर**
व्यवसायियों की दैनिक आय में वृद्धि की सम्भावना बन रही है। परिवार में आपसी तालेमल बेहतरीन रहेगा।दृढ़ इच्छाशक्ति के बलबूते कठिन कार्य भी आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

**कुंभ**
व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कन्जूसी न करें।

**मीन**
आज जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम-सम्बन्धों को वैवाहिक स्वीकृति मिल सकती है। साझेदारी वाले कार्यों से आपको लाभ मिलेगा।

# घोसवरी में उच्च शिक्षा के नए युग की शुरूआत, राजकीय डिग्री महाविद्यालय का भव्य शुभारंभ





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी प्रखंड के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। क्षेत्र के विद्यार्थियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हुई, जब घोसवरी डीह पर नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया।बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पूरे बिहार में नवनिर्मित 211 डिग्री कॉलेजों का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इसी क्रम में मोकामा के विधायक अनंत कुमार सिंह ने घोसवरी स्थित महाविद्यालय के नए भवन का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधायक अनंत कुमार सिंह ने कहा, उच्च शिक्षा को गांव और कस्बों तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता है। घोसवरी डिग्री कॉलेज खुलने से अब यहां के हजारों छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए पटना, बेगूसराय या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे छात्रों के समय और धन दोनों की बचत होगी और क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा। उद्घाटन समारोह में विधायक पुत्र अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इसे घोसवरी के शैक्षणिक विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया।स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि एक सरकारी डिग्री कॉलेज की मांग वर्षों पुरानी थी, जिसके पूरा होने से घोसवरी समेत मोकामा, मरांची, हाथीदह और आसपास के दर्जनों गांवों के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा सुलभ हो सकेगी। राजकीय डिग्री महाविद्यालय के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में शिक्षा के एक नए अध्याय की शुरूआत हो गई है। लोगों को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह संस्थान उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा।मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राज किशोर गुप्ता और घोसवरी बीडीओ आनंद प्रकाश मौजूद रहे।

# नदौल पैक्स चुनाव आज : 5 महीने बाद हो रही पुनः वोटिंग, कड़ी सुरक्षा के बीच 15 उम्मीदवार मैदान में

**सुबह 7 से शाम 4:30 बजे तक मतदान, 6 बजे से मतगणना**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत स्थित नदौल पैक्स के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव आज कड़ी सुरक्षा के बीच होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगा। मतगणना शाम 6 बजे से शुरू होगी। जहां दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं, 1428 मतदाता वोट करेंगे, 8 पीठासीन पदाधिकारी को दो बूथ पर तैनात की गई है। चुनाव को लेकर बुधवार को सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री के साथ बूथों के लिए रवाना कर दिया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।गौरतलब है कि नदौल पैक्स में मतदान पहले 20 अप्रैल को होना था। लेकिन मतदान से 5 दिन पहले 15 अप्रैल को मतदाता सूची में विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। करीब 5 महीने बाद अब चुनाव की तिथि तय की गई है।इस बार सिर्फ प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव पहले ही निर्विरोध हो चुका है। कार्यकारिणी के 15 पदों के लिए कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। श्रेणीवार उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/ जनजाति के 3 उम्मीदवार,पिछड़ा वर्ग 4 उम्मीदवार,अति पिछड़ा वर्ग 3 उम्मीदवार ,सामान्य वर्ग 5 उम्मीदवार है।निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। पैक्स सदस्यों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# नदौल के सरपंच ने मारपीट और एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी का लगाया आरोप

**पुनपुन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत में कचहरी लगाकर दूसरों को न्याय देने वाले पंचायत के न्यायाधीश यानी सरपंच खुद न्याय के लिए थाने का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल रास्ता विवाद में दो पक्षों के बीच पंचायती करने के बाद दोनों पक्ष अब सरपंच को ही गाली गलौज मारपीट और एससी एसटी एक्ट में फसाने की धमकी दे रहे हैं।दरअसल नदौल पंचायत के वर्तमान सरपंच मनोज कुमार ने थाने में आवेदन देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रास्ता विवाद को लेकर पंचायती के बाद कुछ लोग उनके साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं और झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।आवेदन में सरपंच मनोज कुमार पिता महेंद्र प्रसाद, ग्राम जमालपुर विगहा ने बताया कि गोवर्धन रविदास, प्रमिला देवी पति देवन रविदास, श्याम सुंदरी देवी और माजू देवी समेत अन्य लोगों के साथ रास्ता विवाद को लेकर सामाजिक स्तर पर पंचायत हुई थी। पंचायत में तय हुआ था कि विवादित जमीन से मकान हटवाकर मामला सुलझाया जाएगा। आरोप है कि पंचायत के बाद 14 जुलाई की शाम करीब 7 बजे उक्त लोग उनके घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज की। इसके बाद 15 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे प्रमिला देवी और श्याम सुंदरी देवी फिर घर आईं और अभद्र व्यवहार करते हुए अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत झूठा मुकदमा दर्ज कराने और जान से मारने की धमकी दी।

# पुनपुन अंचल के खिलाफ हाईकोर्ट में केसों की बाढ़, 4 साल में 15 से ज्यादा रिट याचिकाएं लंबित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचलाधिकारी पुनपुन कार्यालय के रिकॉर्ड से खुलासा हुआ है कि पिछले 4 साल में अंचल के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में 15 से अधिक सिविल रिट याचिकाएं उहखउ दर्ज की गई हैं। अधिकांश मामले जमीन संबंधी विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन और राजस्व सेवाओं में देरी से जुड़े हैं। कार्यालय के वाद पंजी के अनुसार 2022 में महंत रामशोभित दास का केस CWJC 6227 सबसे पुराना है। इसके बाद 2024 में अजय कुमार सिंह, 2025 में सुनील कुमार, जयप्रकाश सिंह, आशा देवी, भानु उदय प्रसाद सिंह और 2026 में कृष्ण गोपाल, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार सिंह, विष्णुकांत, नीलम, काश्मीर साव सहित कई लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रतिवादी के तौर पर अधिकांश मामलों में अंचलाधिकारी पुनपुन के साथ रउद्ध मसौढ़ी और AC पटना को भी पक्ष बनाया गया है।

**जमीन, दाखिल-खारिज और राजस्व विवाद के मामले सबसे ज्यादा**

कार्यालय ने 2025-2026 में दर्ज अधिकांश मामलों में शपथ पत्र SOF तैयार कर लिया है। कानूनी जानकारों का कहना है कि राजस्व मामलों में समय पर निपटारा नहीं होने और स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं मिलने के कारण लोग सीधे हाईकोर्ट जा रहे हैं। इससे न सिर्फ आम लोगों का समय और पैसा खर्च हो रहा है, बल्कि सरकारी मशीनरी पर भी अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। अंचलाधिकारी ने कहा कि सभी मामलों में समय पर जवाब दाखिल किया जा रहा है और लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए शिविर लगाए जाएंगे।

**मर्चेंट नेवी अधिकारी के घर चोरी**

## लाखों के जेवरात और ढाई लाख नगद चुरा ले गए चोर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के रामजयपाल नगर इलाके में स्थित एक बंद घर का निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों लाखों के सोने-चांदी के जेवरात समेत ढाई लाख नगद रुपए पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित घर मालिक आकाश दीप ने चोरों के खिलाफ स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पीड़ित आकाश दीप ने बताया वह मर्चेंट नेवी के एक चीफ अधिकारी के तौर पर काम करते हैं। वह 11 जुलाई की शाम घर में ताला लगाकर पटना सिटी स्थित अपने ससुराल गए थे। एक दिन बाद उनके मोबाइल पर घर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज नहीं दिख रही थी, जिस पर उन्हें लगा कि इंटरनेट सेवा बाधित है। 13 जुलाई की दोपहर जब वह घर लौटे तो पाया कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर सभी कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने घर के कमरों में रखे गोदरेज लॉकर तोड़कर करीब 2.5 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

# एस.एम.डी कॉलेज में अनुदीप फाउंडेशन का जॉब फेयर, 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस.एम.डी कॉलेज, पुनपुन में बुधवार को अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय जॉब फेयर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र, प्रबंधक मो. इमरान, डॉ. अबेंद्र पासवान, डॉ. विनोद कुमार, राधेश्याम सुमन, लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार और रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।जॉब फेयर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ना और निजी क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र ने कहा कि इस प्रकार के जॉब फेयर विद्यार्थियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके।अनुदीप फाउंडेशन के प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने बताया कि उनकी संस्था युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट भी कराती है। उन्होंने छात्रों को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनुदीप फाउंडेशन के रंजन कुमार, मनीष कुमार और रितेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जॉब फेयर के दौरान छात्रों में खासा उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अपने करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## दनियावां को मिली उच्च शिक्षा की सौगात, नए डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के दनियावां प्रखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरूआत हुई है। नवस्थापित दनियावां डिग्री कॉलेज का उद्घाटन स्थानीय विधायक अरुण शाह ने फीता काटकर किया। यह उद्घाटन बिहार सरकार के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत हुआ, जिसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार चौधरी ने भागलपुर से वर्चुअल माध्यम के जरिए राज्य के 211 डिग्री कॉलेजों का एक साथ उद्घाटन किया।



फिलहाल दनियावां डिग्री कॉलेज का संचालन सिगरियावां हाई स्कूल परिसर में निर्मित नए भवन से शुरू किया गया है। कॉलेज के पहले सत्र में 53 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है, जिनमें 32 छात्र और 21 छात्राएं शामिल हैं। कॉलेज में प्राचार्य के रूप में खालिद अहमद तथा प्राध्यापक के रूप में सीमा कुमारी की नियुक्ति की गई है। उद्घाटन समारोह में कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गौतम कृष्ण, रणजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि आर्यन सागर, मुखिया रूबी देवी, नवनीत कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एएन कॉलेज में इसी सत्र से शुरू होगी बीएससी एआई, एमकॉम और एमलिस आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने बताया कि तीन नये वोकेशनल कोर्स जिसमें चार वर्षीय बीएससी एआई, एमकॉम और मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस एमलिस की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू की जायेगी जिसके लिए। कॉलेज की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर लिया गया है. बीएससी एआई में कुल 40 सीट और एमकॉम में 30 सीटों पर नामांकन लिया जायेगा. इसके अलावा एमलिस में कितनी सीटों पर नामांकन होगा यह कॉलेज प्रशासन की ओर से फाइनल निर्णय के बाद तय की जायेगी. एकेडमिक काउंसिल के एजेंडा में इन तीन नये कोर्स की पढ़ाई शुरू करने को लेकर सदन को अवगत कराया गया था. जिसके बाद सत्र 2026-27 से इन तीन नये कोर्स के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी. यह तीन नये कोर्स सेल्फ फाइनेंस होंगे. यह कोर्स उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इन कोर्स से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलेंगे. इन तीनों कोर्स में स्पेशिलाइज्ड फैकल्टी को नियुक्त किया गया है.



**भविष्य की तैयारी और रोजगार पर फोकस**

कॉलेज की प्राचार्या प्रो रत्ना अमृत ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता बढ़ेगी और वे आधुनिक रोजगार के बाजार के लिये तैयार हो सकेंगे. इन तीन नये कोर्स छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगा. बीएससी एआई में विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग सी पायथन, डिजिटल लॉजिक डिजाइन, कोर स्किल्स, एआई इंट्रोडक्शन, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और जेनरेटिव एआई की सरल समझ के साथ ही डेटा और निर्णय प्रक्रिया में एआई की भूमिका व तकनीक के सामाजिक और नैतिक पहलुओं की जानकारी दी जायेगी. प्राचार्या रत्ना अमृत ने यह भी बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा एक digital library भी बनाने का प्रयास जारी है जो पूर्ण wi-fi युक्त होगा जिससे छात्रों को बेहतर तैयारी करने मे मदद मिलेगी।

# धनरूआ में खेग्रामस का सदस्यता अभियान

**तेतरी-औरंगपुर में सैकड़ों मजदूरों ने ली सदस्यता**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा खेग्रामस का सदस्यता अभियान बुधवार को धनरूआ प्रखंड के तेतरी और औरंगपुर गांव में चलाया गया। अभियान में सैकड़ों ग्रामीण मजदूरों और गरीबों ने सदस्यता ग्रहण की। तेतरी में अभियान की अगुवाई भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो सदस्य सह पटना जिला ग्रामीण पश्चिमी के सचिव कामरेड अमर ने की। उनके साथ जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र प्रसाद और दीपक प्रसाद भी मौजूद थे। वहीं औरंगपुर में पंचायत के पूर्व मुखिया सह जिला कमेटी सदस्य प्रमोद यादव के नेतृत्व में बैठक हुई। ग्रामीण सभा को संबोधित करते हुए कामरेड अमर ने कहा कि बेतहाशा महंगाई ने गरीब-मजदूरों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं में कटौती कर दी है। मनरेगा को लगभग समाप्त कर दिया गया है और उसकी जगह 'जी राम जी मनरेगा' कानून लाया गया है जिसके तहत अभी तक कहीं काम नहीं मिला है। उन्होंने कहा मोदी सरकार गांव में रोजगार नहीं देकर गरीबों के साथ विश्वासघात कर रही है। एक तरफ बुलडोजर से गरीबों के आशियाने तोड़े जा रहे हैं, दूसरी तरफ आवास योजना की राशि महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ाई जा रही। शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के मामले में केंद्र और राज्य दोनों सरकारें नकारा साबित हुई हैं।कामरेड अमर ने बताया कि पूरे जिले में लाखों गरीब-मजदूरों को खेग्रामस की सदस्यता दिलाई जा रही है और उनकी समस्याओं को लेकर आंदोलन भी चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दलित, गरीब और मजदूर शामिल हुए।

# रिटायरमेंट के बाद भी रहेगी नियमित आमदनी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौकरी करते समय तो हर महीने सैलरी आती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद खर्च कैसे चलेंगे, यह सवाल ज्यादातर लोगों को परेशान करता है। यदि समय रहते बचत शुरू कर दी जाए, तो बुढ़ापे में पैसों की चिंता काफी हद तक कम हो सकती है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स प्लान पेश किया है। यह ऐसा पेंशन प्लान है, जिसमें रिटायरमेंट के लिए धीरे-धीरे फंड तैयार होता है। जमा राशि सुरक्षित रहती है, बोनस का फायदा मिलता है और जरूरत पड़ने पर गंभीर बीमारी या अन्य जरूरी हालात में 25% तक रकम निकालने की सुविधा भी मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग रिटायरमेंट के बाद पैसों की चिंता नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का आनंद लें। इस प्लान में फंड बनाने के साथ जरूरत के समय पैसे निकालने और मुफ्त हेल्थ चेक-अप जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं। उदाहरण के तौर पर, अगर 40 साल का व्यक्ति 10 साल तक हर साल 1.5 लाख रुपए जमा करता है, तो 60 साल की उम्र तक अनुमानित रिटर्न के आधार पर 25 लाख से 44 लाख रुपए तक का फंड तैयार हो सकता है। इसमें से 60% तक राशि टैक्स-फ्री एकमुश्त निकाली जा सकती है, जबकि बाकी रकम से नियमित पेंशन का इंतजाम किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार स्थित बाबा बोरिंग रोड की शिक्षक कॉलोनी में घरेलू विवाद के बाद एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान दीपक साव की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। आस पड़ोस के अनुसार, घरेलू विवाद के बाद सुनीता देवी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। पालीगंज पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जस्टिस फॉर बंटी को लेकर धरना-प्रदर्शन का होगा आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जस्टिस फॉर बंटी अभियान के तत्वावधान में बंटी यादव हत्याकांड की सीबीआई जांच एवं पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा की मांग को लेकर दानापुर में एक दिवसीय उपवास एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेंद्र कुमार ने कहा कि राजधानी पटना के बंटी हत्या काण्ड की सीबीआई जांच आवश्यक है क्योंकि बंटी यादव हत्याकांड में पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से कोई भी व्यक्ति यक्ति या संगठन भी इंकार नहीं कर सकता है। अपहरण की घटना के बाद पुलिस की निष्क्रियता ही सवालिया प्रश्न को उत्पन्न कर रहीं है, इसलिए सीबीआई जांच तो अति आवश्यक है अन्यथा इस हत्याकांड की लीपापोती कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर, सात दिनों के अंदर सरकार अगर संज्ञान नहीं लेती है तो हम- सब आगामी बुधवार 22 जुलाई को दानापुर प्रखंड कार्यालय स्थल पर सरकार के खिलाफ आंदोलन-प्रदर्शन के लिए विवश होंगे।

### उसरी में 'लीला सर्विस' पेट्रोल पंप का भव्य उद्घाटन



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर के उसरी में 'लीला सर्विस' पेट्रोल पंप का भव्य उद्घाटन भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मंत्री दिलीप जायसवाल ने फीता काटकर पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया। पंप के मालिक ऋषि कुमार को बधाई देते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज के दौर में पेट्रोल पंप केवल ईंधन आपूर्ति का केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार सृजन का भी एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऋषि कुमार की यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही, इससे उसरी और आसपास के क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा और क्षेत्र का आर्थिक परिदृश्य बेहतर होगा। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से खगौल नगर परिषद के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी संजय गांधी, अरुण सिंह, राजू सिंह कातिब सहित बड़ी संख्या में स्थानीय प्रबुद्ध जन और क्षेत्रवासी उपस्थित थे। सभी ने नवनिर्मित पेट्रोल पंप के सफल संचालन के लिए संचालक को शुभकामनाएं दीं।

### वृंदा देवी को पुलिस ने बोधगया से किया बरामद



**पिपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से बिते नौ जुलाई से लापता हुई वृंदा देवी उम्र 48 वर्ष पति गिरजन यादव ग्राम दरियापुर को बोधगया स्थित महिला भिक्षु शाति कुटीर से सकुशल बरामद किया गया है। उसके पति ने बीते 11 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि 9 जुलाई को पारिवारिक कलह से परेशान होकर वृंदा देवी घर से निकल गई थी। इस संबंध में 11 जुलाई को उनके पति ने पिपरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मानवीय अनुसंधान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छानबीन शुरू की। इसी क्रम में सूचना मिली कि महिला बोधगया स्थित शाति कुंज महिला भिक्षु आश्रम में है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वृंदा देवी को सकुशल बरामद किया।पूछताछ में महिला ने बताया कि घर की समस्याओं के कारण वह घर छोड़कर चली गई थी और बोधगया में शरण ली थी।बरामदगी के बाद वृद्धा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने निशेष निशांत को किया सम्मानित



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दनियावां के निशेष निशांत को बीपीएससी द्वारा आयोजित हुई परीक्षा में सफल होने पर अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर बीते मंगलवार को सम्मानित किया।उन्होंने निशांत के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।श्री निशांत का चयन सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर हुआ है।दनियावां के सामाजिक कार्यकर्ता अमिताभ कुमार के निशेष परिजन है।

### फुटपाथी दुकानदारों पर फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जेसीबी से हटाए गए फुटपाथी ठेले को ट्रेक्टर पर लादकर ले गया नगर प्रशासन, दुकानदारों ने उठाए भेदभाव के सवाल**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत पालीगंज ने नगर बाजार में सड़क किनारे लगाए गए फुटपाथी ठेले एवं अस्थायी दुकानों के खिलाफ एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान जेसीबी की मदद से कई ठेलों को हटाया गया और जब्त ठेलों को ट्रैक्टर पर लादकर नगर प्रशासन अपने साथ ले गया। कार्रवाई के दौरान



फुटपाथी दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल रहा। नगर पंचायत के अनुसार बिहटा मोड़ से चंडोस मोड़ तथा हॉस्पिटल रोड तक सड़क एवं फुटपाथ पर दुकान लगाने पर पहले से ही प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कई दुकानदार सड़क किनारे फल एवं अन्य सामान की दुकानें लगा रहे थे। इसे देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क किनारे से ठेलों को हटाया गया। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि सड़क एवं फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखना आवश्यक है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इधर, कार्रवाई के बाद फुटपाथी दुकानदारों ने नगर प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। दुकानदारों का कहना है कि पालीगंज खेल मैदान के पास, बालिका विद्यालय के समीप तथा नगर के अन्य हिस्सों में नालों और सड़क किनारे पर किए गए स्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि बार-बार कुछ चिन्हित इलाकों के फुटपाथी दुकानदारों को ही निशाना बनाया जाता है। दुकानदारों ने कहा कि लगातार चल रहे अभियान से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना ही है तो पूरे नगर में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से कार्रवाई की जाए, ताकि सभी के साथ एक जैसा व्यवहार हो। नगर पंचायत के कचरा अपशिष्ट पदाधिकारी आलंकारिक मजिस्ट्रेट के रूप में पालीगंज थाने के पुलिस के साथ कार्रवाई में मौजूद थी।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्रों को मिलेगा प्लेसमेंट का अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ' स्प्रिंगबोर्ड लाइवलीहुड फ़ेज-2' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई 2026 से शुरू हुआ है, जिसका संचालन इनोवेशन कम्स जॉइंटली द्वारा इन्फोसिस सीएसआर के सहयोग से पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इसके तहत छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, इंटरव्यू स्किल्स, डिजिटल स्किल्स, वर्कप्लेस एटीकेट सहित अन्य रोजगारपरक कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा तथा प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान के प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और व्यावसायिक दक्षता भी बेहद आवश्यक है। ऐसे उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने और इसका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। वहीं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी माजिद हुसैन ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद प्रशासन ने इस पहल के लिए इनोवेशन कम्स जॉइंटली एवं इन्फोसिस सीएसआर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफल करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

## स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में गयी युवक की जान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गोह थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-120 पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में हुआ। मृतक की पहचान सरेया गांव निवासी प्रदीप सिंह के 18 वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान रोहतास जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के खेलड़िया गांव निवासी पिंटू सिंह के 16 वर्षीय पुत्र कार्तिक उर्फ छोटू के रूप में हुई है।

## पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा 1 से 15 जुलाई तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी रचनात्मक सोच और जागरूकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा राजनंदनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अनन्या को द्वितीय तथा आराध्या को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के कुल 64 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रतियोगिता में शामिल सभी अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। विद्यालय प्रबंधन ने बीपीसीएल के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर बीपीसीएल के सेल्स मैनेजर शुभम प्रजापत, सीआरई सतीश कुमार तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


**Government Engineering College,**
**Aurangabad, Bihar-824125**
Email:principal@gecaurangabad.ac.in, Website: www.gecaurangabad.ac.in
Govt. of Bihar

Notice No: GEC/Abad/......... /2026

**Short Term Recruitment**

**Walk- in- interview for Guest Assistant Professor**

Email:principal@gecaurangabad.ac.in, Website: www.gecaurangabad.ac.in

Government Engineering College, Aurangabad invites eligible candidates to attend the walk-in- interview for the post of Guest Assistant Professor as purely temporary basis. Interested and eligible candidates may appear for the walk-in-interview with all their original academics certificates, category certificate, residential certificate, hard copy of CV, 02 sets of photocopies of original documents and 02 recent passport size photographs as per the following details:

| S. No. | Name of Post | Department/Subject | Eligibility | Date, Time and Venue of Interview |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Guest Assistant Professor | Chemistry<br>Mathematics<br>Computer Science & Engineering | The qualification for recruitment is as per UGC/AICTE/DSTTE,Patna Norms. | Date:24/07/2026 (Friday) Time: 11:00 am onwards Venue: Administrative Block, GEC Aurangabad |

For further details please visit: WWW.state.bihar.gov.in/prdbihar

**Important Instruction**

1. Essential qualifications are as per AICTE/UGC/DSTTE Norms.
2. This engagement will be purely temporary, need and remuneration-based alternative arrangement.
3. Remuneration for Guest Assistant Professor will be as per existing rules and directives of DSTTE, Government of Bihar.
4. The Institute reserves the right to withdraw the partial or full advertisement/notification w.r.t. walk-in-interview without assigning any reason.
5. The services of Guest Assistant Professor will be terminated without notice if found unsatisfactory. No claim will be entertained in this regard.
6. No TA/DA will be paid for attending the Interview.
7. Visit our official website – https://www.gecaurangabad.ac.in for any instruction & information or further updates.

**Principal**
**Government Engineering College**
**Aurangabad**

PR. No. 007814 (Sci.&Tech. ) 2026-27

This information is available on website www.state.bihar.gov.in/prdbihar also

**सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।**



**बिहार सरकार**

## समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला योजना कार्यालय)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

योजना एवं विकास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–यो04/S.H.A-21/2016-5303 दिनांक 14.09.2016 के आलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, औरंगाबाद के भवन की आंतरिक एवं बाह्य भाग जिसका Indicative Site Area 65,650 Sq ft है जिसमें Main Building Built up Area 23700 Sq ft तथा Cycle stand 4416 Sq ft है, की साफ–सफाई एवं रख–रखाव बाह्य स्त्रोत (Outsourcing) के आधार पर कराने के निमित्त इच्छुक संस्थानों/फर्मो/सेवाप्रदाताओं/निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा Double bid system के अंतर्गत अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2026 को 03:00 PM बजे तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनो एक बड़े लिफाफे में मुहरबंद स्वीकार की जायेगी। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक 28.07.2026 को 03:30 PM बजे खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता तथा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते हैं। निविदा समर्पित करने हेतु वित्तीय प्रपत्र निम्नवत हैः–

**वित्तीय प्रपत्र**

| क्र0सं0 | सफाई से संबंधित Item | संख्या/क्षेत्रफल | सभी अनुमान्य कर सहित लागत (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1. | Main Building (Floor & Ceiling Area) की सफाई | 23700 sq ft | |
| 2. | साईकल स्टैंड (फ्लोर एरिया) की सफाई | 4416 sq ft | |
| 3. | कार्यालय का बाह्य भाग की सफाई (पेड़–पौधों/घास इत्यादि की नियमित छँटाई एवं रख–रखाव) | 37534 sq ft | |
| 4. | बाह्य भाग में मौसमी फूल के पौधों का रोपन एवं रख–रखाव | – | |
| 5. | कार्यालय के भीतरी भाग में महिला शौचालय की सफाई | 02 | |
| 6. | कार्यालय के भीतरी भाग में पुरूष शौचालय की सफाई | 04 | |
| 7. | कार्यालय के बाह्य भाग में महिला शौचालय की सफाई | 07 | |
| 8. | कार्यालय के बाह्य भाग में पुरूष शौचालय की सफाई | 08 | |
| 9. | कुर्सी/टेबुल/आलमीरा इत्यादि की Dusting | 50 | |
| 10. | कार्यालय के परदा/टॉवेल/टेबुल क्लॉथ की नियमित साफ–सफाई | 10 | |
| 11. | कम्प्यूटर/आई0टी0 उपकरण एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की साफ–सफाई | Computer/ Printer/ Scanner-34 | |
| 12. | प्रतीक्षालय में अधिष्ठापित Triple seater steel chair की Dusting | 270 | |
| 13. | पानी की टंकी की नियमित सफाई (प्रत्येक माह में न्यूनतम एक बार) | 01 (10000 लीटर) | |
| | | कुल लागतः– (सभी अनुमान्य कर सहित) | |

विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद एवं जिले की वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

PR. No. 007819 (Planning) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।**


## राजकीय पॉलिटेक्निक में प्रथम चरण का नामांकन सफलतापूर्वक संपन्न



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पॉलिटेक्निक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण का नामांकन बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 360 सीट के विरूद्ध कुल 225 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। इसके अतिरिक्त 111 विद्यार्थियों का अपग्रेडेशन हुआ तथा 1 अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त किया गया। संस्थान प्रशासन ने सभी सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ देते हुए समय पर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही जिन अभ्यर्थियों का अपग्रेडेशन हुआ है अथवा जिनके आवेदन में दस्तावेजों की कमी है, उनसे अनुरोध है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करें। संस्थान के प्राचार्य डॉ बी के सिंह ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इच्छुक अभ्यर्थी आगामी नामांकन चरणों से संबंधित जानकारी संस्थान की सूचना पट्ट एवं आधिकारिक माध्यमों से प्राप्त करते रहें।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रिसियप थाना क्षेत्र धनु बिगहा और बभंडीह गांव के बीच एनएच-139 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिमरा थाना क्षेत्र के नैन बिगहा गांव निवासी प्रमोद माली के 25 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राकेश घूम-घूमकर इडली बेचता था। मंगलवार की देर रात इडली बेचने के बाद वह अंबा लौट रहा था। इसी दौरान एक अज्ञान वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने राकेश को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से आक्रोशित परिजन बिना पोस्टमॉर्टम कराए शव को अंबा मुख्य चौक पर ले आए और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक रोड जाम किया। जाम की वजह से सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई। प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने के बजाय उसे वहीं छोड़कर लौट गई। उनका कहना था कि यदि समय पर पुलिस उसे अस्पताल पहुंचाती तो उसकी जान बच सकती थी। सूचना मिलने पर अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद उन्होंने सरकारी मुआवजा दिलाने और नियमानुसार कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और सड़क जाम समाप्त किया गया। परिजन के अनुसार राकेश अंबा बाजार के देव रोड में किराए के मकान में रहता था। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि जरूरी कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।


बिहार सरकार

**निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, –सह–पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0–05,औरंगाबाद।**

**अतिआवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन के जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण अत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कारवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन/भूमि मकान मालिकों को मधनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र 4 में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10 प्रतिशत या पाँच लाख के अन्दरपेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू स्वामी से प्रपत्र 5 में आपेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भूगतान नर जप्त/सिल परिसर को छोडने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथी 30.07.2026 में निर्धारित की गई है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि मकान की सूची निम्न प्रकार हैः–**

| क्र0 स0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0/उत्पाद संख्या | वहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जब्त वाहन का निबंधन संख्या/भूमि का खाता, प्लौट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाद सं0–80/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–269/25 | सरकार बनाम गुमनाम | होण्डा साईन मोटरसईकिल चेचिस निबंधन सं0 04F27E31150 |
| 2 | वाद सं0–77/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–315/25 | सरकार बनाम गुमनाम | ई0 रिक्सा चेचिस निबंधन सं0–M8HJCCBO5R24K4401 |
| 3 | वाद सं0–79/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1029/25 | सरकार बनाम गुमनाम | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल चेचिस निबंधन सं0 MDZDSDXZZNAF40 |
| 4 | वाद सं0–78/26 | मुफ्फसिलसदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1425/25 | सरकार बनाम गुमनाम | हीरो सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR45A-4388 |
| 5 | वाद सं0–96/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–213/26 | सरकार बनाम गुमनाम | बोलेरो निबंधन सं0 JH02BK-1065 |
| 6 | वाद सं0–109/26 | फेसर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–28/26 | सरकार बनाम गुमनाम | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR26-7420 |
| 7 | वाद सं0–105/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–465/26 | सरकार बनाम गुमनाम | मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR2P-0130 |
| 8 | वाद सं0–47/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1166/25 | सरकार बनाम विक्रम कुमार, पिता–विजय कुमार, ग्राम–चौखण्डी, पोस्ट+थाना–सासाराम, जिला–रोहतास | टी0बी0एस0 अपाची मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR24X-3743 |
| 9 | वाद सं0–40/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1234/25 | सरकार बनाम रामऔतार बिन्द, पिता–बाबुलाल बिन्द, साकिन–महेसुआ, पोस्ट–पुरसन, थाना–भमुआ, जिला–कैमुर (भमुआ) | होण्डा लिभो मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR45L-0265 |
| 10 | वाद सं0–41/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–750/25 | सरकार बनाम सुनीती कुमारी, पिता–सत्येन्द्र पासवान, साकिन–पहाड़पुर, पोस्ट–बाली बेलछी, थाना–चण्डी, जिला–नालांदा | पल्सर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR21J-1041 |
| 11 | वाद सं0–49/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1090/25 | सरकार बनाम गुमनाम | हीरो होण्डा मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26-5413 |
| 12 | वाद सं0–48/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–888/25 | सरकार बनाम गुमनाम | पियाजो टेम्पू इंजन निबंधन सं0 R452542435 |
| 13 | वाद सं0–215/25 | पौथू थाना काण्ड संख्या–13/23 | सरकार बनाम नगेन्द्र कुमार, पिता–सितल राम, साकिन–लुका, थाना–पौथू, जिला–औरंगाबाद | मौजा–लुका, थाना नं0–478, खाता नं0–63 (क), प्लॉट नं0–575, रकवा–10X10 वर्ग फिट |
| 14 | वाद सं0–224/25 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1138/25 | सरकार बनाम विकास कुमार, पिता–दिलिप सिंह, साकिन–मीरगंज, पोस्ट+थाना–वजीरगंज, जिला–गयाजी | टी0वी0एस0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR02BP-6497 |
| 15 | वाद सं0–208/25 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–601/25 | सरकार बनाम रविन्द्र मिश्रा, पिता–दषई मिश्रा, साकिन–महराजगंज (सदुरी), जिला–रोहतास | पैसन प्रो0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR01BH-8926 |
| 16 | वाद सं0–225/25 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1031/25 | सरकार बनाम प्रेम कुमार सोनी, पिता–ष्याम सुन्दर सोनी, साकिन+पोस्ट+थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | टी0वी0एस0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26G-4485 |
| 17 | वाद सं0–225/25 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1031/25 | सरकार बनाम प्रेम कुमार सोनी, पिता–ष्याम सुन्दर सोनी, साकिन+पोस्ट+थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | टी0वी0एस0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26G-4485 |
| 18 | वाद सं0–234/25 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–154/19 | सरकार बनाम राजु रंजन यादव, पिता–षिवनंदन यादव, साकिन–चौरी संत मोड़ सात आना टोला, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–चौरी, थाना नं0–12, खाता नं0–06, प्लॉट नं0–2768, रकवा–10X10 वर्ग फिट किराना दुकान |
| 19 | वाद सं0–222/25 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–772/24 | सरकार बनाम करमु राम, पिता–महेषी राम, साकिन–अमृत बिगहा, पोस्ट+थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | एक्टिवा स्कूटी मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26J-5939 |
| 20 | वाद सं0–205/25 | जम्होर थाना काण्ड संख्या–15/23 | सरकार बनाम धनंजय राम, पिता–अर्जुन राम, साकिन+थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–जम्होर, थाना न0–105, खाता न0–287, प्लॉट नं0–2265, रकवा–01 डी0 मकान |
| 21 | वाद सं0–26/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–409/25 | सरकार बनाम अटल कुमार, पिता–रामाकांत राम, साकिन–परसुरामपुर, पोस्ट–हृदयचक, थाना–कलेर, जिला–अरवल | बजाज पल्सर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26Y-6018 |
| 22 | वाद सं0–08/26 | जम्होर थाना काण्ड संख्या–225/24 | सरकार बनाम नन्द किषोर चौधरी, पिता–गनौरी चौधरी, ग्राम+थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–जम्होर, थाना न0–105, खाता न0–350, प्लॉट–1341, रकवा–01 डी0 मकान |
| 23 | वाद सं0–17/26 | पौथू थाना काण्ड संख्या–03/25 | सरकार बनाम बबन यादव, पिता–गुप्तेष्वर यादव, साकिन–रामपुर परसिया, थाना–पौथू, अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | मौजा–रामपुर परसिया, थाना नं0–षुन्य, खाता नं0–40, प्लॉट नं0–352, रकवा–10X10 वर्ग फिट मकान |
| 24 | वाद सं0–19/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–687/25 | सरकार बनाम मुन्ना कुमार, पिता–माघो साव, साकिन–कत्या, थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद | हीरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26J-3506 |
| 25 | वाद सं0–20/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–1039/25 | सरकार बनाम विकास ठाकुर, पिता–जय प्रकाष ठाकुर, साकिन–मेवा बिगहा, पोस्ट–षमषेर नगर, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मारूती सुजुकी कार निबंधन सं0 JH05BC-3452 |
| 26 | वादसं0–23/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–298/25 | सरकार बनाम खुषीलाल कुमार, पिता–ललीतेष्वर मंडल, साकिन–संझौती, पोस्ट–गौरीयानी, थाना–अलौली, जिला–खगड़िया | हीरो ग्लैमर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR09AC-5192 |
| 27 | वाद सं0–28/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–266/25 | सरकार बनाम सोनु कुमार चौहान, पिता–राजेन्द्र चौहान, साकिन–बर्ड़ीखुर्द, पोस्ट–रामपुर, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | हीरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26T-0593 |
| 28 | वाद सं0–13/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–131/21 | सरकार बनाम सतिया देवी, पति–विनय यादव, साकिन–लिलाचक, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–संसा, थाना नं0–79, खाता नं0–44, प्लॉट–3413, रकवा–10X12 वर्ग फीट मकान |
| 29 | वाद सं0–27/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–344/25 | सरकार बनाम अजित कुमार, पिता–षिवमंगल सिंह, साकिन–कायस्थ बहुआरा, पोस्ट–गोरारी, थाना–काराकाट, जिला–रोहतास | हीरो पैसन प्रो0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR03R-2587 |
| 30 | वाद सं0–10/26 | फेसर थाना काण्ड संख्या–22/25 | सरकार बनाम दिलीप राम वगैरह, पिता–भीम राम, साकिन–बघोई कला, थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–बघोई कला, थाना नं0–513, खाता नं0–09, प्लॉट नं0–244, रकवा–10X12 वर्ग फीट कमरा |
| 31 | वाद सं0–07/26 | जम्होर थाना काण्ड संख्या–241/24 | सरकार बनाम राजन भुईया, पिता–रमनी भुईया, ग्राम+थाना–जम्होर, अंचल–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद | मौजा–जम्होर, थाना नं0–105, खाता नं0–101, प्लॉट नं0–01, रकवा–01 डी0 मकान |
| 32 | वाद सं0–16/26 | पौथू थाना काण्ड संख्या–69/24 | सरकार बनाम राजु कुमार, पिता–जितेन्द्र यादव, साकिन–पोखर बिगहा, थाना–पौथू, अंचल–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद | मौजा–पौथू, थाना नं0–379, खाता नं0–145, प्लॉट नं0–1505, रकवा–10X10 वर्ग फीट गौसाला |
| 33 | वाद सं0–22/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–331/25 | सरकार बनाम रवि कुमार, पिता–रामप्रकाष ठाकुर, साकिन+पोस्ट–धोबगॉवा, थाना–पुसा, जिला–समस्तीपुर | होण्डा मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR33AB-6495 |
| 34 | वाद सं0–09/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–689/24 | सरकार बनाम कांती देवी, पति–बिगन चौधरी, ग्राम–वार्ड नं0 14 दाउदनगर, थाना+अंचल–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–दाउदनगर, थाना नं0–50, खाता नं0–595, प्लॉट–1498, रकवा–10X12 वर्ग फीट कमरा |
| 35 | वाद सं0–18/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–381/23 | सरकार बनाम बलेष्वर यादव, पिता–मुन्ना यादव, ग्राम–षमषेर नगर, थाना+अंचल–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–षमषेर नगर, थाना नं0–0, खाता नं0–668, प्लॉट नं0–1155, रकवा–03 डी0 |
| 36 | वाद सं0–24/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–364/25 | सरकार बनाम प्रेम प्रकाष कुमार, पिता–सुरेष यादव, साकिन–जकरीया, पोस्ट–बुद्वा, थाना–कासमा, जिला–औरंगाबाद | हीरो पैसन प्रो0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR02AH-4132 |
| 37 | वाद सं0–14/26 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या–65/25 | सरकार बनाम पिन्दु कुमार चौहान, पिता–स्व0 रविन्द्र चौहान, साकिन–मुंषी बिगहा, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खैरा बिंद, थाना नं0–267, खाता नं0–43, प्लॉट नं0–94, रकवा–10X12 वर्ग फीट मकान |
| 38 | वाद सं0–12/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–163/25 | सरकार बनाम साकेत कुमार, पिता–सुभाष पासवान, साकिन–हरिनगर, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–तरार, थाना नं0–77, खाता नं0–64, प्लॉट नं0–3521, रकवा–10X10 वर्ग फीट मकान |
| 39 | वाद सं0–25/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या–238/25 | सरकार बनाम सतीष कुमार, पिता–मिथलेष यादव, ग्राम–दाउदनगर, थाना+अंचल–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–तरारी भखरूआ, थाना नं0–75, खाता नं0–266, प्लॉट नं–276, रकवा–10X10 वर्ग फीट कमरा |
| 40 | वाद सं0–05/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–530/25 | सरकार बनाम 1. मुकेष कुमार, पिता–स्व0 कैलाष चौधरी 2. श्रीमती मनराजो देवी, पति–स्व0 कैलाष चौधरी दोनों साकिन–पटवा टोली, थाना+अंचल–दाउदनगर | मौजा–दाउदनगर, थाना नं0–50, खाता नं0–216, प्लॉट नं0–1246, रकवा–10X10 वर्ग फीट कमरा |
| 41 | वाद सं0–06/26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या–411/21 | सरकार बनाम मीणा देवी, पति–जगजीवन राम, साकिन–बेलाढी, थाना+अंचल–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | मौजा–बेलाढी, थाना नं0–53, खाता नं0–272, प्लॉट नं0–195, रकवा–10X12 वर्ग फीट कमरा |
| 42 | वाद सं0–15/26 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या–33/25 | सरकार बनाम 1. धर्मेन्द्र कुमार, पिता–षिवनंदन सिंह, साकिन–बसडिहा, थाना–माली, 2. सत्येन्द्र भगत, पिता–स्व0 शंकर भगत, साकिन–काजीचक, थाना+अंचल–बारूण, 3. नीरज कुमार, पिता–ललन सिंह, साकिन–बभण्डी, तीनों जिला–औरंगाबाद | मौजा–खैरा बिंद, थाना नं0–267, खाता नं0–48, प्लॉट नं0–81, रकवा–षरदा चारदिवारी के अंदर शराब बरामंदी वाले कमरा |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य ब्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 007837 ( Excise ) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

**निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण**
**–सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्या0 कोर्ट न0–05,**
**औरंगाबाद।**

# मात्र पांच विद्यार्थियों के साथ ओबरा डिग्री कॉलेज आरंभ

## नामांकन कम होना ही सबसे बड़ी समस्या, आठ कमरों समेत, आधारभूत संरचना पर्याप्त

### प्रभारी प्राचार्य, बरसर समेत तीन प्रतिनियुक्त






डॉ. उपेंद्र कश्यप /नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । मदनपुर प्रखंड स्थित पीरवां उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा ओबरा प्रखंड स्थित करसावां उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में डिग्री कॉलेज का संचालन बुधवार से विधिवत आरंभ हो गया। हालांकि राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा में नामांकन 26 जून से ही आरंभ है। अभी तक मात्र पांच नामांकन हुआ है। नवस्थापित डिग्री कॉलेजों के संचालन में नामांकन की संख्या का कम होना सबसे बड़ी समस्या है। हद यह है कि राजकीय डिग्री महाविद्यालय मदनपुर में 12 कमरे हैं, लेकिन वहां एक भी नामांकन नहीं हुआ है। डिग्री महाविद्यालय ओबरा के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर आकाश कुमार ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम मेरिट लिस्ट के तहत 11 छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए भेजा गया था। जिसमें मात्र पांच ने ही नामांकन लिया। हालांकि स्पॉट एडमिशन होना अभी शेष है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेकंड मेरिट लिस्ट में कुछ नामांकन मिलने की उम्मीद डिग्री कॉलेजों को थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने सभी 17 नव स्थापित डिग्री कॉलेज के लिए एक भी स्टूडेंट नहीं दिया। सभी को अंगीभूत या प्रस्वीकृत महाविद्यालय में भेज दिया गया। राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा में प्रभारी प्राचार्य के पद पर दाउदनगर के सहायक प्राध्यापक डॉ. आकाश कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। यहां डॉ.मो.इश्तियाक अहमद को बतौर बरसर प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि एक नन टीचिंग स्टाफ भी प्रति नियुक्त है। यहां स्नातक के प्रथम सेमेस्टर के लिए जो पांच बच्चे नामांकित हुए हैं उसमें तीन इतिहास के और दो हिंदी के विद्यार्थी हैं। जानकारों का कहना है कि अगर नामांकन पर्याप्त संख्या में हो तो उनकी उपस्थिति पढ़ने पढ़ाने का माहौल निर्मित करती। सरकार पर दबाव बनता कि वह और शिक्षक यहां प्रतिनियुक्त करे। यहां कुल आठ कमरे हैं। चार शौचालय उपलब्ध हैं। पेयजल एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है।

**सिर्फ कला के लिए 288 सीट**

प्रभारी प्राचार्य डा. आकाश कुमार ने बताया कि यहां सिर्फ कला की पढ़ाई होगी। इसमें भी मात्र छह विषय यथा हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र की पढ़ाई होगी। इन सभी छह विषयों के लिए 48-48 सीट स्वीकृत हैं। अर्थात कुल 288 सीट यहां स्वीकृत है। फिलहाल अस्थाई, भवन के लिए जमीन उपलब्ध ओबरा प्रखंड मुख्यालय से करसावां लगभग सात किलोमीटर दूर है। अगर यह प्रखंड मुख्यालय में होता या एनएच 139 के किनारे, तो नामांकन के लिए और छात्र-छात्रा पहुंचते। फिलहाल उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय करसावां में अस्थाई तौर पर राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा को आरंभ किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थाई भवन निर्माण के लिए एनएच 139 के किनारे जमीन चिन्हित किया गया है। जमीन की उपलब्धता पर अपना भवन निर्माण निर्भर है। सूत्रों का कहना है कि जुलाई 2027 तक भवन निर्माण का निर्देश सरकार ने दे रखा है।

# वाराणसी में आयोजित पंच सम्मेलन में शामिल होंगे औरंगाबाद के पांच मुखिया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में 'विकसित भारत-जी राम जी (रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) अभियान, 2025' के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 जुलाई को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 'पंच सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए औरंगाबाद जिले के पांच ग्राम पंचायतों के मुखियाओं का चयन किया गया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), औरंगाबाद द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में चयनित मुखियाओं की सूची राज्य मुख्यालय को भेज दी गई है। चयनित मुखिया सम्मेलन में भाग लेकर ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन, आजीविका संवर्द्धन तथा पंचायतों के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्रों में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के लिए चयनित मुखियाओं में औरंगाबाद सदर प्रखंड की इब्राहिमपुर पंचायत के मुखिया ब्रजमोहन कुमार, बारुण प्रखंड की पीपरा पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह, दाउदनगर प्रखंड की गोरडीहा पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी, हसपुरा प्रखंड की डिंडिर पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार तथा ओबरा प्रखंड के मुखिया उदय नारायण सिंह शामिल हैं। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान पंचायतों में विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, रोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों के सृजन, जनभागीदारी बढ़ाने तथा ग्रामीण विकास की नई कार्यप्रणालियों पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। जिले के पांच मुखियाओं के चयन से स्थानीय जनप्रतिनिधियों में उत्साह है। माना जा रहा है कि इस सम्मेलन से प्राप्त अनुभव और सुझाव पंचायतों में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, तीन रेफर




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथू थाना क्षेत्र के बनाही गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान आनंद शर्मा, रौशन कुमार (पिता स्व. शंकर दयाल शर्मा) एवं अनिता कुँवर, सभी निवासी बनाही गांव, के रूप में हुई है। घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. आकाश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया। बताया जाता है कि जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया, जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पौथू थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभा खोज परीक्षा में 60 छात्र शामिल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर संसा रोड स्थित न्यूटेक कम्प्यूटर एडुकेशन एंड टाइपिंग सेंटर में बुधवार को प्रतिभा खोज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निदेशक सतीश पाठक ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा एवं कौशल की पहचान कर उन्हें सही दिशा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इसी सोच के साथ संस्थान समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें बेसिक कंप्यूटर एवं हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग का प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षक सुजीत कुमार, रुचि कुमारी, सृष्टि शेखर एवं छोटू कुमार ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों को कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# सार्वजनिक जमीन पर बढ़ा विवाद, ग्रामीणों ने किया विरोध; प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के बराही बाजार में सार्वजनिक जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1962-63 में गांव की कमेटी ने पूरे गांव के हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सार्वजनिक उपयोग के लिए यह जमीन छह लोगों के नाम से खरीदी थी, ताकि भविष्य में यहां विद्यालय, सामुदायिक भवन, सामाजिक कार्यक्रमों तथा अन्य जनहित के कार्यों के लिए इसका उपयोग किया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि अब उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा निजी स्वामित्व का दावा करते हुए कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका पूरे गांव में विरोध हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह भूमि पूरे गांव की धरोहर है और इसे किसी भी कीमत पर निजी संपत्ति नहीं बनने दिया जाएगा।विरोध प्रदर्शन में शिवदत्त प्रजापति, शेखर सुमन, राव कुमार, कपिल गोस्वामी, रामदेव राम, शिव कुमार सोनी, राजेश गुप्ता, राजाराम, रुपेश कुमार, अकिल अंसारी, रवि कुमार, शंकर सुमन, विमलेश रजक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिवरतन राम, राजदेव सिंह, एजाज अहमद एवं चुन्नी लाल द्वारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित पक्ष का बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भूमि के अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखा जाए तथा जनहित में आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# 14 जुलाई को मनाया गया नमस्ते दिवस, स्वच्छता कर्मियों के सम्मान व सुरक्षा पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में 14 जुलाई को नगर पंचायत रफीगंज कार्यालय में नमस्ते दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों तथा कचरा बीनने वाले श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करना तथा स्वच्छता कार्यों में शून्य मृत्यु दर के लक्ष्य को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छता कर्मियों के लिए सुरक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिविर, सम्मान समारोह तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) का प्रदर्शन किया गया। साथ ही पात्र लाभुकों को पीपीई किट, आयुष्मान कार्ड एवं नमस्ते पहचान पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की गई। इस अवसर पर सफाई कर्मियों, कचरा बीनने वाले श्रमिकों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। नगर निकाय की ओर से बैनर, पोस्टर, सार्वजनिक घोषणाओं और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि नमस्ते योजना का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें सामाजिक सम्मान दिलाना तथा आधुनिक और सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, स्मार्ट ट्रंप प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर गुलरेज इकराम, मिथलेश कुमार, पप्पू कुमार, प्रधान सहायक पवन प्रकाश, वार्ड पार्षदों सहित नगर पंचायत के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हंगामा कर रहे नशेड़ी को पुलिस ने भेजा न्यायालय

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने लभरी गांव निवासी आनंद कुमार को शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाना लाया, जहां ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आनंद कुमार के नशे की हालत में गांव में हंगामा करने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

## मारपीट में तीन घायल, दोनों पक्षों की प्राथमिकी में सात नामजद

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कर्मा मसूद गांव में हुई मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में वीरेंद्र यादव, नानक यादव और गुलशन कुमारी शामिल हैं। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में कराया गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष की ओर से रूपा देवी ने नानक यादव, विकास कुमार, हरिवंश यादव और गुलशन कुमारी को नामजद आरोपित बनाया है।

# रफीगंज प्रखंड प्रमुख पर कमीशन मांगने के आरोप पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी ने पंचायत समिति रफीगंज की प्रमुख श्रीमती गीता सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। नोटिस में 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं के भुगतान में अनियमितता, भुगतान लंबित रखने तथा कमीशन मांगने जैसे गंभीर आरोपों का उल्लेख किया गया है। जारी पत्र के अनुसार पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र संख्या-27 की श्रीमती अजबुन निशा ने आरोप लगाया है कि 15वीं वित्त आयोग की योजना संख्या 34/2025-26 एवं 80/2025-26 का कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भुगतान की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई है, लेकिन प्रमुख के स्तर से भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र संख्या-23 की पंचायत समिति सदस्य श्रीमती जैनब फहमी ने आरोप लगाया है कि 15वीं वित्त आयोग की योजना संख्या 26, 27 एवं 28/2025-26 में सामग्री का भुगतान हो चुका है, लेकिन मजदूरों और वेंडरों के भुगतान के लिए 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही है। आरोप है कि कमीशन नहीं देने पर भुगतान लंबित रखा गया है।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि क्षेत्र संख्या-16 के पंचायत समिति सदस्य जनेश्वर पासवान द्वारा भी भुगतान अस्वीकृत किए जाने की शिकायत क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, मगध प्रमंडल, गया के समक्ष की गई थी। इस मामले की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, रफीगंज से कराई गई। संयुक्त जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि कुछ योजनाओं में मजदूरों के भुगतान की प्रक्रिया मेकर लॉगिन से पूरी होने के बावजूद प्रमुख के लॉगिन से बार-बार भुगतान अस्वीकृत किया गया, जिससे भुगतान अब तक लंबित है। जिला पदाधिकारी ने अपने नोटिस में कहा है कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि प्रमुख द्वारा अपने कर्तव्यों का जानबूझकर निर्वहन नहीं किया जा रहा है तथा शक्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसी आधार पर उन्हें नोटिस प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि यदि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 44(4) के तहत प्रमुख को पदमुक्त करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी जा सकती है। वहीं, इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, रफीगंज को भी निर्देश दिया गया है कि नोटिस प्रमुख को तामील कराकर उसकी तामिला रिपोर्ट शीघ्र जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। प्रमुख गीता सिंह एवं प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह ने कहा कि पंचायत समिति द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। गलत भा उचर लगाकर पैसा लेना चाहिए रहे थे। जिलाधिकारी खुद जांच कराने की मांग किया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी घायल, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड के जाखिम रेलवे स्टेशन के पूर्वी अप लाइन पार करने क्रम में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में सकिरगंज गांव निवासी अजित यादव की 16 वर्षीय पुत्री गीता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी के पिता अजित यादव ने बताया कि वह अपनी पुत्री का कजपा स्थित एक चिकित्सक से इलाज कराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूल के समीप रेलवे लाइन पार करने के क्रम में सामने से आ रही ट्रेन की चपेट में गीता आ गई। हादसे में किशोरी का दाहिना हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज पहुंचाया गया, जहां डॉ. धनंजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि गीता की मां का करीब 10 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## 18 जुलाई को औरंगाबाद में निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) औरंगाबाद, बिहार द्वारा 18 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव एवं देवी सुभद्रा की भव्य एवं दिव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पावन रथयात्रा दोपहर 3:00 बजे बाइपास स्थित पंचदेव मंदिर से प्रारंभ होगी। रथयात्रा रमेश चौक, धर्मशाला मोड़, नगर थाना, सिन्हा कॉलेज मोड़ होते हुए फार्म मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर तक पहुँचेगी, जहाँ इसका समापन होगा। इस भव्य आध्यात्मिक महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, नगरवासी एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। संपूर्ण यात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ के पवित्र दिव्य नामों का संकीर्तन, मृदंग-करताल की मधुर ध्वनि, भक्तिमय भजन एवं उत्साहपूर्ण नृत्य से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा। ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा कि प्रत्येक व्यक्ति वैकुण्ठीय आनंद का अनुभव कर सके।

## एक नजर

### पीबीएल के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के तहत बुधवार को अशोक इंटर विद्यालय में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार एवं जयशंकर प्रसाद,रमाकान्त कुमार, प्रखंड लेखापाल अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।कार्यशाला में प्रखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा गणित एवं विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कक्षा 6 से 8 की गणित एवं विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण की अवधारणा, उसके प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं व्यावहारिक सीख विकसित करने के तरीकों की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया तथा अंत में प्रतिभागियों से ऑनलाइन फीडबैक भी लिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को प्रभावी ढंग से लागू करना और शिक्षकों की दक्षता बढ़ाना है।

### अधिवक्ता की पुण्यतिथि पर शोकसभा

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विधिज्ञ संघ के दिवंगत अधिवक्ता बागेश्वरी शर्मा के पुण्यतिथि पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बताया गया वे गोह प्रखंड के कुमाईन गांव के रहने वाले थे तथा 2020 को उनका निधन हुआ था। वर्ष 1991 में उन्होंने संघ में योगदान दिया था। तब से 2020 तक लगातार कार्यरत रहे। मौके पर विधिक संघ अध्यक्ष शशिभूषण सिंह, सचिव रामाशीष सिंह,अधिवक्ता कुमार शिवेन्द्र, मुरारी शर्मा,राजू कुमार ,रामादित्य प्रसाद, सतेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### उपकारा का अधिवक्ता ने किया निरीक्षण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिला राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत पैनल अधिवक्ता अरविंद कुमार ने उप कारा दाउदनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारा में बंद कैदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, स्वास्थ्य, भोजन, साफ-सफाई एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान पैनल अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, मुकदमों की स्थिति, भोजन, साफ-सफाई तथा कारा में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की और जेल प्रशासन को बीमार बंदियों का समय पर उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पैनल अधिवक्ता ने कैदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कैदियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारा प्रशासन से भी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा बंदियों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया।

### नैनो डीएपी से उपचारित धान के पौधे की रोपाई

**बारुन।** तकनीक पर आधारित बारुन प्रखंड के प्रीतमपुर में प्रगतिशील किसान राजेश पाण्डेय के खेत में धान की रोपाई का कार्य संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम मे क्षेत्रीय अधिकारी नवनीत कुमार सिंह, कृषि स्नातक प्रशिक्षु रौनक कुमार एवं एसएफए राज पाठक, किसान संजीव पंथ, शुभम कुमार उपस्थित रहे। इससे पहले दिनांक 18 जून 2026 को नैनो डीएपी एवं एनपीके कॉन्सोर्टिया द्वारा बीज उपचार कर धान की नर्सरी तैयार की गई थी। धान की रोपाई से पूर्व आज पुनः नैनो डीएपी से जड़ उपचार किया गया। आगामी समय में प्रगतिशील किसान डेमो प्लॉट की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी प्लॉटों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत नैनो उत्पादों का उपयोग किया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि नैनो डीएपी और एनपीके कॉन्सोर्टिया से बीज उपचार कर धान की नर्सरी तैयार करना एक अत्यधिक उन्नत और वैज्ञानिक कृषि विधि है। नैनो डीएपी (तरल) से उपचारित बीजों का अंकुरण जल्दी और बेहतर होता है, जबकि एनपीके कॉन्सोर्टिया मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश उपलब्ध कराकर पौधों को मजबूत बनाता है।

### जलालपुर के किसानों ने भूमि अधिग्रहण पर जताई आपत्ति

**गिरियक।** नवादादृपावापुरी नई रेल लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। सतौवा, पुरी, दशरथपुर और नसीरपुर के बाद अब गिरियक प्रखंड की पुरैनी पंचायत अंतर्गत मौजा जलालपुर के किसानों ने भी प्रशासन और रेलवे अधिकारियों को आपत्ति-पत्र सौंपकर अधिग्रहण प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।किसानों ने बताया कि 20 जून 2026 को प्रकाशित भारत सरकार की अधिसूचना में उनकी करीब 28 कृषि भूमि के प्लॉट अधिग्रहण के लिए चिह्नित किए गए हैं। उनका आरोप है कि भूमि चयन से पहले न तो ग्रामसभा की सहमति ली गई और न ही किसानों को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।आपत्ति-पत्र में किसानों ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के तहत सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए), जनसुनवाई और ग्राम पंचायत की भागीदारी जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया।किसानों का कहना है कि अधिकांश प्रभावित परिवार छोटे और सीमांत किसान हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। उन्होंने अधिग्रहण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने, सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने तथा परियोजना के लिए वैकल्पिक एलाइनमेंट पर विचार करने की मांग की है। किसानों ने स्पष्ट किया कि वे रेल परियोजना के विरोधी नहीं हैं, बल्कि विकास और किसानों के हितों के बीच संतुलन चाहते हैं।

### जर्जर बिजली तार की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के खजुरिया बीघा गांव में मंगलवार देर रात करंट लगने से 17 वर्षीय अजय कुमार की दर्दनाक मौत हो गई।मृतक के चाचा बीरबल पासवान ने बताया कि अजय काम से घर लौटने के बाद खाना खाकर गली से गुजर रहा था। इसी दौरान रास्ते में 440 वोल्ट का जर्जर बिजली तार टूटा हुआ पड़ा था। अंधेरा होने के कारण उसे तार दिखाई नहीं दिया और उसके संपर्क में आते ही वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे आनन-फानन में नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गांव में जर्जर बिजली तारों को बदलने की मांग पिछले छह महीने से लगातार की जा रही थी, लेकिन विभाग ने केवल आश्वासन दिया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।हालांकि स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि हादसा घर की अर्थिंग में पानी देने के दौरान करंट फैलने से हुआ हो सकता है। इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।सूचना मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### अपहृत नाबालिग युवती को पटना से किया बरामद

**इसलामपुर।** खुदागंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पटना जिले के अथमलगोला क्षेत्र में छापेमारी कर कुछ दिन पूर्व अपहृत 15 वर्षीय नाबालिग युवती को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस अब मामले के नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।खुदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत ने बताया कि 15 जून को गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र निवासी शैलेन्द्र कुमार ने खुदागंज थाना में अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज मामले में गया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के ततेरामा गांव निवासी लड्डु यादव के पुत्र राजा गोप को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री अपने ननिहाल, खुदागंज थाना क्षेत्र के पनहर गांव आई हुई थी। इसी दौरान राजा गोप ने प्रेम प्रसंग का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने पटना जिले के अथमलगोला में छापेमारी कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। बरामद युवती को मेडिकल जांच के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मामले के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अपराध और नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश

## एसपी ने की बड़कागांव थाना में लंबित कांडों की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग ने बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव की उपस्थिति में थाना प्रभारी एवं सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नए-पुराने लंबित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री पर रोक और संगठित अपराध के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025 से पूर्व एवं वर्तमान में लंबित सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना में लंबित जमानती एवं गैरजमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार को थाना स्तर पर सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा की जाए और उनके निष्पादन में तेजी लाई जाए। अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री वाले स्थानों को चिह्नित करने तथा इस धंधे में शामिल अभियुक्तों की पहचान कर विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने संगठित अपराध से संबंधित लंबित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने और उनमें शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, संगठित अपराध से जुड़े नए दर्ज मामलों में भी त्वरित अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में थाना आने वाले आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समय पर समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा जमीन विवाद से संबंधित लंबित मामलों की थाना दिवस पर समीक्षा कर संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के साथ पत्राचार करते हुए आवश्यक अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## 7 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी अंचल कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार, लापरवाही और दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर स्थानीय रैयतों ने 16 जुलाई से अनुमंडल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना देने की घोषणा की है। इस संबंध में रैयतों ने अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी को लिखित सूचना भी सौंप दी है आवेदन में बताया गया है कि 9 जुलाई 2026 को अंचल अधिकारी, डुमरी के विरुद्ध शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। साथ ही यह भी कहा गया था कि यदि सात दिनों के भीतर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो रैयत धरना देने को बाध्य होंगे। रैयतों का आरोप है कि निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद न तो शिकायत की जांच हुई और न ही उनके लंबित मामलों का समाधान किया गया। इससे नाराज होकर उन्होंने 16 जुलाई से अनुमंडल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू करने का निर्णय लिया है। धरना की सूचना में प्रशासन से लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और शिकायतों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन पर सुशील मरांडी सहित अन्य रैयतों के हस्ताक्षर हैं।

## संदिग्ध अवस्था में मिले शव का पुलिस ने किया उद्भेदन

**जमुई/अलीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को चंद्रदीप थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर गांव के बहियार मे अंकित नामक एक युवक संदिग्ध अवस्था मे लाश मिला था। जिसका पुलिस ने 24 घंटा मे मामला का पर्दाफाश कर दिया है। एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि घटना के बाद चंद्रदीप थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह के नेतृत्व मे एक टीम गठन कर गहन छानबीन किया और तब पता चला कि यह मामला आत्म हत्या का है अंकित कुछ दिनो पहले प्रेम विवाह गांव मे ही किया था। अपने घर रोह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमहरावा मे रह रहा था। बीते मंगलवार की रात्रि अंकित ने घर मे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी।

## डंडारी के सुमंत बने एबीवीपी के कटिहार जिला संगठन मंत्री

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संगठन विस्तार के उद्देश्य से परिषद के प्रांतीय नेतृत्व ने सुमंत कुमार को एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। छात्र संगठन में उनके लगातार समर्पण, अटूट निष्ठा और अद्वितीय योगदान को देखते हुए संगठन ने उन्हें 'पूर्णकालिक कार्यकर्ता' घोषित किया है। इसके साथ ही उन्हें सीमांचल के महत्वपूर्ण जिले कटिहार का का नगर संगठन मंत्री नियुक्त कर वहां संगठन के संचालन व विस्तार का जिम्मा दिया गया है। सुमंत कुमार का विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ाव वर्ष 2019 से रहा है। स्थानीय स्तर पर छात्र हितों, शैक्षणिक सुधारों तथा विभिन्न सामाजिक सरोकारों को लेकर वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं। अपनी इसी कर्मठता और सांगठनिक कुशलता के बल पर उन्होंने पूर्व में डंडारी इकाई के नगर सह मंत्री के दायित्व पर रहते हुए कई कार्यक्रम का नेतृत्व किया था। उनके इसी संगठन के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए प्रांतीय नेतृत्व ने उन पर यह बड़ा भरोसा जताया है।

## रेलवे साइडिंग में मालगाड़ी के वैगन से अज्ञात का शव बरामद

### शरीर पर मिले चोट के निशान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित बानादाग रेलवे साइडिंग में बुधवार को एक मालगाड़ी के वैगन से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना पुलिस के साथ रेलवे पुलिस, सीआईएसएफ और एनटीपीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि बिहार से कोयला लेकर बानादाग रेलवे साइडिंग पहुंची मालगाड़ी की सुरक्षा जांच के दौरान एक वैगन में संदिग्ध बोरा दिखाई दिया। जांच करने पर बोरे के अंदर एक व्यक्ति का शव मिला। इसके बाद तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक की जेब से कुछ नकद रुपये बरामद होने की बात सामने आई है। वहीं, उसके शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। हालांकि, व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव मालगाड़ी के वैगन में कैसे पहुंचा, इसका अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही मालगाड़ी के आवागमन से जुड़ी जानकारी और अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है। कटकमदाग थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं और जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा। शव मिलने की खबर फैलते ही रेलवे साइडिंग क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया।

## एलिवेटेड रोड पर सियासी संग्राम, सांसद और विधायक ने किया शक्ति प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** निरसा में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड परियोजना को लेकर बुधवार को राजनीतिक माहौल गरमा गया। परियोजना के समर्थन और विरोध में भाजपा तथा भाकपा (माले) ने अलग-अलग पदयात्राएं और जनसभाएं आयोजित कर शक्ति प्रदर्शन किया। सांसद ढुल्लू महतो और विधायक अरूप चटर्जी ने अपने-अपने समर्थकों के साथ रैली निकालकर एक-दूसरे पर तीखे राजनीतिक आरोप लगाए।

भाजपा की पदयात्रा निरसा कोटा से शुरू होकर हाथबाड़ी तक पहुंची। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने एलिवेटेड रोड को क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी बताते हुए आरोप लगाया कि विधायक अरूप चटर्जी परियोजना में बाधा डाल रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। वहीं, भाकपा (माले) की ओर से विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से पदयात्रा निकाली गई, जो देवियाना मोड़ के आगे सभा स्थल तक पहुंची। विधायक ने परियोजना में कथित अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जनता के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना का ठेका भाजपा से जुड़े लोगों को दिया गया है। दोनों पक्षों की सभाएं लगभग एक ही समय पर और करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर आयोजित होने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। संभावित तनाव को देखते हुए पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया और वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे। हालांकि, दोनों कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। एलिवेटेड रोड का मुद्दा अब विकास परियोजना से आगे बढ़कर निरसा की राजनीति का प्रमुख केंद्र बन गया है। बुधवार का शक्ति प्रदर्शन इस बात का संकेत माना जा रहा है कि आने वाले समय में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी और टकराव और तेज हो सकता है।

## गंगा ग्लोबल बीएड कालेज के 12वें बैच का विदाई समारोह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन बेगूसराय के दिनकर सभागार में सत्र 2024-2026 के प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन सत्र 2025-2026 के प्रशिक्षुओं ने किया। उद्घाटन बीएड के प्राचार्य डॉ नीरज कुमार, एमबीए की प्राचार्य डॉ सुधा झा तथा प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर निदेशक व बिहार विधानपरिषद सदस्य सर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज आप यहां से विदा ले रहे हैं आपको शुभकामनाएं। यहां के एलुमनाई एसोशिएशन से जुड़े रहें। आगे उन्होंने कहा कि कालेज डिग्री देती है उसका एक अलग महत्व है। आपका जीवन कितना व्यवस्थित होगा ये आपकी शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था से तय होता है। पूरा जीवन पढ़ने के लिए है सीखने के लिए है। प्राचार्य डॉ नीरज कुमार ने कहा कि शिक्षक ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकता है। एमबीए की प्राचार्य डॉ सुधा झा ने कि प्रशिक्षण प्राप्त कर आप जीवन में उसका उपयोग करें सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ कामायनी कुमारी ने शुभकामनाएं दी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो विपिन कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ सुधाकर पांडेय, प्रो परवेज़ यूसुफ, डॉ अंजली, प्रो विपिन कुमार, डॉ कामायनी कुमारी, प्रो अमर कुमार, प्रो पिंटू कुमार, डॉ राजवंत सिंह, आलोक कुमार आदि ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर प्रथम और द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## विष्णु प्रभाकर को दी गई विदाई, डा. सूरज का स्वागत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के रजाकपुर स्थित पशु चिकित्सालय में बुधवार को स्थानांतरित पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विष्णु प्रभाकर के सम्मान में विदाई समारोह एवं नवपदस्थापित पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूरज कुमार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनों पदाधिकारियों का पाग, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. विष्णु प्रभाकर ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ पशुपालकों की सेवा की। उनके मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा मिली तथा विभागीय कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन हुआ। उनके दरभंगा स्थानांतरण पर सभी कर्मियों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं नवपदस्थापित पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूरज कुमार का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उपस्थित कर्मियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में चिकित्सालय की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. सूरज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, पलामू।

**वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभागीय राज्यादेश संख्या 15 रा0(वि0)/दिनांक 23/06/2026 द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का लक्ष्य प्राप्त है। कार्यक्रमवार विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राप्त लक्ष्य 101 | 789 | कुल | अहर्ता एवं अनुदान राशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता | 80 | 30 | 110 एकड़ | निजी क्षेत्र तथा बंदोवस्त सरकारी तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में **50 प्रतिशत सहायता अर्थात अधिकतम 1875/–रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़)** हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फीश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिला मत्स्य कार्यालय से संबंद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जायेगा। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नही होगा। |
| 02 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए नाव | 05 | 02 | 07 संख्या | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं उनके सदस्यों को दिये जाने वाले नाव हेतु निर्धारित स्पेसिफिकेशन (ल0 X चौ0 X ग0 – 14' X 4'6" X 20") एवं इकाई लागत मो0– **40,000/**–(चालीस हजार) रू0 होगी जिसमें सरकारी सहायता अधिकतम 36,000/–(छत्तीस हजार) रू0 प्रति नाव लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। शेष राशि मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। आवश्यकतानुसार निजी स्वामित्व के 04 हेक्टेयर से बड़े तालाबों में भी सामान्य नाव का लाभ दिया जा सकेगा। |
| 03 | वर्ष 2021–22 के पूर्व निर्मित केजों के लिए ग्रो–आउट नेट | 14 | – | 14 संख्या | जलाशयों में वर्ष 2020–21 तक निर्मित केजों के लिए 45 Ply के Knotted ग्रो– आउट नेट हेतु निर्धारित न्यूनतम दर मो0– 30200/– रू0 का 75 प्रतिशत अर्थात् अधिकतम मो0– 22650/– रू0 का स्वीकृत अनुदान देय होगा तथा शेष लाभुक का अंशदान होगा। केज मत्स्य पालक अगर Knotless ग्रो– आउट नेट तथा 6mX4mX5m साईज से बड़े साईज के ग्रो– आउट नेट का क्रय करते हैं तो उनके 75 प्रतिशत अनुदान की गणना उक्त दर मो0– 30200/– रू0 प्रति नेट के आधार पर ही की जाएगी एवं आवश्यक शेष राशि का वहन लाभुक द्वारा किया जाएगा। |
| 04 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट | 30 | 10 | 40 संख्या | जलाशयों में मछली शिकारमाही करने वाले जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों /सदस्यों/विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों को मछली की शिकारमाही हेतु प्रति लाभुक अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट (Fish Net Nylon Poly, Twin size 1/3, Mesh Size 75mm – 150mm, M.D 100) हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाना है। गिल नेट हेतु निर्धारित न्यूनतम दर 590/–रूपये के विरूद्ध 90 प्रतिशत की आर्थिक सहायता अर्थात **2655/**–रू0 दी जायेगी एवं आवश्यक शेष 10 प्रतिशत राशि का वहन लाभुकों के द्वारा स्वंय किया जाएगा। लाभुक को अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत दो वर्षो का मछली शिकारमाही का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। |
| 05 | केज हाउस अधिष्ठापन | 01 | – | 01 संख्या | केज हाउस का अधिष्ठापन वर्ष 2016–17 से केन्द्र प्रायोजित ब्लू रिवोल्यूशन योजना एवं एन0एफ0डी0बी0 द्वारा तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (वित्तीय वर्ष 2024–25से DAJGUA सहित) के तहत् राज्य के विभिन्न जलाशयों में निर्मित केजों के साथ केज हाउस निर्मित नहीं है। केज हाउस की इकाई लागत निर्धारित न्यून्तम दर मो0– **601000/–रू0 मात्र** पर अधिकतम 90 प्रतिशत अनुदान देय होगा तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान होगा। साह ही लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एंव विगत वर्षों का केज में मछली उत्पादन का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न किया गया हो। पूर्व के वैसे केज लाभुक जिन्हें केज हाउस का लाभ नहीं मिला है, उन्हें इस केज हाउस का लाभुक बनाया जा सकता है। |
| 06 | केज रिपेयरिंग | 10 | – | 10 संख्या | केज रिपेयरिंग की अनुमानित लागत मो0– 35000/– रू0 है जिसमें सरकारी सहायता अधिकतम् मो0– 25000/– रू0 की होगी एवं शेष राशि केज लाभुकों/ धारक समितियों के द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। केज रिपेयरिंग के लिए इच्छुक लाभुक जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन देंगे। |
| 07 | जलाशय स्तररीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचलित नाव | 01 | 01 | 02 यूनिट | जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति को empanelled संस्था/फर्म स 04 से 06 सीटर क्षमता वाले मोटरचलित नाव {FRP Boat, size-14'- 0" x 5'-4" x 2'-0" के साथ 9.9 HP OBM HIDEA/SUZUKI/YAMAHA/OUTBOARD etc. equivalent Manual Rope Start 2 Stroke Petrol operated तथा accessories-Oars (2Nos.) एवं PP Rope-50Ft} उपलब्ध कराया जाना है। जलाशय में केज एवं केज हाउस अधिष्ठापित किये बिना भी मत्स्य उत्पादन/मछली पकड़ने के आधार पर मोटरबोट उपलब्ध कराया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में निदेशक मत्स्य द्वारा मोटरचलित नाव की इकाई लागत निर्धारित करने हेतु आमंत्रित ''इच्छा की अभिव्यक्ति'' में निर्धारित न्यूनतम दर 414000/– रूपये का 90 प्रतिशत अर्थात् अधिकतम 372600/– रूपये का स्वीकृत अनुदान देय होगा तथा आवश्यक शेष 10 प्रतिशत राशि का वहन लाभुक समितियों द्वारा स्वंय किया जाएगा। |
| 08 | समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) | अनु0ज0जा0–01 एवं अन्य–02 | 02 | 05 एकड़ | योजना की इकाई लागत 1,53,350/–रू0 प्रति एकड़ जलक्षेत्र (तालाब) लागू होगी। अनुसूचित जनजाति एवं महिला कोटि के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत (अधिकतम मो0 1,22,680/–रू0) होगा एवं अन्य कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत (अधिकतम मो0 1,07,345/–रू0) होगा तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। **अहर्त्ता** :–<br>➢ योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।<br>➢ लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्ष 2025–26 से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो। संबंधित कागजात आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।<br>➢ जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>➢ RFF के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान में रखा जायेगा कि RFF का लाभुक समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।<br>➢ प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को दी जायेगी किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक यूनिट (160 Duckling) ही स्वीकृत किया जायेगा।<br>➢ सरकार का अनुदान तीन किस्तों में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक को डी0बी0टी0 के माध्यम से विमुक्त किया जायेगा। अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक के अंशदान से बत्तख–घर (Duck-House) का निर्माण, Starter feed/ medicines तथा Duckling क्रय किये जायेंगे। उक्त कार्य होने पर द्वितीय किस्त तथा दो माह तक Ducks के जीवित रहने के उपरांत तृतीय किस्त की राषि विमुक्त की जायेगी। |
| 09 | झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अंतर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय | 20 | 05 | 25 टन | मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24% प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2mm से बड़े 4mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा। विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड मिल अथवा PMMSY अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को **फीड के रूप के रूप में** ही दिया जायेगा। |
| 10 | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड का क्रय | 30 | 04 | 34 टन | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर भी 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25/–रू0 प्रति किलोग्राम फीड की दर से अनुदान देय होगा। एक लाभुक को अधिकतम 700 किलोग्राम फीड क्रय पर 25/–रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम 17500/–रू0 अनुदान की राशि देय होगा। लाभुक द्वारा फीड की खरीद की गई है, का GST BILL एवं अन्य का सक्षम स्तर से जाँचोपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 11 | 2mm से बड़े 4mm तक के फ्लोटिंग फीड का क्रय | 40 | 03 | 43 टन | मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 2mm से बड़े 4mm तक फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर भी 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 25/–रू0 प्रति किलोग्राम फीड की दर से अनुदान देय होगा। लाभुक द्वारा फीड की खरीद की गई है, का GST BILL एवं अन्य का सक्षम स्तर से जाँचोपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 12 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) | अनु0ज0जा0–01 एवं अन्य–01 | 02 | 04 संख्या | इस योजनान्तर्गत लाभुकों के निजी जमीन पर 0.1 हेक्टेयर (एक यूनिट) के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई दर के अनुरूप ही मो0–14,00,000/– (चौदह लाख) रूपये मात्र अंतर्गत क्रियान्वित कराया जाना है। इस हेतु राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं महिला कोटि के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत (अधिकतम मो0 11,20,000/–रू0 प्रति 0.1 हेक्टेयर) तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत (अधिकतम मो0 9,80,000/–रू0 प्रति 0.1 हेक्टेयर) तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। एक लाभुक को अधिकतम एक यूनिट (0.1 हेक्टेयर) का लाभ दिया जायेगा। राज्य सरकार का अंशदान लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। **लाभुक का चयन निम्न अहर्त्ताओं पर किया जायेगा:–**<br>➢ जिन लाभुकों के घर के नजदीक प्रस्तावित जमीन है तथा पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।<br>➢ बायोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु लाभुक द्वारा प्रस्तावित भूमि समुचित एवं अविवादित होनी चाहिए।<br>➢ लाभुक के द्वारा प्रस्तावित भूमि पहले से बैंक में किसी ऋण के एव जमें बंधक नही हो।<br>➢ लाभुक द्वारा प्रस्तावित भू–खण्ड पर उसका बैध दखल कब्जा वर्तमान में बरकरार हो, जिसका भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र/जमीनी प्रतिवेदन संलग्न करना होगा।<br>➢ चूँकि इस योजना तालाब निर्माण हेतु लाभुक का भी अंशदान निहित है, अतः उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम होना चाहिए। |
| 13 | जलाशयों/खदानों में केज अधिष्ठापन | 05 | 02 | 07 यूनिट | 1. लाभुकों के चयन में जलाशयों/खदानों के विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>2. यदि जलाशय/खदान के उपयोग हेतु मत्स्य जीवी सहयोग समिति गठित हो तो उसके सदस्य हो।<br>3. जलाशय/खदान के आस–पास के निवासी हो।<br>4. लाभुक अपना अंशदान लगने में इच्छुक हो/सक्षम हो।<br>5. मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।<br>6. एक बैटरी में अंधिकतम दो लाभुक साझा हो सकते है।<br>7. जलाशयों/खदानों के चयन तथा लाभुकों के चयन पर संबंधित प्रमण्डल के प्रभारी उप मत्स्य निदेशक का अनुमोदन आवश्यक होगा। |
| | जलाशयों/खदानों में केज के लिए सामान्य नाव | 01 | 01 | 02 यूनिट | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं उनके सदस्यों को दिये जाने वाले नाव हेतु निर्धारित स्पेसिफिकेशन (ल0 X चौ0 X ग0 – 14' X 4'6" X 20") एवं इकाई लागत मो0– **40,000/**–(चालीस हजार) रू0 होगी जिसमें सरकारी सहायता अधिकतम 36,000/–(छत्तीस हजार) रू0 प्रति नाव होगी एवं शेष राशि लाभुक सदस्यों द्वारा स्वंय वहन किया जाएगा। |
| | जलाशयों/खदानों में केज के लिए लाईफ जैकेट | 03 | 02 | 05 यूनिट | इन्हें empanelled संस्था/फर्म से Three buckle 5mm foam Filled the Whole Jacket, Weight Capacity : 70-120Kg, Buyancy 150N, Material-Polyster water resistance, size-standerd 60cm x 37cm x 10cm equipped with useful whistle का एक लाईफ जैकेट उपलब्ध करायी जाएगी। लाईफ जैकेटका निर्धारित न्यूनतम दर मो0–2420/–रू0 का 75प्रतिशत अर्थात् अधिकत्तम मो0 1815/–रू0 का स्वीकृत अनुदान देय होगा एवं शेष अंशदान लाभुक का अपना होगा। |

उपरोक्त कार्यक्रम के आलोक में पलामू जिले के इच्छुक मत्स्य कृषकों/मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/केज लाभुकों/आर0एफ0एफ0 समूहो/मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से **दिनांक–03/08/2026** तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में निःशुल्क उपलब्ध है।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 385017 (Fish) 26-27 (D)

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय अध्ययन केंद्र का शुभारंभ

## सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंडवासियों के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नावकोठी के अध्ययन केंद्र अकहा-ररिऔना का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। उद्घाटन समारोह में विधायक सह गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री संजय कुमार ने कहा कि राजकीय डिग्री महाविद्यालय की शुरुआत प्रखंड के विद्यार्थियों के लिए एक नई सौगात है। अब क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए मंझौल, बेगूसराय अथवा अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और आर्थिक खर्च दोनों की बचत होगी तथा विशेष रूप से छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वसुलभ और सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कर रही है। उन्होंने अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों एवं आसपास के विद्यार्थियों का नामांकन कराकर उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ें, ताकि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर हो सके। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार, बीडीओ राहुल रंजन, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, प्रधानाध्यापक सरोज कुमार, पंकज कुमार, मुखिया दिनेश यादव, राष्ट्रपति कुमार, लोजपा जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश महतो, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, सरपंच संजीव कुमार, पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, पंकज जायसवाल, विकास कुमार, सुनील कुमार रजक, रामकुशल महतो, जनार्दन महतो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया।

### डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

**वीरपुर।** प्रखंड के खरमौली स्थित नव स्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज का बुधवार को समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण कॉलेज परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। लाइव प्रसारण के दौरान उपस्थित लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कॉलेज का उद्घाटन किया गया तथा उन्होंने उच्च शिक्षा के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने की। मंच संचालन शिक्षक संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कुंदन कुमार सहित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि वीरपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह कॉलेज किसी सौगात से कम नहीं है। अब स्थानीय छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और नामांकन दोनों बढ़ेंगे। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (एडीएम) पूजा कुमारी, बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर,सीओ भाई विरेन्द्र,प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक प्रभाकर, टीएनबी कॉलेज भागलपुर के प्रिंसिपल दीपू महंतों, चंद्रभानु सिंह, जिला पार्षद सदस्य शिल्पी कुमारी,उप प्रमुख सुबोध पासवान, मुखिया अशोक पासवान, उप मुखिया अजीत महतो, पूर्व मुखिया सुखराम महतो, सेवानिवृत्त एच एम संत कुमार सहनी,सहायक प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार दास, नामांकन सहायक रवि रंजन कुमार, प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, विरेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरसेन विक्रम, मंडल महामंत्री राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# 211 डिग्री कॉलेजों के शुभारंभ को पार्टी नेताओं ने बताया ऐतिहासिक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** गोराडीह प्रखंड के काशील गांव से आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य के नव स्थापित 211 डिग्री कॉलेजों का शुभारंभ करने को जिले के पार्टी नेताओं ने ऐतिहासिक कहा है। जिला जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि यह भागलपुर के लिए गर्व का विषय है कि यहां से 211 डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन की शुरुआत हुई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की सुविधाएं स्थापित हुई है और अब छात्र- छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज उल्लेखनीय कार्य करने के साथ साथ कहलगांव शहर से गंगा नदी के बीच अवस्थित शान्ति बाबा धाम तक रोपवे परियोजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा से क्षेत्र के विकास और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगी। विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मुंगेर से पीरपैंती तक गंगा मरीन ड्राइव के निर्माण की घोषणा भागलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक पहल है। इस मौके पर जदयू के संजीव कुमार, सोनी कुमारी, महादेव मंडल, पप्पू मंडल, विभूति गोस्वामी, शेखर पांडे, प्रदीप कुशवाहा, विनय सिंह, चन्द्रशेखर मिश्र, शैलेन्द्र तोमर, विजय मंडल, सरोज चौधरी, अनुज सिंह, नंदन राय, शबाना दाऊद, शालिनी साह, अमरेंद्र सिंह, सिकंदर जमाल, अशोक सिन्हा, रोजी रानी, रविशंकर सिन्हा, सुधांशु शेखर, गोलू मंडल, किशोर कुमार, राजीव सिन्हा, सदानंद कुमार, चंदन कुशवाहा, दुर्गेश शाह, राजेश सिंह के साथ-साथ कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा पंचायत अंतर्गत बभनगामा वार्ड संख्या 10 में बुधवार को बिजली करंट की चपेट में आने से मां और बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। मृतकों की पहचान रामचंद्र तांती की पत्नी रेखा देवी (47 वर्ष) तथा उनके पुत्र सरोज कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई है।स्थानीय ग्रामीण केशव कुमार अनुभव ने बताया कि घर का बिजली का सर्विस तार गलकर जमीन पर गिर गया था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। सुबह सरोज कुमार किसी कार्य से घर से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान उनका पैर करंट प्रवाहित तार से सट गया और वे मौके पर ही छटपटाने लगे। बेटे को तड़पता देख मां रेखा देवी उसे बचाने दौड़ीं, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गईं। देखते ही देखते दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब मृतका की सास लौकी देवी, जो पास के दूसरे घर में रहती हैं, किसी काम से आंगन पहुंचीं। उन्होंने मां-बेटे को जमीन पर अचेत पड़ा देखा और शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया अजय सहनी, सहायक अंचल मंत्री केशव कुमार अनुभव, पंच श्याम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। सूचना पर थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, एसआई रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया गया।

# रोजाना लग रहे जाम से राहगीर और दुकानदार परेशान

**अतिक्रमण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिद्धौर/जमुई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गिद्धौर बाजार से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-333 पर अतिक्रमण की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप ले चुकी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 24 जून को प्रस्तावित गिद्धौर दौरे के दौरान जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर पूरे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया था। उस समय सड़क के दोनों किनारों से अवैध कब्जे हटाए गए थे, जिससे बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारु हो गई थी। लेकिन



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समाप्त होते ही अतिक्रमणकारियों ने दोबारा सड़क किनारे कब्जा जमाना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है और वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। गिद्धौर बाजार से गुजरने वाला एनएच-333 जमुई जिले का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ यात्रियों का आवागमन होता है। सड़क किनारे अवैध रूप से दुकानें लगाए जाने और ऑटो चालकों द्वारा मनमाने तरीके से वाहन खड़ा करने के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। ऐसे में सुबह और शाम के व्यस्त समय में जाम की स्थिति आम बात बन गई है। इससे आम लोगों, स्कूली बच्चों, मरीजों तथा दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के दौरान जिलाधिकारी नवीन और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने स्वयं गिद्धौर बाजार स्थित एनएच-333 तथा लार्ड मिंटो टावर चौक का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के क्रम में सड़क को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। उस दौरान गिद्धौर थानाध्यक्ष राशि मलिक एवं अंचलाधिकारी आरती भूषण को सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों, ठेलों तथा अवैध ऑटो स्टैंड को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कंवर झील संरक्षण मामले में एनजीटी का स्वतः संज्ञान, बिहार सरकार समेत नौ संस्थाओं को नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बेगूसराय स्थित एशिया की सबसे बड़ी ऑक्सबो झील कंवर झील (काबरताल वेटलैंड) के संरक्षण से जुड़े मुद्दे पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए बिहार सरकार सहित नौ संस्थाओं को नोटिस जारी किया है। अधिकरण ने सभी पक्षों को शपथपत्र के माध्यम से अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला अख़बारों में छपी खबरों के आधार पर दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने की। अधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि समाचार रिपोर्ट में कंवर झील पर पिछले दो दशकों से अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक संघर्षों के कारण पड़ रहे पर्यावरणीय प्रभावों का उल्लेख है। बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर क्षेत्र में स्थित इस झील को वर्ष 2020 में रामसर साइट का दर्ज़ा मिला था। रिपोर्ट के अनुसार, जल स्तर में कमी, जल क्षेत्र के विखंडन और बढ़ते पर्यावरणीय दबाव के कारण मत्स्य उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा जैव विविधता पर भी खतरा उत्पन्न हुआ है। एनजीटी ने माना कि मामला पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, जैव विविधता अधिनियम, 2002 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से जुड़ा है। अधिकरण ने यह भी कहा कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ ग्रेटर मुंबई बनाम अंकिता सिन्हा एवं अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार उसे स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करने का अधिकार प्राप्त है। अधिकरण ने बिहार राज्य सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (बिहार), बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक (बिहार) तथा बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को पक्षकार बनाया है। एनजीटी ने निर्देश दिया है कि सभी प्रतिवादी अपना जवाब शपथपत्र के माध्यम से दाखिल करें। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि कोई पक्ष बिना अधिवक्ता के सीधे जवाब दाखिल करता है, तो उसे अगली सुनवाई में वर्चुअल माध्यम से उपस्थित होकर अधिकरण की सहायता करनी होगी। चूंकि मामला एनजीटी की पूर्वी क्षेत्रीय पीठ, कोलकाता के अधिकार क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए इसे आगे की सुनवाई के लिए वहीं स्थानांतरित कर दिया गया है।

# रतनपुर पंचायत में ग्राम सभा के लिए जीपीडीपी योजना पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/गिद्धौर।** पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड के रतनपुर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया भोला यादव ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए समग्र समावेशी ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी तैयार करने को लेकर चर्चा की गयी। इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 151 दिनांक 09/01/24 के आलोक में जरूरी योजनाओं से जुड़े आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए. इस अवसर पर पंचायत स्तरीय कर्मी, पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने गांव के विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन और समस्याओं को लेकर बैठक में अपने अपने सुझाव दिए. वहीं इस अवसर पर नव निर्मित पुस्तकालय भवन का भी उदघाटन मुखिया भोला यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं ग्राम सभा के बैठक में लिए गए निर्णयों को पंचायत सचिव द्वारा कार्यवाही पंजी में दर्ज किया गया, वहीं बैठक में मुखिया भोला यादव ने कहा कि जीपीडीपी के माध्यम से गांव में सड़क, नाली, पेयजल और शिक्षा स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच सके।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिक्षा ही बिहार की...

विस्तार किया जायेगा। बाहर से भी लोग इसे देखने आयेंगे। कहलगांव के समीप गंगा नदी के किनारे स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बटेश्वर धाम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोप-वे का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर क्षेत्र में दो एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे जिनमें सुल्तानगंज में प्रस्तावित एयरपोर्ट भी शामिल है। इससे क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन और व्यापार को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से डॉक्टर बाहर के अस्पतालों में मरीजों को रेफर नहीं कर पायेंगे। अनुमंडल और जिला के अस्पतालो में ही मरीजों का इलाज होगा। बेवजह मरीजों को रेफर करनेवाले डॉक्टरों पर कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व गोराडीह में नव स्थापित राजकीय महाविद्यालय के पठन-पाठन कार्य का शिलापट अनावरण कर शुभारम्भ किया। मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, सांसद अजय कुमार मंडल, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक रोहित पाण्डेय, विधायक ललित नारायण मंडल, विधायक मिथुन कुमार, विधायक मुरारी पासवान, विधान पार्षद विजय कुमार सिंह, विधान पार्षद डॉक्टर संजीव कुमार सिंह, विधान पार्षद डॉ. एनके यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सह भागलपुर जिले के प्रभारी सचिव दीपक आनंद, जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### दुनिया तक अपनी बात...

प्रोडक्शन, पॉडकास्ट, डिजिटल कंटेंट और मीडिया प्रोडक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का अनुभव देगा। इससे विद्यार्थियों के कौशल का विकास होगा और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि बिहार के उच्च शिक्षा तंत्र में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने माना कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव एक लंबी प्रक्रिया है लेकिन इसे लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। साथ ही छात्रों की शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बाल श्रम उन्मूलन को लेकर ली गई सामूहिक शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** श्रम संसाधन विभाग के दिशा निर्देश पर बुधवार को सोनपे स्थित संयुक्त श्रम भवन में एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। श्रम अधीक्षक सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज से बाल श्रम जैसी कुप्रथा को समाप्त करना था। इस प्रशिक्षण शिविर की एक विशेष बात यह रही कि इसमें भाग लेने वाले प्रत्येक पंचायत के श्रमिकों को उनके समय और सहयोग के लिए एक दिन की मजदूरी के साथ-साथ मार्गव्यय का भी भुगतान किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए श्रम अधीक्षक और विभिन्न प्रखंडों से आए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने विभिन्न श्रम अधिनियमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों को बाल श्रम कानून, बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम और सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के विभिन्न तकनीकी व व्यावहारिक प्रावधानों से अवगत कराया। इसके साथ ही, मंच पर मौजूद वक्ताओं ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों और विशेष रूप से रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने वाले प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी, ताकि श्रमिक वर्ग इनका पूरा लाभ उठा सके।इस अवसर पर शिविर में उपस्थित सभी अधिकारियों, अतिथियों और श्रमिकों ने बाल श्रम को समाज के माथे पर एक कलंक मानते हुए बच्चों से किसी भी प्रकार का काम न लेने और इस सामाजिक कुप्रथा को जड़ से मिटाने का सामूहिक संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह ने पूरी एकजुटता के साथ इस बुराई के खिलाफ खड़े होने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी (जमुई), विभिन्न प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा श्रम विभाग के विशेष लोक अभियोजक शिवदास पंडित ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

# बाल कल्याण योजनाओं की हुई प्रगति समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, सुरक्षा एवं उनके कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में बाल हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा बाल अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बच्चों के सुरक्षित दत्तक ग्रहण, बाल श्रम उन्मूलन, बाल तस्करी की रोकथाम तथा युवाओं में सूखे नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सदस्य द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर '1098' के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नगर परिषद के सभी वाहनों पर इसे अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। वहीं, सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे कानूनी रूप से गोद लेने हेतु मुक्त बच्चों की 'चिकित्सीय जांच रिपोर्ट' समय-सीमा के भीतर तैयार करना सुनिश्चित करें, ताकि दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी हो सके। इसके अतिरिक्त, जिले में गठित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को पूरी सक्रियता के साथ क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रभावी अनुपालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जाए तथा विद्यालय छोड़ चुके (ड्रॉप-आउट) बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षण व्यवस्था से जोड़ा जाए। सभी शैक्षणिक संस्थानों में सूखे नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने तथा बच्चों की शिकायतों व सुझावों के त्वरित निवारण हेतु अनिवार्य रूप से 'शिकायत पेटी' स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

# कहलगांव में आज निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** स्थानीय शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ गुरुवार को निकाली जाएगी। रथयात्रा को लेकर पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल है। मंदिर परिसर एवं रथ को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, वहीं श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन और रथयात्रा में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। इधर आयोजन समिति के मुख्य सदस्य संजीव जायसवाल ने बताया कि कल सुबह भगवान श्री जगन्नाथ का विशेष पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न होगी। इसके उपरांत दोपहर 1:00 बजे से स्थानीय जगन्नाथ स्वामी धर्मशाला में महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा विराजित भव्य रथ नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगा। रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मंदिर समिति तथा स्थानीय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# खैरा को मिली उच्च शिक्षा की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/खैरा।** खैरा प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बुधवार के दिन ऐतिहासिक था। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नवस्थापित डिग्री महाविद्यालय, खैरा में शैक्षणिक गतिविधियों का औपचारिक शुभारंभ हो गया। भागलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से राज्य के 211 नए डिग्री कॉलेजों का उद्घाटन किया, जिसमें खैरा का महाविद्यालय भी शामिल रहा। महाविद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी,




नवीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनंजय कुमार पासवान प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। प्रारंभिक चरण में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन और पढ़ाई शुरू करने की तैयारी की गई है। आगे विश्वविद्यालय एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विषयों और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। वही इस खैरा के बाघाखाड़ में महाविद्यालय के शुरू होने से खैरा, गिद्धौर, लक्ष्मीपुर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। विशेष रूप से छात्राओं को इसका सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि, उपलब्ध सार्वजनिक स्रोतों में खैरा डिग्री कॉलेज की निर्माण लागत (लागत राशि) का आधिकारिक विवरण फिलहाल उपलब्ध नहीं है। सरकार या शिक्षा विभाग द्वारा इसकी अलग से घोषणा होने पर ही इसकी पुष्टि की जा सकेगी।

# गर्भवतियों के लिये प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें कुल 37 गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लडप्रेशर, हिमोग्लोबीन, मूत्र आदि का परीक्षण एलटी पंकज जोशी द्वारा किया गया। सात एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिला एवं एक महिला एचआईवी से ग्रसित पाई गई। इन्हें नियमित जांच कराने, नियमित दवा सेवन करने की सलाह दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवतियों को इस अवस्था में होने वाली रक्त की कमी को पूरा करने के लिए आयरन की गोली के साथ-साथ भोजन में पके पीले फल, हरी पत्तेदार सब्जी, रागी आदि शामिल करने की सलाह दी। सुरक्षित जच्चा, बच्चा हेतु संस्थागत प्रसव कराने की भी सलाह दी। सभी गर्भवतियों को आयरन की गोली, कैल्शियम की गोली सहित अन्य आवश्यक दवा दी गई। मौके पर डा भारती भूषण, एलटी पंकज कुमार जोशी, जीएन एम रवि कुमार, एएनएम राजनंदनी कुमारी, दीपा कुमारी, नंदन, आयुषी, रूपम, मनीषी, मोनी, रिंकी, सावित्री आदि थी।

# आधार केन्द्र बंद रहने से परेशानी

**जमुई/गिद्धौर (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित आधार पंजीकरण केंद्र की लापरवाही से आम लोग परेशान हैं। केंद्र संचालक के मनमाफिक रवैये और बिना सूचना के केंद्र बंद रहने के कारण लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। बुधवार को बिंदु देवी और प्रियांशू कुमार सहित कई लोग आधार बनवाने पहुंचे, लेकिन केंद्र बंद मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 3-4 दिनों से केंद्र लगातार बंद है। फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता।

# उच्च शिक्षा के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा डिग्री कालेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समावेशी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के संचालन से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने निकट ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे उच्च शिक्षा का दायरा विस्तृत होगा, छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ेगा तथा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण को नई दिशा प्राप्त होगी। जिले में आयोजित समारोह का शुभारंभ ओबरा विधायक प्रकाश चंद्रा एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थापित शिलापट्ट का अनावरण किया गया। ओबरा विधायक श्री चंद्रा ने कहा कि राजकीय डिग्री महाविद्यालय, करसांव की स्थापना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह महाविद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं छात्राओं के लिए वरदान सिद्ध होगा, जिन्हें अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरदराज़ के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। इस महाविद्यालय के प्रारंभ होने से क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होगा, युवाओं में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देगा तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन करसांव एवं पूरे औरंगाबाद जिले के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का अवसर है। वहीं मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के पिरवां हाई स्कूल परिसर में बुधवार को नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालय का उद्घाटन डीडीसी कुमारी अनुपम सिंह, डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार एवं सचिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्र ने किया। यह राजकीय डिग्री महाविद्यालय फिलहाल पिरवां हाई स्कूल में संचालित होगा।





# ट्रैक्टर चालक ने युवक को रौंदा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गउरा मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से 21 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गउरा गांव निवासी जयराम यादव के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नीतीश बुधवार की सुबह अपने घर से पैदल पड़ोसी गांव परसावां स्थित जन वितरण प्रणाली की दुकान से राशन लेने गया था। राशन लेकर वह पैदल घर लौट रहा था। जैसे ही वह गउरा मोड़ के पास पहुंचा, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की सहायता से घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।


नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
रामनंदन सर्विस स्टेशन
सिन्दुरिया (बारून) औरंगाबाद
अधिकृत विक्रेता : भारत पेट्रोलियम
हमारे यहां डीजल, पेट्रोल, मोबिल आदि 24 घंटे उपलब्ध है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



स्थान परिवर्तन
गेटवेल जांच घर
ज्ञानपुरी, रोड नंबर-4, नागा बिगहा रोड
औरंगाबाद (बिहार)
मो.-9504210852, 8825186113
डॉ. विनय कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस.
जेनरल फिजिशियन
: मरीज देखने का समय :
सुबह 09 बजे से 02 बजे तक
शाम 05 बजे से 07 बजे तक
रविवार संध्या : 02 बजे तक


# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** टंडवा थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी अमर चौहान उर्फ बिट्टू की 25 वर्षीय पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पति अमर चौहान और उसके पिता तीन वर्षीय मासूम बेटे को साथ लेकर फरार हो गए, जबकि अस्वस्थ सास घर पर ही मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच कराई। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने लोहे के कटर से दरवाजा काटकर शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद आवश्यक साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतका के पिता बिनोद चौहान और मां संगीता देवी जो झारखंड के पलामू जिले के जपला थाना क्षेत्र के खडिहा गांव के रहने वाले है। दहेज़ हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी की शादी वर्ष 2022 में हुई थी और उस समय 11 लाख रूपये नकद तथा करीब पांच लाख रूपये का सामान दिया गया था। इसके बावजूद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नीलम को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का दावा है कि घटना से पहले दामाद ने फोन कर बताया था कि नीलम कमरे में खुद को बंद कर रही है। बातचीत के दौरान उन्हें बेटी की चीख-पुकार और मारपीट की आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद फोन कट गया और दोबारा संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कमरे का रोशनदान टूटा मिला, जिससे घटना को लेकर साजिश की आशंका और गहरा गई है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। फरार पति और ससुर की गिरफ्तारी तथा तीन वर्षीय मासूम बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# एनटीपीसी में मेगा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी नबीनगर द्वारा औद्योगिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डीएम (डिमिनरलाइजेशन) प्लांट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड रिसाव की परिकल्पित स्थिति पर एक व्यापक मेगा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास परियोजना प्रमुख एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) एल. के. बेहेरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जबकि मॉक ड्रिल का संचालन एवं नेतृत्व सीआईएसएफ के उप कमांडेंट रफाकत खान, एनडीआरएफ के उप कमांडेंट कौशल तथा सीआईएसएफ यूनिट बीआरबीसीएल के उप कमांडेंट विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओ एंड एम) अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) मनोरंजन पाणिग्रही सहित मानव संसाधन, चिकित्सा, सुरक्षा तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य रासायनिक आपदा की स्थिति में संयंत्र की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, बचाव एवं नियंत्रण व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन तंत्र की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। इस प्रकार के अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी संबंधित एजेंसियों की परिचालन क्षमता का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभ्यास के दौरान डीएम प्लांट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल) के रिसाव की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। सूचना प्राप्त होते ही संयंत्र की आपातकालीन कार्ययोजना को तत्काल सक्रिय किया गया। मॉक ड्रिल के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में पूरे अभ्यास का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। विभिन्न टीमों के प्रदर्शन, आपातकालीन प्रतिक्रिया समय, समन्वय व्यवस्था तथा संसाधनों के उपयोग की समीक्षा करते हुए भविष्य में आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुझावों पर चर्चा की गई। एनटीपीसी नबीनगर औद्योगिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा कर्मचारियों एवं आसपास के समुदाय की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। नियमित रूप से आयोजित ऐसे मॉक ड्रिल विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने तथा किसी भी रासायनिक अथवा औद्योगिक आपदा की स्थिति में प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




शुभकामनाओं के साथ :



विनीता कुमारी
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समन्वित बाल विकास योजना
औरंगाबाद (बिहार)
बच्चों, गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृतसंकल्पित



बिहार सरकार
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
नि:शुल्क
प्रतिमाह ₹2000/- अनुदान
प्रतिमाह 15 कि०ग्रा० खाद्यान्न
राज्य सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्रावास योजना के तहत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्र/छात्राओं के लिए 100 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास संचालित है, जहां नामांकन की निः शुल्क व्यवस्था है।
छात्रावासों में दी जाने वाली सुविधाएँ -
- निःशुल्क आवासन
- डिजिटल अध्ययन केन्द्र (ऑनलाईन स्मार्ट क्लास)
- पुस्तकालय सुविधा (अखबार, मैगजीन सहित)
- अभ्यास करने हेतु कम्प्यूटर आधारित शिक्षण / टेस्ट, वाई-फाई सुविधा युक्त इंटरनेट
- खेल-कूद सामग्री
- मेस / रसोईया
- 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति
- समय-समय पर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रेरणा एवं मार्ग-दर्शन सत्र का आयोजन
विस्तृत जानकारी हेतु QR CODE स्कैन करें।
PR No.- 007948 (BC & EBC)D. 2026-27



- पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र/छात्राएं जो संबंधित जिले के सरकारी / मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् हैं निर्धारित क्षमता के विरुद्ध इन छात्रावासों में अपना नामांकन करा सकते हैं।
- नये सत्र 2026-27 के लिए नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं विभागीय वेबसाइट https://bcebconline.bihar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- विशेष जानकारी हेतु संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से सम्पर्क अथवा विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।





सिंगल प्लग पॉइंट पर ओवरलोडिंग से बचें!
BIHAR FIRE SERVICE
Buddh marg, Lodipur, Patna, Bihar-800001
Phone : 0612-2330035
@biharfireservicesandhomeguard @Biharfire112
@biharfireservice @Biharfireservicehomeguard
fireservice.bihar.gov.in